* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

04 अगस्त, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 285


कैपिटल हॉस्पिटल को और आधुनिक बनाया जायेगा : मोहन चरण माझी






# राजधानी में अपराधी बेलगाम, डीजीपी सख्त

राजधानी रांची में बेखौफ अपराधियों ने लगातार तीसरे दिन भी रांची पुलिस को चुनौती दी है। इन तीन घटनाओं ने जिले की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। अपराधियों ने कांके रोड में गुरुवार की शाम कांग्रेस नेता को गोली मार दी थी, जबकि शुक्रवार को वकील की चाकू मार कर हत्या कर दी। शनिवार को स्पेशल ब्रांच के एक दारोगा को ही अपराधियों ने देर रात में अपनी गोली का निशाना बना दिया। इन घटनाओं से रांची पुलिस की कार्य शैली उजागर हो गयी है, वहीं डीजीपी ने भी सख्त लहजे में कहा कि कार्यशैली सुधारें या फिर बाहर जाने को तैयार रहें।

## स्पेशल ब्रांच के दारोगा की गोली मार कर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में अपराधियों ने स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की गोली मार कर हत्या कर दी। उनका शव शनिवार की सुबह कांके थाना क्षेत्र में रिंग रोड से बरामद हुआ। वह 2018 बैच के थे। कई अधिकारी रिम्स पहुंचे। डीआइजी अनूप बिरथरे ने बताया कि कांके रिंग रोड स्थित इंडियन ढाबा से लौटते वक्त अनुपम की हत्या की गयी। अपराधियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। अब तक 14 लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना की जांच के लिए एसआइटी का गठन किया गया है। उसे 72 घंटे में मामले का उद्भेदन करने को कहा गया है। हत्याकांड के संबंध में कांके थाना में कांड संख्या 220/2024 दर्ज किया गया है।



**डीजीपी की दो टूक: राजधानी में रहना है, तो कार्यशैली सुधारें :** सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की हत्या की जानकारी मिलते ही डीजीपी अनुराग गुप्ता शनिवार को रिम्स पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी ली और पुलिसकर्मियों से दो टूक कहा कि रांची में रहना है, तो कार्यशैली सुधारें। डीजीपी ने कहा कि अनुपम उनके छोटे भाई की तरह था। बाद में पुलिस लाइन में अनुपम कुमार कच्छप को श्रद्धांजलि दी गयी।

### पार्टी से लौट रहे थे दारोगा

मूल रूप से खूंटी जिला निवासी अनुपम अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने के लिए कांके रिंग रोड स्थित एक ढाबे पर गये थे। रात करीब एक बजे तक पार्टी चली। रात करीब दो बजे अनुपम अपनी बाइक से अकेले निकले। इस दौरान अपराधियों ने अनुपम की गोली मार कर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने उन्हें चार गोली मारी थी। इसके बाद रिम्स में उनके शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## अधिवक्ता हत्याकांड में पुलिस के हाथ अब तक खाली, परिजनों से मिले डीजीपी



**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी के सुखदेवनगर थाना इलाके में सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की हुई हत्या के मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। अधिवक्ता की हत्या शुक्रवार को चाकू घोंप कर हुई थी। शनिवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता अधिवक्ता के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। डीजीपी ने मृतक गोपी बाबू की मां और पत्नी से काफी देर तक बातचीत की और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इस दौरान डीजीपी ने परिजनों से कारण जानने का भी प्रयास किया। डीजीपी ने मीडिया से कहा कि एसएसपी की पूरी टीम जांच में जुटी है। तकनीकी शाखा भी सुराग ढूंढ़ रही है। अपराधियों की पहचान हो गयी है। उनका पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। उम्मीद है कि जल्द अपराधी रांची पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## गोली से घायल पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह की दिल्ली में मौत

**रांची (आजाद सिपाही)।** अपराधियों की गोली से घायल इलाजरत रांची के धुर्वा के पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह की मौत शनिवार को दिल्ली के एम्स में हो गयी। धुर्वा में बीती 7 जुलाई को अपराधियों ने उन्हें गोली मारी थी। उस समय वह चाय की दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन अपराधी वहां आये। एक अपराधी पैदल ही हाथ में देशी कट्टा लिये वेद सिंह के पीछे पहुंचा और उन पर फायरिंग करने लगा। वेद सिंह को तीन गोली लगी और वह वहीं गिर गये। अपराधी वहां से भाग निकले। आनन-फानन में उन्हें पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उन्हें इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया। इस हत्याकांड का मुख्य आरोपित



सत्यम पाठक और धीरज मिश्रा अभी भी फरार हैं। हालांकि रांची पुलिस ने हत्याकांड में शामिल उत्तरप्रदेश के गाजीपुर के रहनेवाले राहुल को जरूर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस जांच में पता चला था कि धीरज मिश्रा का वार्ड पार्षद वेद प्रकाश सिंह से झगड़ा हो गया था। उसके साथ मारपीट की थी और स्कॉर्पियो को भी तोड़ दिया था।

## चंडीगढ़ कोर्ट में निलंबित एआइजी ने आइआरएस दामाद को गोलियों से भूना

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ जिला कोर्ट में शनिवार को अंधाधुंध फायरिंग से सनसनी फैल गयी। यहां पंजाब पुलिस के निलंबित एआइजी मलविंदर सिंह सिद्धू ने अपने दामाद हरप्रीत सिंह पर चार गोलियां चला दीं। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। दोनों परिवारों के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। इसी मामले में दोनों पक्ष शनिवार को चंडीगढ़ फैमिली कोर्ट में पहुंचे थे। मृतक हरप्रीत सिंह आइआरएस थे और कृषि विभाग में तैनात थे। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। हरप्रीत का काफी समय से पत्नी के साथ विवाद चल रहा था। उनके बीच तलाक से पहले समझौते का मामला चंडीगढ़ जिला अदालत के मध्यस्थता केंद्र में चल रहा था। हरप्रीत की पत्नी इस समय विदेश में है और उसकी जगह उसके पिता मलविंदर सिंह सिद्धू अध्यक्षता केंद्र में सुनवाई के लिए पहुंचे थे।

## आमजन को अब इस सरकार से कोई उम्मीद नहीं बची: बाबूलाल

**रांची (आजाद सिपाही)।** दारोगा अनुपम कच्छप की हत्या की सूचना पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रिम्स पहुंचे। डीआइजी अनूप बिरथरे और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा से घटना की जानकारी ली। इसके बाद मरांडी ने मृतक की पत्नी से मिल कर भरोसा दिया कि अपराधी जल्द पकड़े जायेंगे। मौके पर मीडिया से बातचीत में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि घटना दुखद है।



बाद में उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि एक युवा आदिवासी पुलिस अफसर का असमय इस दुनिया से चला जाना अत्यंत दुखद है। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करता हूं और शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि निजी स्वार्थ के लिए राजधानी रांची तक को अयोग्य अफसरों के हवाले कर बारूद के ढेर पर बैठा दिया गया है। अपराधी बेखौफ ढंग से सरेआम वकीलों, पुलिस, बड़े-बड़े प्रतिष्ठान के संचालकों तक की हत्या कर रहे हैं। अपराधियों के सामने घुटने टेक देनेवाली हेमंत सरकार से आम जनता की सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

## मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से 50 लाख महिलाओं को लाभ : सचिव

**पहले दिन आये 2582 आवेदन**

**21 से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा होगी शुरू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से राज्य की 21 से 50 वर्ष की 50 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत प्रत्येक महिला को सरकार एक हजार रुपये प्रतिमाह देगी। वह शनिवार को मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने




बताया कि मंइयां योजना से महिलाओं को आच्छादित करने के लिए मिशन मोड में काम किया जा रहा है। योजना को सफल बनाने के लिए कैंप का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। जैप आइटी द्वारा इस योजना का पोर्टल तैयार किया गया है। पहले दिन 2582 आवेदन प्राप्त हुए हैं। धीमे नेटवर्क के कारण आवेदन अपलोड करने में शुरू में कुछ अड़चनें आयी थीं। उन्हें दूर कर लिया गया है।

सचिव ने बताया कि मंइयां योजना का लाभ वैसी महिलाओं को मिलेगा, जो अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ नहीं ले रही हैं। योजना का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, फोटो युक्त वोटर आइडी कार्ड, आधार लिंक्ड बैंक खाता और झारखंड का निवासी होना जरूरी है।

### पोर्टल के माध्यम से ही होगा सत्यापन

सचिव ने बताया कि आवेदन का सत्यापन पोर्टल के माध्यम से ही होगा। पहले एक घंटे में ही 36 हजार हिट पोर्टल में प्राप्त हुए हैं। इसलिए उम्मीद है कि मंइयां योजना राज्य की महिलाओं के उत्थान में कारगर कदम साबित होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कैंप में आठ सौ से एक हजार लोग आ रहे हैं। साथ ही प्रत्येक जिले में इस योजना की जागरूकता को लेकर रथ रवाना किया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा-निर्देश में विभागीय स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है।

## किसानों को जमीन के डिजिटल पहचान नंबर मिलेंगे : मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आइसीएइ) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत जितना प्राचीन है, उतनी ही प्राचीन कृषि और खाद्य को लेकर हमारी मान्यताएं हैं, हमारे अनुभव हैं। यह सम्मेलन राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र (एनएएससी) परिसर में हो रहा है। यह सम्मेलन दुनिया भर में खेती और उससे जुड़ी समस्याओं और उसके समाधान खोजने के लिए हर तीन साल में आयोजित किया जाता है। भारत में इसका आयोजन 65 साल के बाद किया जा रहा है। पीएम ने कहा कि भारतीय कृषि परंपरा में विज्ञान को प्राथमिकता दी गयी है। हजारों साल पहले हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि सभी पदार्थों में अन्न श्रेष्ठ है। इसलिए अन्न को सभी औषधियों का स्वरूप उनका मूल कहा गया है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना में एक क्लिक से 10 करोड़ किसानों के खाते में रुपये ट्रांसफर हो जाते हैं।


**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
**झारखण्ड सरकार**
कार्यालय– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, विकास, झारखण्ड, राँची।

**आम सूचना**

**शहरी क्षेत्र में घर के प्रांगण में**
**"वृक्ष लगाने पर प्रति वृक्ष 5 यूनिट बिजली फ्री"**

माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन द्वारा शहरी क्षेत्रों के पर्यावरण को स्वस्थ रखने एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु यह घोषणा की है कि शहरी क्षेत्रों (नगर निगम/नगरपालिका) में उन परिवारों को उनके बिजली विपत्र में सरकार प्रति पेड़ पाँच (05) यूनिट बिजली मुफ्त देगी जो इस योजना के अन्तर्गत अपने घर के परिसर में फूलदार, इमारती एवं फलदार वृक्षों को लगाया जायेगा।

**इस योजना के उल्लेखनीय बिन्दु निम्नवत् हैं :-**

1. जब इन वृक्षों की गोलाई 20 से०मी० सीने की ऊँचाई पर हो जाएगी तब से इस योजना के तहत् लाभुक गिने जाएगें।
2. योजना के तहत् लगाये गये वृक्षों का लाभ दो वर्षों के उपरांत देय होगा।
3. यह लाभ सरकारी संस्थानों / सरकारी आवासों / व्यवसायिक प्रतिष्ठानों / उद्योगों /कारखानों इत्यादि की जमीन पर लागू नहीं होगा।
4. अधिकतम 05 वृक्ष प्रति लाभुक के आधार पर यह लाभुक को देय होगा।
5. एक लाभुक के एक प्रांगण में एक ही बिजली मीटर पर इस योजना का लाभ देय होगा।
6. यह लाभ संकल्प निर्गत होने की तिथि से अगले पाँच वर्षों के लिए प्रभावी होगा।
7. जिन लाभुकों को 100 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा प्राप्त है, उन्हें यह सुविधा नहीं मिलेगी।

इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए सम्बंधित नगरपालिका/नगरपरिषद के अंतर्गत विहित प्रपत्र भरकर नगर निकाय को आवेदनकर्त्ता माह फरवरी के अंत तक आवेदन करेंगे। नगरपालिका/नगरपरिष्द द्वारा प्रति वर्ष मार्च माह में शहरी क्षेत्रों में निजी भूमि पर लगाये गये वृक्षों की गणना एवं जाँच प्रतिवेदन लाभुकवार सम्बधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी, प्रादेशिक वन प्रमण्डल को सूचित किया जाएगा। सम्बधित प्रादेशिक वन प्रमण्डलों द्वारा प्रत्येक माह 5 प्रतिशत सैम्पल के आधार पर लाभुकों के वृक्षों की जाँच करायी जायेगी। जाँचोपरांत लाभुकों की सूची तैयार कर प्रत्येक वर्ष के 20 अप्रैल तक सम्बंधित लाभुकों का नाम, पता, वृक्षों की संख्या, बिजली मीटर संख्या के साथ सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि०, राँची को उपलब्ध कराया जाएगा।

**यह सूचना जनहित में जारी !**

ह०/–
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
विकास, झारखण्ड, राँची।

P.R. 331644 (Forest, Environment and Climate Changes) 24-25




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 04 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


# नीतीश-सरयू की जोड़ी से झारखंड में जदयू होगा पुनर्जीवित

## ■ 11 सीटों पर दावेदारी कर विधानसभा चुनाव में जदयू ने पैदा किया नया रोमांच

## ■ आजसू और जदयू से समझौता करना भाजपा के लिए नहीं होगा आसान

**झारखंड में आसन्न विधानसभा चुनाव के लिए जारी राजनीतिक गतिविधियों में से एक महत्वपूर्ण गतिविधि है समीकरण और सीटों का तालमेल। इन समीकरणों में इन दिनों जिस एक समीकरण की सबसे अधिक चर्चा है, वह है निर्दलीय विधायक और भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक सरयू राय का बिहार में सत्तारूढ़ और एनडीए के सहयोगी जदयू के बीच की दोस्ती और फिर इन दोनों का भाजपा-आजसू के साथ सीट शेयरिंग। सरयू राय ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार के साथ बातचीत फाइनल कर ली है। इसके बाद जदयू ने झारखंड की कम से 11 सीटों पर दावेदारी कर दी है। पार्टी ने साफ कर दिया है कि वह एनडीए गठबंधन में रह कर ही चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत जारी है। जदयू ने झारखंड की जिन विधानसभा सीटों पर दावेदारी की है, उनमें से कुछ सीटों पर भाजपा और आजसू के साथ उसका टकराव हो सकता है, लेकिन दोनों पार्टियों को भरोसा है कि यह मसला आसानी से सुलझा लिया जायेगा। उधर सरयू राय भी जदयू की दावेदारी के पक्ष में हैं। वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुराने मित्र हैं और इस बारे में उनसे मिल भी चुके हैं। सूत्रों का दावा है कि जरूरत पड़ने पर सरयू राय अपनी पार्टी भारतीय जनतंत्र मोर्चा का जदयू में विलय कर देंगे। जदयू का कभी झारखंड में अच्छा जनाधार हुआ करता था, लेकिन धीरे-धीरे यह पार्टी नेपथ्य में चली गयी। एक समय जदूये फोल्डर के पांच विधायक थे। उनमें से तीन अब इस दुनिया में नहीं हैं और दो राजनीतिक रूप से बुजुर्ग हो चुके हैं। उसके बाद नीतीश कुमार की झारखंड को लेकर रुचि कम हो गयी और धीरे-धीरे यह पार्टी नेपथ्य में चली गयी। हां, पिछले साल नीतीश कुमार ने जरूर यहां के पूर्व विधायक और जदयू नेता खीरू महतो को बिहार से राज्यसभा में भेज कर पार्टी को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक कदम बढ़ाया था। अब सरयू राय की पहल के बाद जदयू को उम्मीद है कि पार्टी झारखंड में पुनर्जीवित हो जायेगा। अब यह देखनेवाली बात होगी कि जदयू की इस दावेदारी पर भाजपा का क्या रुख होता है। अभी तक भाजपा की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है। लेकिन यह सच है कि सरयू राय के जदयू में जुड़ने और फिर गठबंधन के तहत भाजपा के साथ मिल कर चुनाव लड़ने से झारखंड की कम से कम चार सीटों पर वह अच्छी टक्कर दे सकती है। क्या है सरयू राय-जदयू की दोस्ती का असली समीकरण और झारखंड एनडीए के लिए कैसा हो सकता है यह राजनीतिक समीकरण, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह


झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अब राजनीतिक दल अपने-अपने समीकरण तय करने में लग गये हैं। इन सियासी गतिविधियों के बीच निर्दलीय विधायक सरयू राय और बिहार में सत्तारूढ़ जदयू के बीच की बातचीत के बाद अब यह स्पष्ट हो गया है कि जदयू झारखंड में हर हाल में चुनाव लड़ेगी। पिछले पटना दौरे में सरयू राय और नीतीश कुमार की बातचीत फाइनल हो चुकी है। झारखंड में जदयू को लेकर चर्चा भी होने लगी है। जदयू भी कुछ संभावित सीटों पर अपने योग्य उम्मीदवार की तलाश शुरू कर चुकी है। हालांकि अभी तक भाजपा की तरफ से इस बारे में कोई भी प्रतिक्रिया सामने नहीं आयी है और एक तरह से अभी तक प्रदेश भाजपा इससे अनभिज्ञ है। दूसरी ओर इस संभावित नये समीकरण में कई सवाल उठ रहे हैं, जिनका झारखंड की राजनीति पर दूरगामी असर पड़ने की संभावना है।

### पहले जदयू की दावेदारी की बात

एनडीए के घटक और बिहार में सत्तारूढ़ जदयू ने झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। 2019 में जदयू ने झारखंड में अकेले दम पर 40 और 2014 में 45 सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन तब वह एक भी सीट नहीं जीत सकी थी। इस बार माना जा रहा है कि उसने राज्य की कम से कम 11 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का फैसला किया है। इनमें अधिकांश वही सीटें हैं, जिन पर 2004 में जदयू ने जीत हासिल की थी। इनमें छतरपुर, डाल्टनगंज, तमाड़, बाघमारा और मांडू सीट शामिल हैं। 2009 में जदयू ने तमाड़ और छतरपुर सीट जीती थी। पार्टी बाघमारा, डुमरी और पांकी सीट पर दूसरे स्थान पर रही थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब जदयू की नजर डुमरी, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिम, बड़कागांव और बाघमारा पर भी है। पार्टी जमशेदपुर पूर्वी और जमशेदपुर पश्चिम में सरयू राय की पकड़ को सहारा बनायेगी। जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो के नेतृत्व में प्रदेश के पार्टी नेताओं ने पिछले दिनों नीतीश कुमार से मुलाकात की थी। इस बैठक में खीरू महतो ने 11 सीटों पर दावेदारी करने की बात कही। साथ ही कुरमी समाज को एसटी में शामिल करने की भी मांग रखी। कहते हैं कि नीतीश कुमार ने भरोसा दिया है कि जल्द इस पर केंद्र से बात करेंगे। झारखंड जदयू ने साफ किया है कि वह झारखंड में भी एनडीए फोल्डर में रह कर ही चुनाव लड़ेगा।

### झारखंड में जदयू खोयी जमीन हासिल करना चाहता है

झारखंड जदयू की जमीन भी रही है। बिहार से झारखंड के अलग होने के बाद झारखंड में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में बनी पहली सरकार में जदयू के झारखंड में पांच विधायक होते थे। जदयू विधायक जलेश्वर महतो, स्व रमेश सिंह मुंडा, लालचंद महतो और मधु सिंह तो झारखंड सरकार में मंत्री भी रहे। बाद में झारखंड से जदयू की जमीन खिसक गयी। यही वजह है कि जदयू अब अपना विस्तार करते हुए फिर से झारखंड में भाग्य आजमाना चाहता है।



### क्या है सरयू राय का रुख

इधर जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने पिछले दिनों अपने पुराने मित्र नीतीश कुमार से मुलाकात कर झारखंड विधानसभा चुनाव के बारे में बातचीत की थी। शुरुआत में इस मुलाकात को गैर-राजनीतिक कहा गया, लेकिन अब यह साफ हो गया है कि झारखंड के आसन्न विधानसभा चुनाव में सरयू राय की पार्टी जदयू के साथ मिल कर चुनाव लड़ेगी। जरूरत पड़ने पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा का जदयू में विलय भी हो सकता है। नीतीश कुमार और सरयू राय के बीच बातचीत फाइनल हो चुकी है। हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा अभी नहीं हुई है। सरयू राय मूल रूप से भारतीय जनता पार्टी के नेता रहे हैं। रघुवर सरकार में वह मंत्री भी थे, लेकिन उनसे नहीं पटने के कारण उन्होंने मंत्री पद छोड़ दिया था। उसके बाद रघुवर दास और सरयू राय में राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता इतनी बढ़ गयी कि 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उनका टिकट काट दिया। चूंकि पार्टी में रघुवर दास की ही चलती थी, इसलिए उनके नहीं चाहने पर सरयू राय को टिकट नहीं मिला, तो वह तत्कालीन सीएम रघुवर दास के खिलाफ ही जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय चुनाव लड़े और उन्हें लगभग बीस हजार वोटों से हरा कर काफी सुर्खियां बटोरी थीं। इसे पहले सरयू राय जमशेदपुर पश्चिम से चुनाव लड़ते थे और वे वहां से विधायक भी रहे हैं। उसके बाद वर्ष 2021 में सरयू राय ने भारतीय जनतंत्र मोर्चा नामक पार्टी बनायी। वह नीतीश कुमार के पुराने मित्र हैं। नीतीश ने पहले भी कई बार उन्हें जदयू में शामिल हो जाने का ऑफर किया था, लेकिन वह शामिल नहीं हुए थे। पिछले महीने नीतीश कुमार से उनकी दो बार की मुलाकात के बाद उन्होंने भी संकेत दे दिया है कि सब कुछ ठीक रहा, तो वह अपनी पार्टी का विलय जदयू में कर देंगे। इसमें कोई दो राय नहीं कि सरयू राय के साथ आने से झारखंड में जदयू का जनाधार बढ़ जायेगा और उसे कुछ सीटों पर कामयाबी भी मिल सकती है।

### क्या होगा इस नये समीकरण का असर

यदि इस समीकरण ने आकार ग्रहण कर लिया, तो झारखंड की राजनीति में कई नये समीकरण भी जुड़ेंगे। सवाल उठ रहा है कि यदि जदयू की झारखंड में इंट्री हुई, तो राज्य के सबसे ताकतवर माने जानेवाले कुरमी समुदाय के समर्थन का दावा करनेवाली आजसू पार्टी का क्या रुख होगा, क्योंकि जदयू का झारखंड में जनाधार भी यही समुदाय है। यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि कुरमी वोटों के सहारे लोकसभा चुनाव में तेजी से उभरे खतियानी नेता जयराम महतो भी परिदृश्य में हैं। मतलब आजसू हो या जयराम महतो की पार्टी या फिर नीतीश कुमार की पार्टी हो, सभी लोग कुरमी वोटो पर जोर लगायेंगे। जदयू कुर्मी मतदाताओं में सांसद खीरू महतो के सहाये जनाधार को मजबूत करेगी। संभावना जतायी जा रही है कि जदयू के कुछ पुराने साथी, जो अभी दूसरे दलों में चले गये हैं, जदयू उनसे संपर्क में हैं और वे शामिल भी हो सकते हैं।

### क्या है झारखंड में कुरमी फैक्टर

झारखंड में कुरमी वोटों का प्रतिशत 20 के आसपास है। अभी तक कुरमी वोटों पर झारखंड में सुदेश महतो का बड़ा अधिकार माना जाता था और उसके बाद भाजपा उसमें पैठ रखती थी, लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव में जयराम महतो की पार्टी जेबीकेएसएस ने कुर्मी वोटरों में अच्छी-खासी सेंध लगा दी है। टुंडी, डुमरी, बेरमो और गोमिया में तो जयराम महतो की पार्टी ने दूसरे दलों को पानी पिला दिया। अब अगर कुरमी वोट में जदयू भी सेंध लगाता है, तो निश्चित रूप से आजसू की राजनीतिक जमीन कुछ कमजोर होगी और यह आजसू के लिए चिंता की बात हो सकती है। इसमें कई सीटों पर जदयू के साथ-साथ जयराम की पार्टी से भी उन्हें निबटना होगा। ऐसे में अब सवाल उठता है कि इन तीन ध्रुवों के बीच भाजपा अपना संतुलन कैसे साधेगी।

### भाजपा कैसे साधेगी संतुलन

अभी एनडीए में आजसू ही भाजपा के साथ है। वैसे कागज-कलम में एनसीपी के कमलेश सिंह भी एनडीए खेमे में हैं, लेकिन अभी तक वह भाजपा के किसी भी आंदोलन में साथ नहीं आये हैं। अभी विधानसभा के मानसून सत्र में एनडीए ने हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जो आंदोलन चलाया, उसमें कमलेश सिंह कहीं नजर नहीं आये। वह न धरना में शामिल हुए और न ही प्रदर्शन में। जाहिर है, जदयू के साथ अगर भाजपा का किसी तरह का तालमेल आकार लेता है, तो उसमें एक-दो सीटें ऐसी हैं, जहां फिलहाल आजसू मजबूत है और समझौते में वे सीटें आजसू को मिलती रही हैं। अगर जदयू उन सीटों पर दावा करता है, तो आजसू के साथ तालमेल में कुछ अड़चन आ सकती है। लेकिन यह सब समय के गर्भ में है।

### जदयू को नजरअंदाज करना होगा मुश्किल

भाजपा को चूंकि इस बार लोकसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत नहीं मिला है और केंद्र में एनडीए सरकार बनाने में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू का बहुत बड़ा योगदान है, ऐसे में नीतीश कुमार अगर भाजपा से झारखंड में कुछ सीटें मांगते हैं, तो उनकी मांग को ठुकराना भाजपा के लिए आसान नहीं होगा। नीतीश कुमार अगर जिद पर आयेंगे, तो समझौता करना ही होगा। इसे देखते हुए ऐसा लगता है कि भाजपा इस बार झारखंड के पिछले विधानसभा चुनावों की तरह जदयू को नजरअंदाज नहीं कर सकेगी। ऐसे में जदयू और आजसू के साथ तालमेल होने पर भाजपा को कुछ सीटों पर कुर्बानी देनी पड़ सकती है। इनमें जमशेदपुर पूर्वी, बाघमारा और बरकट्ठा सीटें ऐसी हैं, जहां जदयू चुनाव लड़ना चाहेगा और भाजपा के सामने चुनौती आयेगी।

---

## पोटका विधानसभा क्षेत्र की हवा में तैर रहा लाख टके का सवाल

# संथाल वोटर अधिक, फिर भी भूमिज प्रत्याशी को ही जिताऊ मानते हैं झामुमो और भाजपा

- पूछ रहा है पोटका, क्या इस बार बदलेगी राजनीतिक अवधारणा
- क्या संथाल प्रत्याशी उतारने का साहस करेंगे हेमंत या बाबूलाल
- कायम है महावीर मुर्मू, बारी मुर्मू और होपना महाली की आस


संजीव सरदार, विधायक


महावीर मुर्मू, झामुमो


लव सरदार, झामुमो


मेनका सरदार, भाजपा


गणेश सरदार, भाजपा


होपना महाली, भाजपा


मनोज सरदार, भाजपा


राजू सरदार, भाजपा


बारी मुर्मू, भाजपा

अरुण सिंह

**पोटका/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** ज्यादातर देखा गया है कि राजनीति धारणा पर चलती है। और इसका एक प्रत्यक्ष प्रमाण है पोटका विधानसभा क्षेत्र। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिला एवं जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र में स्थित इस विधानसभा क्षेत्र की चुनावी राजनीति भूमिज जनजाति समाज के नेताओं के इर्द-गिर्द ही घूमती है। 1952 से लेकर अब तक यहां के विधायक की कुर्सी पर भूमिज/सरदार जाति के प्रतिनिधियों का ही कब्जा रहा है। कांग्रेस के सनातन माझी एवं रसराज टुडू इस मामले में अपवाद रहे हैं। हालांकि इस सीट पर कृष्णा मार्डी, सूर्य सिंह बेसरा सरीखे बड़े चेहरे भी भाग्य आजमा चुके हैं। यह बात अलग है कि तब उन्हें सफलता नहीं मिल पायी। इस क्रम में सबसे खास बात यह है कि पोटका विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में रुचि रखने वाले तमाम लोग भली-भांति जानते-समझते हैं कि इस विधानसभा क्षेत्र में भूमिज की अपेक्षा संथाल वोटरों की संख्या ज्यादा है। भूमिज मतदाताओं की संख्या 55 से 60 हजार है, तो संथाल वोटर लगभग 75 हजार हैं। बावजूद इसके पिछले कई चुनावों से एक धारणा बनी हुई है कि पोटका से चाहे लड़े कोई भी पार्टी, लेकिन भूमिज प्रत्याशी की ही विजय पताका लहरायेगी।

लेकिन इस बार पोटका में चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे झामुमो के विधायक संजीव सरदार, भाजपा से तीन दफा विधायक रह चुकीं मेनका सरदार, गणेश सरदार, लव सरदार, राजू सरदार, मनोज कुमार सरदार, कांग्रेस के सुबोध सरदार आदि नाम तो चर्चा में हैं ही, इसके अलावा संथाल समाज से बारी मूर्मू (भाजपा) एवं महावीर मुर्मू (झामुमो) का नाम प्रमुखता से उभर कर सामने आ रहा है। बारी मुर्मू लगभग 25-30 वर्षों से भाजपा की राजनीति में सक्रिय हैं। भाजपा महिला मोर्चा की 2007 से 2013 तक जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। फिलवक्त वह पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद की अध्यक्ष हैं। इस क्रम में खास बात यह भी है कि इस बार लोकसभा चुनावी दौरे के क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाटशिला आये थे, तब मंच संचालन का मौका पार्टी ने बारी मुर्मू को ही सौंपा था। इसी तरह महावीर मुर्मू झामुमो के चर्चित युवा नेता हैं। पार्टी की केंद्रीय कार्यसमिति में भी शामिल रह चुके हैं। महावीर लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक थे, लेकिन अंतिम समय में काफी खींचतान के बाद झामुमो ने बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती को मैदान में उतार दिया। बहरहाल, वह अब विस चुनाव की तैयारी में हैं। भाजपा और झामुमो के इन दोनों ही संथाल चेहरों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व ने मौका दिया, तो वे बेहतर परिणाम निकाल सकते हैं।

इसके अलावा भाजपा के पुराने नेता हैं होपना महाली। 30 साल से ज्यादा समय से पार्टी में विभिन्न पदों की जिम्मेदारी संभालने का अवसर इन्हें संगठन ने दिया है। खुद भी मुखिया रहे और अपने बाद पत्नी को मुखिया बनवाने में सफल रहे हैं। होपना महाली का कहना है कि चुनाव लड़वाकर दूसरों को विधायक-सांसद बनवाने का ढेरों अनुभव प्राप्त कर लिया हूं। अब विधानसभा चुनाव में पार्टी नेतृत्व उन्हें मौका दे। इसी तरह, राजू सरदार भी भाजपा से टिकट की उम्मीद में हैं। वह भाजपा से जेवीएम में गये, बाबूलाल मरांडी ने टिकट दिया, तो विस का चुनाव भी लड़े, लेकिन तब जीत हासिल नहीं सकी थी। अब भाजपा में हैं, सांसद प्रतिनिधि हैं और चुनावी रण में कूदने को पूरी तरह तैयार मानते हैं अपने को। इसके अलावा मनोज कुमार सरदार ने भी भाजपा से टिकट की चाहत लगा रखी है। इनकी पत्नी जिला परिषद की सदस्य निर्वाचित हुई हैं। मनोज पूर्व विधायक हाड़ीराम सरदार के पुत्र हैं। मेहनती एवं स्वच्छ छवि के मनोज भी मानते हैं कि पार्टी ने मौका दिया, तो सीट जीत लेंगे। इसी तरह भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर सचिव गणेश सरदार भी विस चुनाव में मौके की तलाश में हैं। मुखिया और मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। तेज-तर्रार एवं लड़ाकू युवा नेता हैं गणेश। मुखिया का चुनाव जीतने से पहले तक पत्रकारिता में भी सफलतापूर्वक हाथ आजमा चुके हैं। पोटका के ही झामुमो नेता लव सरदार अपनी पत्नी को जिला परिषद का चुनाव जिताकर अपने चुनावी कौशल का प्रदर्शन कर चुके हैं। इन्हें भी उम्मीद है कि पार्टी इस बार विस चुनाव में इन्हें आजमा सकती है।

गौरतलब है कि पोटका के वर्तमान विधायक हैं संजीव सरदार। 2014 में पहली बार टिकट मिला। वह भाजपा की मेनका सरदार से पराजित हुए, लेकिन 2019 में दुबारा मौका हाथ लगा, तो भाजपा को पटखनी देकर विधानसभा पहुंचने में कामयाब हो गये। झामुमो का केंद्रीय नेतृत्व अपने सीटिंग विधायक का टिकट काटकर किसी अन्य नेता-कार्यकर्ता को आजमायेगा, इसकी उम्मीद तो कम ही है। लेकिन राजनीति में उम्मीद जमाये रखना कोई बुरी बात नहीं। यह पूरी तरह पार्टी नेतृत्व पर निर्भर है कि किसे उतारा जायेगा चुनावी मैदान में। इसी तरह पहले निर्दलीय और फिर भाजपा के टिकट पर पांच दफा चुनाव लड़ कर तीन बार विधायक रह चुकी हैं मेनका सरदार। पार्टी एक बार फिर इन्हें अवसर देगी या कैंडिडेट बदला जायेगा, यह भविष्य के गर्भ में है। मेनका सरदार जुलाई के मध्य में दिल्ली जाकर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष से मुलाकात करके अपना पक्ष रख चुकी हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.6 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.29 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.20 बजे |

## सीएम से मिला वित्तरहित मोर्चा का शिष्टमंडल, मिला आश्वासन

# मांगें जायज, जल्द होगी कार्रवाई: हेमंत

### पोशाक, किताब, छात्रवृत्ति, साइकिल देने पर भी फैसला जल्द: मंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** वित रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा का शिष्टमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला और अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया, वार्ता की। विधायक अनुप कुमार सिंह, दीपिका पांडेय सिंह, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के नेतृत्व में मोर्चा ने सीएम को वित रहित संस्थाओं के शिक्षाकर्मियों को राज्य कर्मी का दर्जा देने की मांग की। साथ ही महंगाई को देखते हुए अनुदान की राशि में 75 प्रतिशत वृद्धि की बात उठायी। अनुदान की राशि सीधे शिक्षक कर्मचारियों के खाते में भेजने, इंटरमीडिएट के नामांकन में पूर्व की निर्धारित सीट को यथावत रखने, स्कूल-इंटर कॉलेज में बच्चों के ड्रेस, छात्रवृत्ति, किताब और साइकिल देने की मांग उठायी। मोर्चा के रघुनाथ सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मोर्चा की मांगों को ध्यान से पढ़ा और कहा कि राज्य कर्मी का दर्जा देने का और समान काम के लिए समान वेतन देने के सदन में दिये गये आश्वासन पर कार्रवाई होगी। अनुदान की राशि बढ़ाने के प्रस्ताव को कैबिनेट में लाया जायेगा। अनुदान की राशि सीधे शिक्षक कर्मचारियों के खाते में भेजने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मांग जायज है। इस पर कार्रवाई होगी।

इंटर कॉलेज में नामांकन को पूर्व की भांति यथावत रखने के मोर्चे की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मामला संज्ञान में है। इस पर जल्द ही निर्णय लेंगे। इसी बीच शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम मुख्यमंत्री के पास पहुंचे और मोर्चा के प्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री से सरकारी स्कूल के बच्चों के समान पोशाक, छात्रवृत्ति, साइकिल, किताब देने के मांग पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि अनुदानित स्कूल-इंटर कॉलेज के बच्चों को यह सुविधा देने की कार्रवाई चल रही है। इस पर जल्द ही निर्णय ले लिया जायेगा। कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और बंधु तिर्की ने कहा कि वित्त रहित शिक्षकों का मामला बहुत दिनों से लटका है। इसका समाधान जरूरी है। मुख्यमंत्री ने मोर्चा के ज्ञापन पर आवश्यक कार्रवाई के लिए आप्त सचिव को आदेश दिया।

**शिष्टमंडल में शामिल**

मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल में रघुनाथ सिंह, अरविंद सिंह, संजय कुमार, मनीष कुमार, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, प्राचार्य संजय कुमार सिंह, पीके सिंह थे।

# पांच करोड़ की ब्राउन शुगर बरामद, पांच गिरफ्तार

## अनगड़ा थाना के हेसल गांव में ब्राउन शुगर बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी/अनगड़ा।** खूंटी पुलिस ने रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र के हेसल गांव में ब्राउन शुगर बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में खूंटी के मारंगहादा थानांतर्गत बिचागुटू गांव के सनिका पाहन (27 वर्ष), चतरा जिले के इटखोरी थानांतर्गत नगवा गांव के तुलेश्वर कुमार (26 वर्ष), वीरेंद्र कुमार दांगी(28 वर्ष), रवि दांगी तथा हजारीबाग जिला के चौपारण थानांतर्गत जोकट गांव के उमेश कुमार दांगी उर्फ साजन कुमार (24 वर्ष) शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर रांची के अनगड़ा थानांतर्गत हेसल गांव में आरोपित द्वारा संचालित ब्राउन शुगर बनाने की फैक्ट्री का खुलासा करते हुए लगभग ढाई किलोग्राम ब्राउन शुगर, साढ़े छह किलोग्राम से अधिक अफीम, नगद 15 लाख 14 सौ रुपये, पांच मोबाइल, एक क्रेटा कार (जेएच 01इके-6290) के अलावा ब्राउन शुगर बनाने के प्रयोग में आनेवाली दो मशीन, गैस चूल्हा, गैस सिलिंडर सहित बड़ी मात्रा में अन्य सामान बरामद किये हैं। खूंटी पुलिस ने पहली बार इतनी मात्रा में ब्राउन शुगर और अफीम बरामद की है, जिसकी की अनुमानित मूल्य लगभग पांच करोड़ 29 लाख रुपये है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने शनिवार शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि दो अगस्त की रात में पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर खूंटी-तमाड़ मुख्य पथ पर हूंट गांव के पास एंबुश लगाकर अफीम की खरीद-बिक्री करने आये उक्त क्रेटा कार में सवार आरोपित तुलेश्वर कुमार, वीरेंद्र कुमार दांगी और उमेश कुमार दांगी के साथ ही सनिका पाहन को घेराबंदी कर पकड़ा गया। मौके पर कार से भारी मात्रा में अफीम, ब्राउन शुगर, नगद राशि और अन्य सामान बरामद किये गये। इस संबंध में आरोपितों से पूछताछ करने पर रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र के हेसल गांव में अफीम से ब्राउन शुगर बनाने की जानकारी मिली, तो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हेसल गांव में छापामारी कर ब्राउन शुगर फैक्ट्री का उद्भेदन किया। गिरफ्तार उक्त चारों आरोपितों के बयान के आधार पर रवि दांगी नामक एक अन्य आरोपित को इटखोरी थाना के नगवा स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस को बताया कि विगत कुछ माह से हेसल गांव में अफीम से ब्राउन शुगर बनायी जा रही थी। इसके लिए खूंटी, तमाड़, चतरा आदि जगहों से अफीम की खरीदारी की जाती थी। खूंटी एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित छापामार टीम में अड़की थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव, अड़की थाना के एसआइ कुंदन कुमार, जय कुमार, राजीव कुमार तुरी और मनीष कुमार, आरक्षी हाफिज अंसारी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।

**वृष** कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

**मिथुन** कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी व किसी विशेष इच्छा पूरी होगी।

**कर्क** शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे,खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

**सिंह** राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

**कन्या** प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे।

**तुला** सम्पति सम्बन्धी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा,कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक** नये-नये लोगों से सम्पर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी, वाणिज्य-व्यवसाय में लाभ होगी।

**धनु** आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे,नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।

**मकर** अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी,गृह-भूमि-वाहन का सुख।

**मीन** लम्बित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है ।

# सिविल कोर्ट में न्यायिक कार्य ठप

## वकील के आश्रितों के लिए मांगा एक करोड़ मुआवजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण उर्फ गोपी बाबू की दिनदहाड़े नृशंस हत्या से आक्रोशित अधिवक्ता शनिवार को भी न्यायिक कार्य में हिस्सा नहीं लिये। इधर झारखंड स्टेट बार कौंसिल ने अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की हत्या की घटना को गंभीरता से लिया है। स्टेट बार कौंसिल के चेयरमैन राजेंद्र कृष्णा ने इस हत्याकांड में शामिल अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही अधिवक्ता के आश्रितों को एक करोड़ मुआवजा देने की भी मांग की है। उन्होंने कहा है कि अगर जरुरत पड़ी तो पूरे राज्यभर में एक वृहद आंदोलन चलाकर अधिवक्ताओं की सुरक्षा की मांग की जायेगी। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री और हाइकोर्ट एक्टिंग चीफ जस्टिस से भी हस्तक्षेप करने की मांग की। इधर, शनिवार को दिन के 10.30 बजे आपात बैठक हुई। इसके बाद दिवंगत अधिवक्ता गोपी कृष्णा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखा। शोक सभा में काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित हुए और घटना के प्रति निंदा व्यक्त की।

### विधायक सीपी पहुंचे मृतक अधिवक्ता के घर, दी सांत्वना



रांची (आजाद सिपाही)। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सरकार ने झारखंड को जंगल राज्य का पर्याय बना दिया है। निक्कमी सरकार और पुलिस की अकर्मण्यता के कारण जनता की सुरक्षा भगवान भरोसे है। स्पेशल ब्रांच के दारोगा और सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपी कृष्णा की निर्मम हत्या इसका उदाहरण है। जब कानून के रखवाली पुलिस, न्याय दिलाने वाले वकील ही सुरक्षित नहीं हैं, तो भला आम जनता को कौन सुध ले। शनिवार को विधायक सीपी सिंह मधुकम, महुआ टोली में रहनेवाले मृत अधिवक्ता गोपी कृष्ण के घर जाकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। कहा कि इस दु:ख की घड़ी में भाजपा परिवार उनके परिजनों के साथ खड़ा है। ईश्वर आत्मा को शांति और उनके परिजनों को दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करे।

# वर्तमान सरकार में विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका भी सुरक्षित नहीं : बाउरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वर्तमान सरकार में विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका कोई भी सुरक्षित नहीं है। राज्य की चरमरायी विधि-व्यवस्था पर चिंता जतायी। बताया कि दो दिन में ही एक दारोगा की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। अधिवक्ता गोपी कृष्णा की चाकू मार कर हत्या कर दी गयी। वहीं एक जनप्रतिनिधि वेद प्रकाश की मृत्यु हो गयी, जिन्हें कुछ दिन पहले अपराधियों ने गोली मार दी थी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य में अभी तक इस सरकार के कार्यकाल में सात हजार से अधिक महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया। सरकार आदिवासी छात्रों पर लाठियां चलवाने से भी परहेज नहीं कर रही है, क्योंकि उन्हें राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए जगह तैयार करनी है। वहीं हर दिन पांच हत्याएं हो रही है, लेकिन लोकतंत्र के मंदिर विधानसभा में मुख्यमंत्री ने अंतिम भाषण में विधि-व्यवस्था पर एक शब्द तक नहीं कहा।

### विपक्ष ने जवाब मांगा, तो कर दिया गया सस्पेंड

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पांच वर्ष में बालू, खनिज, पहाड़, जमीन आदि को लूटने का काम सरकार ने किया। जब विपक्ष ने सदन में जवाब मांगा, तो विपक्ष के 18 विधायकों को निलंबित कर दिया गया। सदन के अध्यक्ष पार्टी कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं और एक विधायक के प्रस्ताव को मानते हुए भाजपा के 18 विधायकों को निलंबित कर देते हैं, जो असंवैधानिक है। इसलिए भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है। मौके पर योगेंद्र प्रताप सिंह, तारिक इमरान उपस्थित रहे।

# झारखंड को इस्लामिक स्टेट बनाने पर तुली है सरकार: बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में हो रहे जबरन धर्मांतरण की वारदातों पर राज्य सरकार पर हमला बोला। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड में दलित समुदाय का उत्पीड़न चरम पर पहुंच चुका है। बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान की दुहाई देनेवाले वाले और उनकी कांग्रेस पार्टी दलितों पर हो रहे अत्याचार पर चुप्पी साधे हुए है। कांग्रेस-झामुमो की सरकार झारखंड को इस्लामिक स्टेट बनाने पर तुली है। कहा कि गिरिडीह जिले के धनवार प्रखंड में एक दलित महिला और उसके पति के साथ मारपीट, अभद्रता करते हुए जबरन इस्लाम धर्म कबूल करने का दबाव बनाया गया। जब महिला ने शिकायत दर्ज करायी, तो मुखिया पति शाहबान अंसारी ने दलित महिला पर जबरन सुलहनामा दाखिल करने का दबाव बनाया। साथ ही सामाजिक दंड देने और सरकारी योजनाओं का लाभ रोकने की धमकी दी। कहा कि झारखंड में दलित-आदिवासियों का धर्मांतरण कर उनका अस्तित्व मिटाने की साजिश चल रही है। बांग्लादेशी घुसपैठिये झामुमो-कांग्रेस सरकार के संरक्षण में ऐसी साजिशों को अंजाम दे रहे हैं।

### आलमगीर आलम की जमानत पर 7 को सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत पर विशेष कोर्ट में वकीलों के कार्य बहिष्कार के कारण शनिवार को सुनवाई नहीं हो पायी। अब कोर्ट 7 अगस्त को जमानत अर्जी पर सुनवाई होगी। आलमगीर आलम को इडी ने पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था। इस केस में आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। इनके ठिकाने से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपये से ज्यादा नकद राशि बरामद की थी।

# राज्य सरकार ने अपराधियों के सामने घुटने टेक दिये : दीपक प्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** दारोगा और वकील की हत्या पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार की लचर कानून व्यवस्था पर कठघरे में खड़ा किया। श्री प्रकाश ने कहा कि राज्य की राजधानी में कोई सुरक्षित नहीं है। सरकार की लचर कानून व्यवस्था के कारण बेखौफ होकर अपराधी अपराध को अंजाम दे रहे हैं। राज्य की हेमंत सरकार में आज पुलिस, वकील, अधिकारी, महिला कोई भी सुरक्षित नहीं है।

सरकार ने पुलिस को वसूली में लगा दिया है। इसका नतीजा है कि अपराधी हत्या, बलात्कार, लूट, छिनतई को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे राज्य सरकार ने अपराधियों के सामने घुटने टेक दिये हैं। श्री प्रकाश ने कहा कि राज्य के आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में एक-एक कर कई आदिवासी युवाओं की हत्या की जा रही है। मुख्यमंत्री चुप हैं। इससे पहले रांची की महिला दरोगा संध्या टोपनो, दुमका की महिला थाना की एक अधिकारी रूपा तिर्की, एक युवा आदिवासी सुभाष मुंडा के रुप में आदिवासी युवाओं को खो चुके हैं।

# रायपुर-धनबाद इकोनॉमिक कॉरिडोर पर खर्च होंगे 130 करोड़

### छत्तीसगढ़ से गुमला तक 32 किमी ग्रीनफील्ड फोरलेन को मंजूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** छत्तीसगढ़ के पत्थलगांव से झारखंड के गुमला तक फोरलेन ग्रीनफील्ड रोड निर्माण की मंजूरी मिल गयी है। भारत सरकार ने रायपुर-धनबाद आर्थिक कॉरिडोर के तहत बन रहे हाइ स्पीड रोड के अंतिम सेक्शन के निर्माण की भी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस सड़क को 1300 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जायेगा।

पहले से रांची से पलमा-गुमला रोड और रांची के ओरमांझी-बोकारो-धनबाद तक की सड़क निर्माण का काम चल रहा है। इसमें दो सेक्शन का काम भी पूरा हो गया है। अब आखिरी चरण छत्तीसगढ़ के पत्थलगांव से गुमला तक की फोरलेन रोड बनाने की स्वीकृति दी गयी है। हालांकि रायपुर धनबाद इकोनामिक कॉरिडोर में 4,473 करोड रुपये खर्च आ रहे हैं।

एनएचएआइ के अधिकारियों ने बताया कि यह सड़क 32 किमी लंबी है, जो पूरी तरह से ग्रीनफील्ड बनेगी। यह गुमला के लिए रिंग रोड के तहत काम भी करेगी। भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर-धनबाद आर्थिक गलियारा का निर्माण कराया जा रहा है। पत्थलगांव से गुमला तक की इस सड़क निर्माण के लिए जमीन आदि भी चिह्नित कर लिया गया है। इसका अधिकांश हिस्सा छत्तीसगढ़ में ही पड़ रहा हैए गुमला में रिंग रोड के तहत यह सड़क बनेगी। इससे शहर के वाहनों का जाम भी काफी कम होगा। पहले गुमला बाइपास से ही इसका एलाइनमेंट था, लेकिन बाद में जमीन और फॉरेस्ट का कुछ अड़चन आने की वजह से इसका एलाइनमेंट बदल गया और अब गुमला के विलेज भरदा से यह रोड गुजरेगी, जो चांदली होते हुए छत्तीसगढ़ सीमा में प्रवेश करेगी।

### विकास का द्वार खोलेगी यह सड़क

रायपुर-धनबाद आर्थिक गलियार सिंगल कॉरिडोर के तहत काम करेगा। यह राज्यों के पिछड़े इलाकों को प्रमुख शहरों से जोड़ने का काम करेगा। यह न सिर्फ स्वास्थ्य सुविधा के लिए अस्पतालों तक पहुंच बल्कि स्कूल-कॉलेज, बाजार तक आने जाने में भी बड़ी भूमिका निभायेगा। कॉरिडोर निर्माण से पूरे क्षेत्र का विकास भी होगा।

## राहुल चौधरी बने भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष



रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने भाजपा नेता राहुल कुमार चौधरी को भाजपा युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पूर्व चौधरी महानगर अध्यक्ष रांची गो संवर्धन प्रकोष्ठ, महानगर अध्यक्ष जल प्रबंधन प्रकोष्ठ, रांची महानगर प्रवक्ता और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रह चुके हैं। इनके प्रदेश युवा मोर्चा उपाध्यक्ष बनने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह, मुकेश मुक्ता, ओम प्रकाश, प्रेम वर्मा शहीद कई नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया।


**RANCHI UNIVERSITY RANCHI**

**NOTICE**

This is for information of all the eligible applicants for the posts of **Assistant Professor** on contractual basis in Vocational Courses vide advertisement nos **RU/CVS/5509/2024 dt.14.03.2024** and **RU/CVS/5508/2024 dt.14.03.2024**, the date/time of verification of documents and Interview given here under:

| Date | Time | Courses/Subject |
|---|---|---|
| 10.08.2024 | 11.00 A.M onwards | B.Ed. (Physical Science), Archaeology Museology, Jyotir Vigyan, Film Studies & Production |
| 12.08.2024 | 11.00 A.M onwards | MCA, BBA, P.G.D.G. and Counseling |
| 13.08.2024 | 11.00 A.M onwards | BCA, Rural Development, Public Administration, Fashion Designing |

For further details please visit Ranchi University Website **www.ranchiuniversity.ac.in.**

**Venue :-**
**Malviya Mission Teachers Training Center**
**R.U Campus, Morabadi, Ranchi.**

Memo No. : RU/CVS/5546/2024
Dated : 03.08.2024

By Order of the Vice-Chancellor
Sd/- Registrar
Ranchi University, Ranchi






# आकार ले रहा संजय सेठ की सबसे बड़ी लाइब्रेरी का सपना

## केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने निर्माणाधीन लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

- 2025 तक पूर्ण होगी लाइब्रेरी
- 5000 लोग एक साथ बैठकर कर सकेंगे अध्ययन
- इ-लाइब्रेरी और योग हॉल के साथ कैफेटेरिया की भी सुविधा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयास से 68 करोड़ की लागत से बनने वाली लाइब्रेरी का कार्य चल रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड की सीएसआर निधि से इसके निर्माण को स्वीकृति दिलायी थी। इसके बाद मोरहाबादी रांची विश्वविद्यालय परिसर में इसका निर्माण आरंभ हुआ। लाइब्रेरी निर्माण का निरीक्षण शनिवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। इस दौरान उनके साथ विधायक समरी लाल और कुलपति अजीत कुमार सिन्हा भी मौजूद थे। रक्षा राज्य मंत्री ने लाइब्रेरी की जानकारी ली। कुलपति ने बताया कि 2025 तक यह लाइब्रेरी पूर्ण हो जायेगी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि रांची में एक बड़ी लाइब्रेरी हो, यह सपना था। यह सपना मूर्त रूप ले रहा है। यह लाइब्रेरी पूर्वी भारत की सबसे बड़ी लाइब्रेरी होगी, जहां एक साथ पांच लोग बैठ कर अध्ययन के साथ विभिन्न विषयों पर परिचर्चा कर सकेंगे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने लाइब्रेरी के निर्माण को स्वीकृति प्रदान करने के लिए विशेष रूप से तत्कालीन कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी के प्रति आभार जताया। यह लाइब्रेरी तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगी, जहां कैफेटेरिया भी होगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र को नया मुकाम देने में रांची की यह लाइब्रेरी मिल का पत्थर साबित होगी।

### लाइब्रेरी में होगी यह सुविधा

- लाइब्रेरी जी प्लस फाइव होगी, जहां 6 बड़े लिफ्ट होंगे।
- लाइब्रेरी के ग्राउंड तल पर कैफेटेरिया, पार्किंग, किचेन प्रथम तल पर एडमिन एरिया, ऑफिस मीटिंग रूम के साथ मल्टीपर्पज हॉल
- द्वितीय तल पर 510 सीट का रीडिंग हॉल और 83 सीट की इ-लाइब्रेरी होगी। परिचर्चा कक्ष होगा।
- तृतीय तल पर 510 लोगों के लिए रीडिंग हॉल और 83 लोगों के लिए इ-लाइब्रेरी की सुविधा
- चौथे तल पर 499 लोग बैठकर पढ़ सकेंगे
- पांचवें तल्ले पर 199 लोगों के बैठकर पढ़ने की व्यवस्था
- इसी तल पर दो योग हॉल होगा
- ऊपरी तल्ले पर 90 लोगों का खुला रीडिंग एरिया

# पत्रकार, नेता, वकील और दारोगा असुरक्षित

राज्य में शीघ्र लागू हो राष्ट्रपति शासन: लक्ष्मण सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रातू।** समाजसेवी लक्ष्मण सिंह ने कहा कि राजधानी में पत्रकार, नेता, वकील और दारोगा बिल्कुल असुरक्षित हो गये हैं। अपराधियों को सरकार का संरक्षण मिल रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसके बावजूद चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ते हालात को देखते हुए राज्यपाल राष्ट्रपति शासन के लिए केंद्र से सिफारिश करें। लक्ष्मण सिंह ने 28 जुलाई की शाम हुरहुरी में पत्रकार शेख मुजीबुल के परिजनों पर हुए हमले और दुकान में तोड़फोड़, 30 को कांग्रेस नेता, 1 अगस्त को सुखदेव नगर में वकील और 2 अगस्त की रात स्पेशल ब्रांच में पोस्टेड 18 बैच के सब इंस्पेक्टर की गोली मारकर हत्या की गिनती गिनायी और सरकार को कठघरे में खड़ा किया।


# सेना भर्ती में चतरा-धनबाद के युवाओं ने लिया हिस्सा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेना भर्ती रैली में आठवें दिन शनिवार को चतरा और धनबाद के युवाओं ने अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिए बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। अभ्यर्थी खेलगांव स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए। जांबाज युवाओं ने जोश और जुनून के साथ अग्निवीर जीडी श्रेणी में वर्षा के बावजूद उपस्थित हुए। सेना भर्ती प्रक्रिया सिर्फ निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ की जाती है। एक उम्मीदवार सिर्फ मेहनत और प्रयास के जरिये ही चयनित हो सकता है।

# इवीएम-वीवीपैट के प्रथम स्तरीय निरीक्षण पर कार्यशाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, उप निर्वाचन पदाधिकारियों और एफएलसी सुपरवाइजर के लिए इवीएम-वीवीपैट के प्रथम स्तरीय निरीक्षण के लिए श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

के रवि कुमार ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य पदाधिकारियों को इवीएम-वीवीपैट से संबंधित सभी प्रोटोकॉल से अवगत कराना है, जिससे विधानसभा चुनाव के दौरान किसी प्रकार के संशय की स्थित उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि इवीएम-वीवीपैट के रखरखाव के दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, राजनीतिक दलों के साथ संवाद स्थापित करना महत्पूर्ण कार्य है। साथ ही कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के कुछ मानक तय किये गये हैं, उनका अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य है। कार्यशाला में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ भारत निर्वाचन आयोग के सचिव बीसी पात्रा, अवर सचिव राकेश कुमार, इवीएम की नोडल पदाधिकारी गीता चौबे, एनएमएलटी महेंद्र कुमार, मृत्युंजय कुमार द्वारा कार्यशाला में संबंधित विषयों पर पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

# हटिया-लोधमा से कर्रा तक फोर लेन रोड

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** जिले के हटिया से लोधमा-कर्रा तक फोरलेन रोड बनेगा। पथ निर्माण विभाग ने 26 किमी लंबी इस सड़क का निर्माण नये सिरे से कराने का फैसला लिया है। इसका डीपीआर तैयार कराने के लिए कंसलटेंट का चयन किया जा रहा है। विभाग के इंजीनियरों ने बताया कि जल्द ही कंसलटेंट के जरिये सड़क निर्माण कराने के लिए डिटेल रिपोर्ट तैयार करायी जायेगी। इसके तहत कितनी जमीन की आवश्यकता है, कितना जमीन का अधिग्रहण करना पड़ेगा, इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करायी जायेगी।

नये मुआवजा नियमों के तहत कितना मुआवजा राशि का भुगतान करना होगा, इसकी भी रिपोर्ट तैयार करायी जा रही है। इसके अलावा कितने स्ट्रक्चर वर्तमान में सड़क के दोनों ओर हैं। इसकी भी गणना की जायेगी। सारा कुछ होने के बाद इस सड़क पर लगने वाले सिविल कॉस्ट का भी आकलन कराया जायेगा। सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सरकार से मंजूरी लेकर काम प्रारंभ कराने की दिशा में आगे बढ़ाया जायेगा। बता दें कि 2019 से ही इस सड़क के चौड़ीकरण की योजना बनायी जा रही है। खूंटी के दरकेल गांव तक यह सड़क बनेगी। कर्रा अंचल से सड़क के लिए नोटिफिकेशन भी किया गया है। रैयतों के नाम भी चिह्नित किये गये हैं। इस सड़क के चौड़ा होने से वाहनों का आवागमन काफी सुगम हो जायेगा।

## कावड़ियों के लिए व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

# मार्ग में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था शीघ्र करे प्रशासन : राजीव रंजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्रावण में होने वाली समस्याओं को लेकर सामाजिक-धार्मिक संगठनों की बैठक संपन्न हुई। इसमें महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। सभी धार्मिक-सामाजिक संगठन के लोगों ने जिला प्रशासन-निगम प्रशासन से राजधानी के सभी मंदिरों और इससे जुड़े सभी मार्गों की साफ-सफाई की व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट को अविलंब ठीक कराने की मांग की। राजधानी के सभी मंदिरों, मार्गों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, नामकुम से पहाड़ी मंदिर तक यात्रा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की गयी। निर्णय लिया गया कि हर सोमवारी कांवड़ यात्रा का स्वागत राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न संगठनों के द्वारा किया जायेगा। श्री मिश्रा ने प्रशासन से कावड़ यात्रा वाले मार्ग में स्वर्णरेखा से लेकर पहाड़ी मंदिर तक सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, सफाई कराने की मांग की। बैठक में कैलाश केसरी, राज किशोर, लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, इंदर सिंह, सुनील गुप्ता, अनिल गुप्ता, रंजीत चौरसिया, मनीष श्रीमाली सहित अन्य उपस्थित थे।

# एनसीपी (एसपी) विधानसभा चुनाव में अपने दम पर चुनावी मैदान में उतरेगी : राजीव कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) अपनी मान्यता को लेकर झारखंड प्रदेश में भी संभावनाओं को तलाश रही है। इसी क्रम में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राजीव झा झारखंड पहुंचे हैं। यहां अपनी पार्टी और शरद पवार के पुराने और वफादार कार्यकर्ताओं को फिर से सक्रिय करने की कवायद शुरू कर दी है। शनिवार को रांची स्थित पुरानी विधानसभा हाल में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में राजीव कुमार झा ने कहा कि किसी के अलग हो जाने से या पार्टी को छोड़ देने से पार्टी की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। पार्टी किसी नेता से नहीं कार्यकर्ता से मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में एनसीपी के कार्यकर्ता आज भी शरद पवार के साथ हैं। इन्हीं कार्यकर्ताओं के भरोसे हम लोग आगामी विधानसभा चुनाव में अपने दम पर चुनावी मैदान में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में पार्टी को भी स्थापित करना है। इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर हम लोग इंडी गठबंधन के साथ हैं, लेकिन झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी किसी से गठबंधन नहीं करेगी। हम लोगों ने विधानसभा चुनाव में लगभग 50 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने का फैसला किया है। उन्होंने प्रदेश में नयी कमेटी के गठन के संबंध में कहा कि बहुत जल्द पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सहित कमेटी के अन्य सदस्यों की नियुक्ति कर दी जायेगी। इस मौके पर मुकेश ठाकुर, मुफ्ती अब्दुल्लाह, अजहर कासमी, संतप तिर्की, लक्ष्मण कच्छप, संदीप मुंडा, संतोष सिंह, धनंजय सिंह, उदय जी, अवधेश, कुंदन कुमार, सुरेंद्र कुमार सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

# भारी बारिश ने खूब मचायी तबाही : 'जलग्रहण' से जिंदगी की रफ्तार पर ब्रेक

कहीं पुल ढहा, तो कहीं घर गिरने से महिला की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** तीन दिनों तक बारिश ने झारखंड में खूब तबाही मचायी। कहीं पुलिस ढहा, तो कहीं घर गिर गया। राजधानी रांची के निचले इलाकों से भी पानी लगभग निकल गया है। लोग घरों की साफ-सफाई में देर शाम तक जुटे रहे। उनकी जिंदगी धीरे-धीरे ही सही लेकिन सामान्य हो रही है। हालांकि कई इलाकों में बिजली 15-16 घंटे बाद आने के कारण भारी परेशानी हुई। लोगों का मोबाइल डिस्चार्ज हो गया। बिजली नहीं रहने के कारण टंकी में पानी नहीं चढ़ा। दोपहर एक बजे के बाद जब बारिश का दौर थमा, इसके बाद जिंदगी धीरे-धीरे पटरी पर लाने का प्रयास करते रहे। पूरे झारखंड की बात करें, तो राज्य में 'जलग्रहण' लगा रहा। इस कारण काफी नुकसान हुआ। गांव-गांव दरिया में तब्दील नजर आया। वहीं राजधानी समेत कई शहर में बाढ़ जैसी स्थिति हो गयी। इधर, बेरमो कोयलांचल में भारी बारिश जारी है। गोमिया प्रखंड में बने एक पुल पानी के तेज बहाव के बह गया और इस दौरान दो लोग भी बहने की खबर है। वहीं तुलबुल इलाके में बना एक मोबाइल टावर बारिश के दौरान घर पर गिर गया। हालांकि इस दौरान किसी की जान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

### कहां बरसा कितना पानी

- रांची: 89.8 मिलीमीटर
- खूंटी: 60.5 मिलीमीटर
- बोकारो: 58.5 मिलीमीटर
- लातेहार: 49.5 मिलीमीटर

### कहां क्या हुआ

- बेरमो कोयलांचल में शनिवार अहले सुबह एक पुल पानी के तेज बहाव में बह गया। इसमें दो लोग बह गये। यह पुल डुमरी और ढेंढे को जोड़ता था। पुल के बीच के दो पिलर का हिस्सा टूटकर गिर गया। इस कारण आवागमन बाधित हो गया। तेज बहाव के कारण गोमिया और तेनुघाट का संपर्क टूट गया है। रांची जाने वाले लोगों को काफी परेशानी खड़ी हो गयी।
- गोमिया के ही तुलबुल में एक जियो का टावर बारिश के दौरान एक घर के ऊपर गिर गया। इससे घर के लोग बाल-बाल बच गये।
- तेनुघाट डैम का भी जलस्तर नौ फीट तक बढ़ गया। जलस्तर 853 फीट पर पहुंच गया।
- रामगढ़ में दामोदर नदी उफान पर, सैकड़ों घरों में घुसा पानी। इससे अनाज और जरूरत की चीजें पानी की वजह से नष्ट हो गयी।
- गिरिडीह के सरिया थाना इलाके के ग्राम लुतीयानो में शनिवार को मिट्टी की दिवार गिरने से मीना देवी की मौत हो गयी। बताया गया कि पिछले दो दिनों से लगातार हो रही वर्षा के कारण घर का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया।
- पलामू में घर और खेतों में जलजमाव पर आक्रोश, दो घंटे तक एनएच 75 जाम
- हजारीबाग के इचाक प्रखंड में खपरैल का मकान धंसा, बाल-बाल बचा परिवार
- रांची में गोंदा डैम का जलस्तर बढ़ने के कारण तीन फाटक खोले गये।

# जलमग्न मुहल्लों के लोगों का दु:ख बांटने पहुंचे संजय सेठ




रांची (आजाद सिपाही)। सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। केंद्रीय मंत्री ने मुहल्लों के लोगों से बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि आश्चर्य है कि राहत देने के लिए सरकार-प्रशासन के पास कोई तैयारी नहीं है। रांची के सैंकड़ों परिवार अपने-अपने घरों में कैद हैं। इस दौरान बांधगाड़ी की स्थिति बहुत भयावह दिखी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सब त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। मौके पर से ही मंत्री ने उपायुक्त और नगर निगम के आयुक्त से बात कर अविलंब राहत पहुंचाने का निर्देश दिया। अधिकारियों से मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्राथमिकता के आधार पर शहर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था करें। केंद्रीय मंत्री ने भीषण बारिश के कारण रातू क्षेत्र में एनएच-75 के मुरगू पुल के बहे हुए डायवर्सन का भी निरीक्षण किया। इसके बहने से पलामू, यूपी सहित बड़े क्षेत्र का संपर्क रांची से टूट गया है। एनएचएआइ के अधिकारियों को तलब किया। मंत्री ने अधिकारियों को 24 घंटे के अंदर इसे ठीक करते हुएए चालू करने का निर्देश दिया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### फ्लोरेंस कॉलेज की छात्राओं ने स्तनपान के महत्व को बताया




ओरमांझी (आजाद सिपाही)। इरबा स्थित फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओरमांझी में विश्व स्तनपान सप्ताह में जागरूकता कार्यक्रम किया गया, जिसमें संस्थान के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक द्वारा स्तनपान से होनेवाले लाभ को बताया गया। बताया गया कि मां का दूध नवजात के लिए अमृत के समान है। बच्चों में रोग से लड़ने की क्षमता बढ़ाता है। गर्भाशय के कैंसर का खतरा कम होता है। मौके पर अस्पताल के प्रभारी रेणु बाखला, शोएब अख्तर, नम्रता शीतल, हॉस्पिटल के स्टाफ और अन्य उपस्थित थे।

### कैलाश की करुणा का जत्था देवघर के लिए हुआ रवाना



रांची (आजाद सिपाही)। समाजसेवी नंद किशोर सिंह चंदेल ने त्रिशूल, अंग वस्त्र देकर देवघर के लिए जत्था को रवाना किया। रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने पहाड़ी बाबा का सामूहिक अभिषेक किया। कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर देवघर के लिए 105 किलोमीटर की दूरी नंगेपांव पैदल तय करेगा। जत्था में कैलाशी अरविंद सिंह, कौशल, अवधेश कुमार, उदय सिंह, धर्मेंद्र पाठक, संजीव मिश्रा, शशि भूषण कौशिक, शिवपूजन महतो, अजय सोनी, राजा सिंह, सुमित यादव, रवि कुमार गुप्ता शामिल हैं।

### नयी शिक्षा नीति के तहत पुस्तक का प्रकाशन : कुलपति



रांची (आजाद सिपाही)। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य पुस्तक, डॉ नमिता लाल द्वारा संपादित और पर्यावरण अध्ययन विभाग के सदस्यों डॉ देबू मुखर्जी, डॉ अमृता लाल, सोनी कुमारी, संदीप प्रसाद और अनुशील द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने किया। यह पुस्तक नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए लिखी गयी है। मौके पर कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि कुछ दिनों के अंतराल पर डीएसपीएमयू में विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा लिखित कई उपयोगी पुस्तकों का लोकार्पण किया गया है। इन सभी पुस्तकों के प्रकाशन की एक उल्लेखनीय विशेषता यह है कि यह सभी पुस्तकें नयी शिक्षा नीति को ध्यानगत रखने के साथ संबंधित विभागीय शिक्षकों के सामूहिक प्रयास के द्वारा लिखी गयी है। सभी पुस्तकें विद्यार्थियों के लिए प्रासंगिक हैं, क्योंकि शिक्षकों ने पूरे पाठ्यक्रम का बारीकी से अध्ययन करते हुए पुस्तकों की सामग्री को तैयार किया है। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### श्यामा प्रसाद विवि में यूनिवर्सिटी शिक्षक संघ की पत्रिका कैंपस का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में यूनिवर्सिटी शिक्षक संघ की पत्रिका कैंपस परिमल का विमोचन सह अंग्रेजी विभाग के सिंपोजियम का आयोजन शनिवार को किया गया। डॉ अशोक प्रियदर्शी, कुलपतिए प्रो तपन कुमार शांडिल्य ने पत्रिका को क्रांति दूत की संज्ञा दी। कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवाता सुधरे, इसके लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय सदैव तत्पर है। समारोह में संयोजक डॉ कंजीव लोचन ने कहा कि कैंपस परिमल एक ऐसा मंच है, जो शिक्षकों की आवाज को बुलंद करेगा और उनके विचारों को व्यापक जनसमुदाय तक पहुंचायेगा। संपादक डॉ विनय भरत ने कहा कि यह मंच भावनाओं को व्यक्त करने और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए भी है। डॉ धनंजय वासुदेव द्विवेदी, सुमित मिंज, दिव्या प्रिया, निशांत दुबे, डॉ राजेश सिंह, डॉ रोज उरांव, डॉ उर्वशी और डॉ कामिनी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### पुलिस महकमे में बड़े फेरबदल की तैयारी

रांची (आजाद सिपाही)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस महकमे में तबादले की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। इसकी शुरुआत वर्षों से एक ही जिले में तैनात पुलिसकर्मियों के तबादले से की जायेगी। तीन साल या उससे ज्यादा समय से जिलों में तैनात एसआइ, परिचारी, इंस्पेक्टर, परिचारी प्रवर के तबादले किये जायेंगे। कुछ एसपी स्तर के अधिकारी को भी बदलने की चर्चा है। पुलिस मुख्यालय जिलों से ऐसे पुलिसकर्मी की सूची मांगी है। तबादले के लिए निर्धारित अवधि 31 दिसंबर 2024 तक के समय की गणना होगी। बताया जा रहा है कि कुछ जिलों को छोड़ सभी जिलों से तबादला लिस्ट पुलिस मुख्यालय भेज दिया गया है। प्रदेश में अपराधों पर लगाम लगाने और आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस विभाग में फेरबदल की तैयारी है। झारखंड में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



## महत्वपूर्ण खबरें

### आजसू महानगर का प्रतिनिधि सम्मेलन आज

रांची(आजाद सिपाही)। हरमू स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में रविवार को रांची महानगर प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन होगा। इस सम्मेलन में रांची महानगर के विभिन्न वार्ड के युवा आजसू के प्रतिनिधि शामिल होंगे। मौके पर आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो सभी प्रतिनिधियों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। इस दौरान प्रतिनिधियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया जायेगा। साथ ही आगे के कार्यक्रमों को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा भी होगी। रांची महानगर प्रतिनिधि सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद सुदेश कुमार महतो पार्टी कार्यालय, बुंडू में आयोजित मिलन समारोह में शामिल होंगे।

### जिला कांग्रेस ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

रांची(आजाद सिपाही)। रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इसमें रांची के सोनाहातु पूर्वी, जोन्हा को अलग प्रखंड का दर्जा, चोरडेरा, सिल्ली, जोन्हा, अनगड़ा में नवनिर्मित 132 केवी पावरग्रिड को शुरू करने की मांग की गयी। जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने पृथक प्रखंड का दर्जा देते हुए यथाशीघ्र डिग्री कॉलेज, सामुदायिक अस्पताल निर्माण का आग्रह किया।

### 'कोई किडनी दान कर दे तो परिवार बच सकता है'



रांची(आजाद सिपाही)। रांची के हिनू के शनि मंदिर स्थित रहने वाले 44 वर्षीय अवतानेश कुमार सिन्हा की दोनों किडनी खराब हो गयी है। इनकी माली हालत इतनी अच्छी नहीं है कि यह किसी महंगे अस्पताल में अपना इलाज करा सके। डॉक्टरों ने उन्हें जल्द से जल्द अपनी किडनी का ऑपरेशन कराने की सलाह दी है। इनके घरपर ऐसे कोई सदस्य नहीं है जो इन्हे किडनी दे सके। इनके घर पर पत्नी के अलावे सिर्फ दो छोटी-छोटी बेटियां है एक की उम्र 10 वर्ष और दूसरी की 8 वर्ष है। डॉक्टरों ने बताया है कि इनकी पत्नी की किडनी इनसे मैच नहीं कर सकता है। इसलिए अवतानेश कुमार सिन्हा ने सरकार के साथ-साथ आम लोगों से गुहार लगाया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति उसे अपनी किडनी दान कर दे तो उनका परिवार बच सकता है। उन्होंने अपना मोबाइल नंबर 7717789889 / 8210697283 जारी किया है। कहा कि कोई इच्छुक दाता इस नंबर पर संपर्क कर सकते है।

### पीएम आवास शहरी में गड़बड़ी, उप सचिव को शोकॉज

रांची(आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने गोड्डा नगर परिषद के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी राहुल आनंद से स्पष्टीकरण पूछा है। राहुल आनंद अभी वाणिज्य कर विभाग में उप सचिव पद पर कार्यरत हैं। उनके कार्यकाल में गोड्डा नगर परिषद क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में बरती गयी अनियमितता के खिलाफ आरोप लगा है। मामला जुलाई 2023 के आसपास का है। गड़बड़ी की बात सामने आने पर गोड्डा डीसी ने प्रपत्र क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा सरकार से की थी। मामले पर विभागीय कार्यवाही भी चलाने का फैसला लिया गया है। नगर विकास विभाग ने राहुल आनंद से एक सप्ताह के अंदर पूरे मामले में स्पष्टीकरण समर्पित करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन निदेशालय ने भी जांच प्रतिवेदन दिया है।

### शिक्षा के सुदृढ़ीकरण में सहयोग का संकल्प लिया



रांची(आजाद सिपाही)। न्यू मोराबादी क्लब की महिलाओं ने देश भर में चल रहे शिक्षा सप्ताह के आखिरी दिन श्रावणी संकल्प के साथ शिक्षा के सुदृढ़ीकरण में सहयोग का संकल्प लिया।वरिष्ठ सदस्य अनीता सिंह के आवास पर सभी ने प्राथमिक शिक्षा हेतु सभी सरकारी विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन को सुनिश्चित कराने हेतु देश भर में चल रहे अभियान में सभी स्टेकहोल्डर्स की और अधिक सक्रिय भूमिका की अपील की। अन्य सक्रिय सदस्यों यथा स्मिता शुक्ला, प्रियंका, नीता, उषा, किरण, मंजू, अभिलाषा, सरिता,मधु आदि ने श्रावणी मिलन पर्व के अवसर पर केक काट कर पृथ्वी को हरा भरा रखने का भी संकल्प लिया एवं एक दूसरे को समाज में आपसी साहचर्य एवं सद्भाव स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। प्रियंका एवं किरण ने श्रावण पर्व के अवसर पर शिव के साथ शक्ति के पूजन को सनातनी त्योहार बताया एवं आज पूरी दुनिया में नारी सशक्तिकरण के दिशा में उभरते बल के कारक के रूप में आज की नारी की बढ़ रही सबलता को कारण बताया।

### पथ निर्माण विभाग के इंजीनियरों को मिलेगा एसीपी और एमएसीपी का लाभ

रांची(आजाद सिपाही)। पथ निर्माण विभाग के अभियंत्रण सेवा के वर्ग एक के सभी अहर्ता प्राप्त कार्यपालक अभियंता और उच्चतर पदों के अभियंताओं को एसीपी और एमएसीपी का लाभ दिया जायेगा। पथ निर्माण विभाग ने वित्तीय उन्नयन का लाभ के लिए विभागों के अध्यक्ष और कार्यालय अध्यक्ष को पत्र लिखा है और उनके अधीनस्थ कार्यपालक अभियंता, उच्चतर पदों के अभियंताओं का चारित्रिक प्रतिवेदन, सेवा इतिहास मांगा है। एसीपी और एमएसपी का लाभ सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियंताओं, उच्चतर पदों के अभियंताओं को भी दिया जायेगा। पथ निर्माण विभाग ने 15 दिनों के अंदर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा है। रिपोर्ट मिलने के बाद इंजीनियरों को बढ़ा हुआ वेतन देने की स्वीकृति दी जायेगी।

### शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम




रांची(आजाद सिपाही)। इंटरनेशन सोशल स्टडीज ओलंपियाड (2023-24) स्पर्धा में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने सफलता का परचम लहराया। छात्रों में निहिल प्रतिभा को निखारने, उनमें विश्वास जाग्रत करने तथा अपनी क्षमता पहचानने एवं उसे और उत्कृष्ट एवं बेहतर बनाने के लिए एसओएफ प्रत्येक सत्र में प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं का आयोजक करता रहा है। शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने अपनी उच्च शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन कर अनेक गोल्ड एवं सिल्वर मेडल्स जीतकर विद्यालय की गरिमा बढ़ी है। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप, जसमीत कौर ने छात्रों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी।

# वोकल फॉर लोकल के विजन को पूरा करें : जीतन राम मांझी

**केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने झारखंड में संचालित खादी विकास योजनाओं की समीक्षा की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, रांची का दौरा किया। यहां केंद्रीय मंत्री ने महात्मा गांधी की तसवीर पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, रांची द्वारा वित्तपोषित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की इकाइयों द्वारा बनाये गये मधु के उत्पाद, रेडीमेड गारमेंट के वस्त्र, सेनीटाइजर, डिसवास, क्लाथवॉस, हैंडवॉस, फिनायल एवं गोबर से बनायी गयी प्राकृतिक पेंट इत्यादि का निरीक्षण किया तथा पीएमइपीपी के लाभुकों से उनकी कार्य प्रगति एवं आय में वृद्धि आदि के बारे में चर्चा एवं मार्गदर्शन किया। तत्पश्चात केंद्रीय मंत्री द्वारा राज्य कार्यालय, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, रांची द्वारा झारखंड में संचालित की जा रही खादी विकास योजना एवं ग्रामोद्योग विकास योजना का वित्तीय वर्ष 2023-24 में कार्य प्रगति की समीक्षा के दौरान योजनाओं को और ज्यादा लाभुकों पर केंद्रित एवं अधिकाधिक परिणाम मूलक और प्रभावी बनाने हेतु मार्गदर्शन एवं निर्देश दिये। इसी दौरान मंत्री ने यह भी बताया कि वे शीघ्र ही इकाइयों से सीधे चर्चा करेंगे एवं उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों को देखने के लिए कार्यस्थल का दौरा करेंगे। केंद्रीय मंत्री द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योगी उत्पादन एवं बिक्री को और गतिरूप देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव दिये गये। उन्हें वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 की भी कार्य योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।

केंद्रीय मंत्री को जानकारी दी गयी कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत एवं वोकल फॉर लोकल के विजन को गतिरूप देने के लिए झारखंड राज्य की खादी संस्थाओं द्वारा गॉव-कस्बों में परंपरागत कत्तिन-बुनकरों एवं कारीगरों के माध्यम से लोक लुभावन खादी वस्त्रों (खादी फोर फैशन- खादी फोर नशन-खादी फोर ट्रांसफॉरमेशन) का निर्माण करवाया जाता है, जिसके कारण हर हाथ को काम, काम का उचित दाम के मंत्र को सफलीभूत किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने एमएसएमइ-डीएफओ के संयुक्त निदेशक, एनएसआइसी के प्रबंधक के साथ भी उनके कार्यों की विस्तार से समीक्षा की एवं दिशा-निर्देशन तथा मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग, राज्य कार्यालय, रांची, एमएसएमइ-डीएफओ तथा एनएसआइसी के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में पूछे सवाल

# शिक्षकों का वर्चुअल प्रशिक्षण निष्ठा पाठ्यक्रमों के माध्यम से: जयंत चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के सांसद दीपक प्रकाश ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से शिक्षकों के वर्चुअल प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी चाही। श्री प्रकाश ने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से पूछा कि क्या सरकार ने ऑनलाइन शिक्षण की नयी विधियों के संबंध में शिक्षकों को वर्चुअल प्रशिक्षण देने के लिए कोई कदम उठाया है, अगर हां तो संबंधित ब्योरा क्या है। श्री प्रकाश के सवाल के जवाब में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पैरा 5.15 और 5.16 में शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास पर बल दिया गया है। इस अनुच्छेद में इस बात पर बल दिया गया है कि प्रत्येक शिक्षक से अपेक्षित होगा कि वे स्वयं के हितों से प्रेरित होकर अपने व्यावसायिक विकास के लिए प्रत्येक वर्ष कम से कम 50 घंटों के सीपीडी कार्यक्रमों में भाग लें। सीपीडी के अवसरों में विशेष रूप से बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान के नवीनतम शिक्षणशास्त्र, अधिगम परिणामों के रचनात्मक और अनुकूल आकलन, योग्यता आधारित अधिगम और संबंधित शिक्षण शास्त्र को क्रमबद्ध रूप से सम्मिलित किया जायेगा। इन लक्ष्यों के अनुरूप शिक्षा मंत्रालय स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों के समग्र विकास के लिए राष्ट्रीय पहल नामक एक एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से अधिगम परिणामों में सुधार के लिए राष्ट्रीय मिशन को कार्यान्वित कर रहा है। बताया कि निष्ठा पाठ्यक्रम प्रारंभिक, माध्यमिक, मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान के लिए एनसीइआरटी द्वारा शुरू किया गया है। श्री चौधरी ने बताया कि शिक्षकों का वर्चुअल प्रशिक्षण निष्ठा पाठ्यक्रमों के माध्यम से आयोजित किया जाता है, जो एनसीइआरटी द्वारा उच्च गुणवत्तापूर्ण पेशेवर रूप से बनायी गयी इ सामग्री का उपयोग करके दीक्षा प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन प्रस्तुत किये जाते हैं। 65 लाख से अधिक शिक्षकों ने निष्ठा प्रशिक्षणों को पूरा किया है, जिनमें से 45 लाख से अधिक ने ये पाठ्यक्रम वर्चुअल प्रशिक्षण के रूप में पूरे किये हैं।

# दारोगा अनुपम को पुलिस लाइन में दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** स्पेशल ब्रांच के दिवंगत सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप को कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। रिम्स अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस लाइन लाया गया। स्पेशल ब्रांच के आइजी प्रभात कुमार, डीआइजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा सहित कई पुलिस अधिकारियों ने पुलिस लाइन पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। साल 2014 में बीआइटी सिंदरी से बीटेक करने वाले अनुपम 2018 में झारखंड पुलिस में बतौर सब इंस्पेक्टर बहाल हुए थे। इसके बाद उनकी पोस्टिंग स्पेशल ब्रांच में की गयी थी। अनुपम झारखंड के खूंटी जिले के रहने वाले हैं। अंतिम संस्कार में शामिल हुए अर्जुन मुंडा

रांची। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा शनिवार को स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उनका अंतिम संस्कार महुआ टोली, होटवार स्थित कब्रिस्तान में हुआ।

## बेखौफ अपराधियों ने अधिवक्ता को गोदा चाकू

# दारोगा को मारी गोली, शूटआउट में जख्मी पार्षद की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। लगातार दूसरे दिन शनिवार को हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। बदमाशों ने दारोगा अनुपम कच्छप को गोली मार दी, जिससे मौत हो गयी। सड़कों पर सुरक्षा के तमाम दावे जो अफसरों द्वारा किये जाते हैं, वे खोखले साबित हो रहे हैं। इस वारदात के बाद से आसपास के इलाकों में तनाव और दहशत का माहौल है। 24 घंटे में यह दूसरी वारदात है। इससे पहले वकील गोपाल कृष्ण की चाकू मार कर हत्या की गयी थी। हत्या के इस सनसनीखेज वारदात को शहर के बीचों बीच सुखदेवनगर थाने से महज 500 मीटर दूर अपराधियों ने अंजाम दिया था। शनिवार को अपराधियों की गोली से जख्मी पार्षद वेद प्रकाश सिंह का इलाज के दौरान दिल्ली एम्स में मौत हो गयी। 7 जुलाई को अपराधियों ने पार्षद को गोली मारी थी। दो दिन पूर्व ही कांके रोड में एक होटल से समीप खड़े एक कांग्रेस नेता पर अपराधियों ने गोली चलायी थी। गनीमत रही कि गोली घुटने पर लगी। फिलहाल वह रिम्स में भर्ती हैं। सीसीटीवी कैमरे और चौराहों पर खड़े पुलिसकर्मियों की फौज से बिना डरे अपराधी घटना को अंजाम दे रहे हैं। घटना बताती है कि पुलिस का पूरा सिस्टम अपराधियों पर नकेल कसने में कितना कमजोर है। शहर के दुकानदार, सड़क किनारे लगने वाले ठेलों पर लाठी चला कर शांति व्यवस्था कायम करने का दावा करनेवाली पुलिस के सारे दावों की पोल खोल दी है। दहशत में लोग, पुलिस को चुनौती रांची के लोग चिंतित हैं। बेलगाम हो चुके अपराधी एक के बाद एक घटना को अंजाम देने में लगे हैं। हाल के दिनों में लूट, मर्डर, रंगदारी, गोलीबारी की घटनाओं ने शहरवासियों को दहशत में डाल दिया है। अपराधी खुलेआम अब कानून को ताक पर रख पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। सीएम और डीजीपी का सख्त निर्देश है कि क्राइम के मामले में जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करना है, लेकिन रांची में बढ़ते अपराधों ने पुलिसिंग पर ही सवाल खड़े कर दिये हैं। क्योंकि बदमाश बेखौफ शहर में अपराध का कोहराम मचा रहे हैं।

### दारोगा की हत्या के बाद हटाये गये कांके थाना प्रभारी

रांची(आजाद सिपाही)। कांके थाना क्षेत्र स्थित रिंग रोड में स्पेशल ब्रांच के दारोगा अनुपम कच्छप की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस घटना के बाद एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कार्रवाई करते हुए कांके थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से हटा दिया। उनकी जगह केके साहू को कांके थाना का नया प्रभारी बनाया गया है।

CCL Fuelling Sustainable Growth
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

# अनुपम कच्छप की निर्मम हत्या काफी चिंताजनक : अन्नपूर्णा


आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** राजधानी रांची में स्पेशल ब्रांच के सब इंस्पेक्टर अनुपम कच्छप की बेखौफ अपराधियों द्वारा निर्मम हत्या पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने गहरा दुःख जताते हुए इस घटना को काफी चिंताजनक बताया है। उन्होंने रांची पुलिस से तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस घटना से आहत अन्नपूर्णा देवी ने झामुमो - कांग्रेस के गठबंधन वाली हेमंत सरकार पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है। जिस पुलिस फोर्स के हाथ में अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने की जिम्मेदारी है वह खुद आज सुरक्षित नहीं है। पूरे राज्य में भय और असुरक्षा का माहौल है, लेकिन हेमंत सरकार अपराध पर नियंत्रण को लेकर बिल्कुल संवेदनहीन हो चुकी है। लगातार बढ़ते अपराधों पर रोक लगाने के लिए कोई भी कदम नहीं उठा रही है। खुलेआम अपहरण, हत्या, बलात्कार, बालू तस्करी, अवैध खनन और नशे का कारोबार फल- फूल रहा है। अपराधियों के मन से कानून का डर बिल्कुल खत्म हो चुका है। प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद आज आदिवासी समाज ही अपराधियों से सबसे ज्यादा त्रस्त है। भ्रष्टाचार में लिप्त इस निकम्मी सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है, यहां तक की जनता को सुरक्षा देने वाली पुलिस भी नहीं। बस अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं और सत्ता के नशे में चूर हेमंत सरकार चैन की बंसी बजा रही है। लेकिन ये लोग भूल गये हैं कि जिस जनता को इन्होंने अपराधियों के रहमो-करम पर छोड़ दिया है, वही जनता जब इनसे इनकी ज्यादतियों का हिसाब मांगेगी तब ये मुंह दिखाने के लायक नहीं रहेंगे। जनता मालिक है और वह सबकुछ देख रही है।

# रांची के ट्रैफिक रूट में किया गया बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में ब्रिज, ड्रेन सहित अन्य निर्माण चल रहे हैं। राजभवन के समीप भी निर्माण कार्य चल रहे हैं। इसे लेकर ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है। राजभवन के समीप स्थित जाकिर हुसैन पार्क से किशोरी यादव चौक के बीच में पियर कैप, आरसीसी बॉक्स, रिटेनिंग वॉल, आरसीसी ड्रेन का काम होना है। उक्त निर्माण कार्य के मद्देनजर वाहनों के ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है। इस रूट में बदलाव : किशोरी यादव चौक से जाकिर हुसैन पार्क की ओर जाने वाले सभी तरह के वाहनों का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगा। पिस्का मोड़ से आने वाली सभी ऑटो इ रिक्शा को दुर्गा मंदिर चौक से सूचना भवन चौक, एटीआइ मोड़, जाकिर हुसैन पार्क तक चलाया जा सकेगा। अन्य वाहनों का परिचालन यथावत रहेगा, जो न्यू मार्केट चौक से बायें राजभवन मोड़ होते हुए सूचना भवन चौक की ओर होगा। कांके रोड से रातु रोड आने वाली ऑटो इ रिक्शा राम मंदिर से सिद्दो- कान्हू पार्क एटीआइ मोड़, जाकिर हुसैन पार्क होते हुए अन्य स्थानों की ओर परिचालन करेंगे। अन्य वाहनों को परिचालन यथावत होगा। रेडियम चौक की ओर से आने वाले वाहनों का परिचालन जाकिर हुसैन पार्क से किशोरी यादव चौक होते हुए रातु रोड-हरमु रोड की ओर होगा।

### झारखंड राज्य ओपेन यूनिवर्सिटी में बीबीए और एमकॉम की ओडीएल पढ़ाई की अनुमति

रांची(आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य ओपेन यूनिवर्सिटी में सितंबर 2024 से शुरू होनेवाले शैक्षणिक सत्र से तीन वर्षीय बीबीए (बैचलर इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) और एम कॉम की ओपेन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) की पढ़ाई शुरू करने की अनुमति दे दी गयी है। कुलपति के आदेश से कुलसचिव द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि स्थायी अपीलीय प्राधिकार (एसएसी), दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो (डीइबी) और यूजीसी ने यह अनुमति प्रदान की है।

### डीजीपी ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

रांची। रांची जिले में कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को पूरी तरह प्रभावी बनाने के लिए शनिवार को वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रांची के सभागार में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का नेतृत्व झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने किया। इस अवसर पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र आइजी, डीआइजी, एसएसपी, रांची, एसपी (सिटी), एसपी (ट्राफिक), एसपी (रूरल), जिले के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी और यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। डीजीपी ने सभी पुलिस कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि वे अपने-अपने पुलिस प्रतिष्ठानों में हमेशा वर्दी के साथ नेम प्लेट पहनें। उन्होंने कहा कि नागरिकों के प्रति पुलिस के व्यवहार में संवेदनशीलता और सहानुभूति का होना बेहद जरूरी है।हिलाओं

# वायनाड से मिला सबक

अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए मशहूर केरल के वायनाड में इन दिनों तबाही और खौफ का मंजर पसरा हुआ है। यह नतीजा है पर्यावरण से खिलवाड़, हमारे अंतहीन लालच और चेतावनियों की अनदेखी का। लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 300 को पार कर गयी है। राज्य सरकार कह रही है कि बचाव कार्य चंद दिनों में पूरा होने वाला नहीं। लेकिन, क्या इस सवाल का जवाब सरकार या किसी के भी पास है कि वायनाड में हमने जिन्हें खोया और जो गंवाया, उसकी जिम्मेदारी किस पर है? इसरो के हैदराबाद सेंटर ने प्रभावित इलाके की सेटेलाइट तस्वीरें ली हैं। उसके मुताबिक 1,550 मीटर की ऊंचाई पर भारी बारिश के चलते भूस्खलन हुआ। पानी के साथ बड़े पैमाने पर मलबा आया, तो भूस्खलन का दायरा बढ़ता गया और यह करीब आठ किलोमीटर तक फैल गया। यह तो वह वजह है, जो चंद तस्वीरों से नजर आती है और तात्कालिक है। सारा दोष भारी बारिश पर मढ़ देने से काम नहीं चलेगा। केवल केरल ही नहीं, पूरा पश्चिमी घाट पर्यावरण की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने 2022 में संसद में बताया था कि 2015 से 2022 के दरम्यान देशभर में 3,782 भूस्खलन दर्ज किये गये थे। इनमें से 59% से ज्यादा घटनाएं सिर्फ केरल में हुईं। देश के जिन 30 जिलों में लैंडस्लाइड का खतरा सबसे ज्यादा है, उनमें से 10 तो सिर्फ केरल में हैं। वायनाड यूं ही अचानक लैंडस्लाइड प्रोन एरिया नहीं बन गया। 2022 की एक स्टडी बताती है कि 1950 से 2018 के दौरान वायनाड में जंगल का एरिया 62% तक घट चुका है। हालांकि सरकार पौधारोपण करती है, लेकिन क्या रोपे गये पौधे सदियों से आबाद जंगलों की जगह ले सकते हैं? भारत सरकार ने साल 2011 में वेस्टर्न घाट इकॉलजी एक्सपर्ट पैनल गठित किया था। इस पैनल ने पश्चिमी घाट को इको-सेंसिटिव घोषित करने की सिफारिश की थी। साथ ही सुझाव दिया था कि पारिस्थितिक संवेदनशीलता के आधार पर इस इलाके को जोन में बांटा जाये और उसके हिसाब से इंसानी गतिविधियों पर लगाम लगाई जाए। ये सिफारिशें फाइलों में ही पड़ी रहीं। क्षेत्र में बेहिसाब निर्माण होते रहे, खनन गतिविधियां चालू रहीं, जंगलों को काटा जाता रहा। कुदरत के संदेशवायनाड जैसी आपदाएं आती रहती हैं, लेकिन हम सबक सीखने को तैयार नहीं। सच है कि विकास का पैटर्न, आर्थिक गतिविधियों की दिशा बदलना आसान नहीं, लेकिन यह कठिन काम अब और टाला नहीं जा सकता। ये आपदाएं प्रकृति की ओर से भेजी जाने वाली गंभीर चेतावनी हैं, जिनकी अनदेखी सबके लिए घातक होगी।

**कुदरत के संदेशवायनाड जैसी आपदाएं आती रहती हैं, लेकिन हम सबक सीखने को तैयार नहीं। सच है कि विकास का पैटर्न, आर्थिक गतिविधियों की दिशा बदलना आसान नहीं, लेकिन यह कठिन काम अब और टाला नहीं जा सकता।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रमाण है कि दोस्त साथ हो तो गंभीर बीमारियों जैसे दिल या कैंसर के रोगी दुगुनी गति से ठीक होते हैं। असल में दोस्ती ऊर्जा देती रहती है और वह भी बिना सामने बैठे अर्थात केवल ख्यालों के जरिये कि दोस्त यहीं कहीं है, यही अहसास जल्दी ठीक हो जाने का कारण बन जाता है। इसके विपरीत अगर ऐसा भावनात्मक संबंध रखने वाला व्यक्ति जिंदगी में नहीं है तो फिर केवल दवाइयों का ही भरोसा रह जाता है।**

# दोस्ती के बीच दरार का कारण न बन जाये बुद्धि

पूरन चंद सरीन



**कृष्ण और सुदामा की पाठशाला में बनी दोस्ती राजा और रंक की मित्रता की पौराणिक मिसाल है। इसी के साथ कृष्ण और राधा, कृष्ण और द्रौपदी तथा कृष्ण और उद्धव की मित्रता के अलग स्वरूप हैं। आज के दौर में इन पौराणिक चरित्रों को समझना ही मित्रता की कसौटी है। राधा और कृष्ण में आत्मीय मित्रता अर्थात आत्मा का संबंध था।**

प्रति वर्ष अगस्त के पहले रविवार को भारत सहित अनेक देशों में मित्रता दिवस मनाने की परंपरा है। यह दिन केवल नाम के लिए नहीं, बल्कि गंभीरता से सोचने का अवसर है कि दोस्ती की परिभाषा, उसकी जरूरत और उसे निभाने के जरूरी लक्षण क्या हैं और कैसे यह रिश्ता जीवन भर बना रह सकता है?

### मित्रता का भावना से संबंध

सभी लोगों के जीवन में ऐसे पल आये होंगे, उन व्यक्तियों से मिले होंगे या अचानक आमने-सामने आ गये होंगे जिन्हें देख कर मन में यह भावना उत्पन्न हुई होगी कि यह तो मेरे ही जैसा या जैसी है। बचपन में अपने ही परिवार या पड़ोस में अथवा स्कूल आते-जाते या एक ही कक्षा में कोई न कोई तो होता है, जिसके साथ बात करने, मिल बैठने और अपना कोई भी रहस्य बांटने की इच्छा अपने आप हो जाती है। इसमें परिवार या खानदान अथवा धन दौलत, गरीबी अमीरी और सामाजिक पहरेदारी की कोई जगह नहीं होती। विभिन्न परिस्थितियों के कारण चाहे सांसारिक रूप से कितने भी दूर हों, किसी भी मुकाम पर हों, उनकी याद जरूर आती है, बरसों न मिले हों लेकिन जब भी मुलाकात हुई हो और हालात कैसे भी हों, वही पुराने क्षण स्मृति में कौंधने लगते हैं, जो एक तरह से हरेक के जीवन की ढाल होते हैं। कहते हैं कि दोस्तों के साथ रहने से उम्र बढ़ती है, मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है, शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। प्रमाण है कि दोस्त साथ हो तो गंभीर बीमारियों जैसे दिल या कैंसर के रोगी दुगुनी गति से ठीक होते हैं। असल में दोस्ती ऊर्जा देती रहती है और वह भी बिना सामने बैठे अर्थात केवल ख्यालों के जरिये कि दोस्त यहीं कहीं है, यही अहसास जल्दी ठीक हो जाने का कारण बन जाता है। इसके विपरीत अगर ऐसा भावनात्मक संबंध रखने वाला व्यक्ति जिंदगी में नहीं है तो फिर केवल दवाइयों का ही भरोसा रह जाता है।

**इस बार मित्रता दिवस की शुभकामनाएं और यह विचार करने के लिए कि आत्मीय, सखा और मित्र का चुनाव किस प्रकार करें कि वह जीवन पर्यंत बना रहे।**

### मित्रता के बीच बुद्धि का इस्तेमाल

दोस्ती की परख करने के लिए जब लोग अपनी अकल का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, तब ही दोस्ती के खत्म होने और यह सोचने की कि हम कभी दोस्त भी थे, यह सोच बनने की शुरुआत हो जाती है। ध्यान दीजिए कि बचपन में जब किसी से दोस्ती या मोहब्बत होती थी तो तर्क यानी बुद्धि का उपयोग नहीं होता था, बस एक रिश्ता बनने लगता था। इस बात की तरफ ध्यान ही नहीं जाता था कि जिससे दोस्ती हो रही है, उसकी आर्थिक, पारिवारिक और सामाजिक हैसियत क्या है और अगर कोई इन सब चीजों के बल पर अपनी धाक या धौंस जमा कर दोस्ती करना चाहता था, तो उसे न केवल बाकी लोग सबक सिखा देते थे, बल्कि उसे दोस्त भी नहीं मानते थे। कहते हैं कि ऐसी ही निःस्वार्थ भावना के बीज से अंकुरित और पल्लवित दोस्ती ही जीवन भर कायम रहती है।

### मित्रता के पौराणिक प्रकार

कृष्ण और सुदामा की पाठशाला में बनी दोस्ती राजा और रंक की मित्रता की पौराणिक मिसाल है। इसी के साथ कृष्ण और राधा, कृष्ण और द्रौपदी तथा कृष्ण और उद्धव की मित्रता के अलग स्वरूप हैं। आज के दौर में इन पौराणिक चरित्रों को समझना ही मित्रता की कसौटी है। राधा और कृष्ण में आत्मीय मित्रता अर्थात आत्मा का संबंध था। दोनों एक दूसरे के पूरक या कहें कि दो शरीर और एक आत्मा थे। उनका प्रेम आध्यात्मिक, अलौकिक था, सांसारिक विषयों की कामना और वासना का कोई स्थान नहीं था। आत्मिक मित्रता के बाद कृष्ण के सखा भाव का उनके जीवन में स्थान था। उनके केवल दो सखा थे। एक थीं द्रौपदी और ये दोनों एक-दूसरे के सखा थे और इसी संबोधन से पुकारते थे। महाभारत में चीरहरण का प्रसंग यही दर्शाता है कि सखा भाव ही मित्रता की कसौटी और उसकी पराकाष्ठा है। जब सब ओर से द्रौपदी निराश और व्यथित हो रही थी, तो अपने सखा को एक बार पुकारने भर से ही उनके सभी कष्टों का अंत हो गया।

सांसारिक प्रेम चाहे द्रौपदी अपने 5 पतियों और कृष्ण अपनी पटरानी और अन्य रानियों से करते हों, लेकिन सखा भाव से जन्मा प्रेम कृष्ण और द्रौपदी के जीवन की शक्ति था। यही अंत तक कायम रहा। इसमें न कभी विघ्न पड़ा और न ही कभी कोई कमी आयी। कृष्ण के एक सखा थे उद्धव जो उनके सहपाठी, एक-दूसरे के जैसे दिखने वाले और प्रेम तथा मित्रता के अद्वितीय उदाहरण थे। उद्धव बहुत ज्ञानी थे और उन्हें अपने ज्ञान का अहंकार था। वे अपने सामने किसी को अपने जैसा या बड़ा विद्वान ही नहीं समझते थे, परंतु कृष्ण और उद्धव तो सखा थे और एक-दूसरे के मन और हृदय की बात जानते थे। दोनों में एक अंतर था।

कृष्ण को अहंकार का ज्ञान था और इसी कारण वे कौरवों के घमंड को चूर-चूर कर सके। उन्हें पांडवों के अहंकार का भी पता था और उन्होंने उसे भी ध्वस्त किया। इसी तरह उन्हें उद्धव के ज्ञानी होने के अहंकार का ज्ञान था। जरूरी था कि जब कोई दोस्त है तो उसे आइना भी दिखाया जाये। कृष्ण ने यही किया और किस तरह से किया, यह सब एक बार फिर से जानते हैं। कृष्ण का राधा और गोप गोपियों से आत्मिक प्रेम था और वे चाहे किसी भी स्थिति या परिस्थिति में हों, एक पुकार से हाजिर हो जाते थे। उद्धव कृष्ण के राजकाज में उनके सहायक थे और उसके सुचारू रूप से संचालन की उनकी जिम्मेदारी थी। अब कृष्ण तो राधा की आत्मा थे और इससे उद्धव के अनुसार राजकाज में व्यवधान होता था। जब उद्धव ने बहुत उलाहने दिये तो कृष्ण ने उद्धव को अपना दूत बना कर गोपियों के पास भेजा कि अपने ज्ञान से उन्हें समझाएं कि प्रेम की जगह योग, साधना और ऐसी चीजें करें कि उनका ध्यान कृष्ण से हटे और वे अपना राज्य चला सकें। अब यहां गोपियां एक मात्र इस बात पर अड़ी हैं कि उनका मन, हृदय और उनका जो कुछ भी है, वह तो कृष्ण को दे दिया है, अब उनके पास क्या है, जिससे वे उनके ज्ञान के अनुसार चलें। धीरे-धीरे उद्धव का सारा ज्ञान बिखर जाता है और उनके ज्ञान की गठरी खाली हो जाती है और उसमें ज्ञान के अहंकार के स्थान पर प्रेम रस भर जाता है। वे कृष्ण के पास पहुंचते हैं और जान पाते हैं कि कृष्ण ने उनके सखा होने के नाते किस तरह उनके अहंकार का नाश कर प्रेम का बीज बोया। इस बार मित्रता दिवस की शुभकामनाएं और यह विचार करने के लिए कि आत्मीय, सखा और मित्र का चुनाव किस प्रकार करें कि वह जीवन पर्यंत बना रहे।

## जमशेदपुर की खबरें

# आदित्यपुर पुलिस ने अलग-अलग मामले में पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला के आदित्यपुर पुलिस ने कुख्यात शराब माफिया शिवा मंडल सहित चार अपराधियों को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार अपराधियों में शिवा मंडल,विक्की महंती,पवन कुमार प्रसाद,आयुष कुमार,विजय मुंडा और गौतम रंजन शामिल रहे।शिवा मंडल अवैध शराब खरीद बिक्री-मामले में फरार चल रहा था, जबकि विक्की मोहंती और पवन कुमार प्रसाद पर सालडीह बस्ती की महिला से छिनताई का आरोप है। पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार शुक्रवार को महिला अपनी सहेली के साथ हरिओम नगर से सरिता टॉकीज की ओर जा रही थी। इसी क्रम में हरिओम नगर काली मंदिर के पास पैशन प्रो बाइक पर सवार दो उचक्के झपट्टा मारकर महिला का बैग छीनकर फरार हो गया। पुलिसिया तफ्तीश में विक्की महंती और पवन कुमार प्रसाद का नाम सामने आया। थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस ने कारवाई करते हुए दोनो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों के पास से सात लेडिज पर्स बरामद किया गया। वही शुक्रवार को आरआईटी थाना अंतर्गत आदित्यपुर-दो रोड नंबर 32 की एक महिला के साथ शेर ए पंजाब चौक पर छिनताई की घटना हुई थी। स्थानीय लोगों के सहयोग से छिनताई कर भाग रहे युवक आयुष कुमार को घर दबोचा गया। उसके पास से दो मोबाइल और एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। उस दौरान गस्ती के क्रम में इमली चौक के पास से पुलिस की गाड़ी को देखकर भाग रहे दो युवकों को पुलिस ने खदेड कर पकड़ा। जिसका नाम विजय मुंडा और गौतम रंजन बताया जा रहा है। दोनों रांची के रहने वाले हैं। उनकी तलाशी लेने पर इनके पास से पुलिस ने 14 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया। सभी आरोपियों को पूछताछ के बाद शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# घाटशिला को जिला बनाने के लिए लखन मार्डी ने अमर बाउरी से मांगा सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** जिला निर्माण संघर्ष समिति के संयोजक सह घाटशिला विधानसभा भाजपा पूर्व प्रत्याशी झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता लखन मार्डी ने झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष से भेंट कर घाटशिला को अविलंब जिला बनाने के लिए विधानसभा में आवाज उठाने और अपने स्तर से भी प्रयास करने के लिए आग्रह किया। श्री मार्डी ने नेता प्रतिपक्ष को बताया कि जमशेदपुर में बैठकर अधिकारीगण 5वीं अनुसूची और सीएनटी के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं कर सकती। आदिवासियों की जल,जंगल,जमीन लुटा जा रहा है। शिक्षा, स्वस्थ, पानी,बिजली, सड़क की स्थिति काफी खराब है। घाटशिला को जिला बनाने की मांग लेकर कई वर्षों से प्रयासरत है , परंतु हमारी मांगों को सदैव अनदेखी करने के बाद विवश होकर दिनांक विगत 30 जुलाई को झारखंड विधानसभा के समक्ष कुटे मैदान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने को बाध्य हुए, घाटशिला आदिवासी बहुल क्षेत्र एवं मां रंकनी की पवित्र धरती क्रांति का क्षेत्र है,हमारे पुरखों ने देश की आजादी के लिए बहुत संघर्ष किया और झारखंड अलग प्रांत के लिए सबसे ज्यादा कुर्बानियां देने और उद्योग और वन संपदा होने के बाद भी घाटशिला क्षेत्र विकास से कोसों दूर हैं, जिला कार्यालय से काफी दूरी के कारण विकास की योजनाएं हमारे सुदूरवर्ती गांव तक नहीं पहुंच पाती है हमारी अलग विशिष्टता ,आचरण ,जीवन शैली है और हमारी समस्याएं भी भिन्न रही है और इस आधार पर ही हम जिला की मांग कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने हमारी मांगों का समर्थन करते हुए घाटशिला आदिवासी बहुत क्षेत्र को जिला बनाने के लिए आंदोलन को हर संभव मदद करने का वादा किया।

# सुरदा कॉपर माइंस का लीज डीड जारी करने को सांसद ने की डीडीसी से मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** शनिवार को सुरदा माइंस और मुसाबनी कंस्ट्रेटर प्लांट के मजदूरों का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा नेता सह पूर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष दिनेश साव के संग सांसद विधुत्त वरण महतो के नेतृत्व में उपायुक्त की अनुपस्थिति में प्रभारी उपायुक्त सह उप विकास आयुक्त मनीष कुमार से उनके कार्यालय मिले। उपायुक्त के निर्वाघन सबंधित बैठक में शामिल होने के लिए रांची गये थे। सुरदा माइंस का पर्यावरण स्वीकृति मिलने के बाद जल्द से जल्द लीज डीड तैयार करने के लिए सबंधित फाईल को खान सचिव और खान निदेशक के पास भेजने का आग्रह किया प्रभारी उपायुक्त सह उप विकास आयुक्त से किया। सांसद ने उप विकास आयुक्त को 4 साल से बंद पड़े माइंस के कारण मजदूरों को उनके परिवार के जीवन यापन में हो रही कठिनाइयों से अवगत कराया। सांसद ने कहा कि उन लोगों को डर है कि यदि विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता यदि लागू हो जाए तो लीज डीड बनाने की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इसी कारण जल्द से जल्द लीज डीड बनाने के लिए आदेश प्राप्त करने हेतु फाईल को खान सचिव को भेजा जाये। संदर्भ में उप विकास आयुक्त ने दूरभाष पर उपायुक्त से बात चीत कर एक सप्ताह के भीतर फाईल को खान सचिव को भेजने का भरोसा दिया। इस संदर्भ में संसद से भी उपयुक्त में दूरभाष पर बात किया और उन्होंने आश्वासन दिया कि सुरदा माइंस लीज से सबंधित फाईल को जिला खनन पदाधिकारी को एडीसी से हस्ताक्षर करवा उनके कार्यालय में आदेश दे दिया गया है। इसके उपरांत लीज डीड बनाने हेतु जल्द आदेश की फाईल खान सचिव को भेज दिया जायेगा। उपाय में दूरभाष पर संसद को बताया सुरदा माइंस के लीज क्षेत्र 65 हेक्टेयर वन भूमि का वन भूमि उपयोजन हेतु स्वीकृति प्रदान करने हेतु जिला वन अधिकार की बैठक बुलाने हेतु आइटीडीआर के निदेशक को भी आदेश दे दिया गया है। सांसद ने मजदूर प्रतिनिधि मंडल को भरोसा देते हुए कहा कि उनके संसद के मानसून सत्र से लौटने के बाद रांची में खान सचिव से भी उन्हें मिलाएगें। उन्होंने कहा की जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री से भी मजदूरों के प्रतिनिधिमंडल के साथ सुरदा और बंद पड़ी माइंस को जल्द से जल्द खुलवानेके लिए मुख्यमंत्री से भी मिलेगें।

# सीतारामडेरा में सावन महोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर की महिलाओं के द्वारा सीतारामडेरा में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन पूनम जायसवाल, चंदन जायसवाल, श्वेता छाबड़ा, तारा साहू एवं विभा जायसवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सावन क्वीन में सैकड़ो महिला बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जज के रूप में मंदिरा बोस शामिल रही।मौके में बकेट गेम में नूतन शर्मा को प्रथम,पदमा जायसवाल को द्वितीय, पासिंग गेम में अलका जायसवाल को प्रथम और ललिता मिश्रा को द्वितीय,सावन क्वीन में रंजीता जायसवाल को प्रथम रनर, अनीता गुप्ता को सेकंड रनर और रिया बनर्जी तृतीय रनर चयनित की गई। क्विज प्रतियोगिता में बिना प्रसाद, मीना सिंह, सीमा गांधी, श्वेता छाबड़ा, मेनका जायसवाल, शारदा तिवारी, ममता, बेबी, अनुराधा करन, अनुराधा जायसवाल, पदमा जायसवाल, मधु प्रिया, पार्वती देवी रीना जायसवाल, रश्मि वर्मा, आनंदी सिन्हा, सीमा जयसवाल, सुधा श्रीवास्तव, रानी मंजरी, नूतन शर्मा, लिली जायसवाल, रूबी जायसवाल, अर्चना, टिन्नी जीत हासिल की। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सक्षम चौधरी के द्वारा फोटोग्राफी और डीजे कार्यक्रम किया गया। धन्यवाद ज्ञापन चंदन जायसवाल ने की।

## महत्वपूर्ण खबरें

### रंका प्रखंड के 14 पंचायत मुख्यालय में लगा मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का कैंप



रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड के सभी 14 पंचायत मुख्यालय गाँवों में शनिवार को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 49 वर्ष तक के बहन बेटी महिलाओं से आवेदन लिया गया। बताते चलें की मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के तहत उक्त उम्र के महिला को प्रति मांह एक हजार रुपये सम्मान राशि देने के लिए झारखंड के हेमंत सोरेन की सरकार प्रतिबद्ध है। इस कैंप में नोडल पदाधिकारी के रूप में सभी संबंधित पंचायत सचिव, संबंधित पंचायत के प्रज्ञा केंद्र संचालक कंप्यूटर ऑपरेटर, आंगनबाड़ी सेविका एवं मुखिया उपस्थित रहे। वहीं कंचनपुर पंचायत में पंचायत सचिव सुष्मिता कुमारी, कंचनपुर ऑपरेटर श्रीराम ओझा, आंगनबाड़ी सेविका कंचन देवी एवं मुखिया प्रतिमा देवी, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, उपमुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर तिवारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### वेबसाइट का लिंक फेल, महिलाएं परेशान




बिशुनपुरा (आजाद सिपाही)। गढ़वा प्रखंड के सभी पंचायत भवन में मुख्यमंत्री मंईयां योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं की भीड़ लगी रही। योजना का बेवसाइट का लिंक फेल होने के कारण महिलाएं काफी परेशान दिखी। पतिहारी पंचायत में शिविर का शुभारंभ मुखिया रब्या फिरदौशी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। वही उपस्थित बीडीओ संदीप कुमार मद्धेशिया ने कहा कि इस योजना के तहत 21 वर्ष से 49 वर्ष की सभी महिलाओं को जोड़ कर लाभन्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड, पहचान पत्र, राशन कार्ड, फोटो एवं स्वघोषणा पत्र लाना अनिवार्य है। इसका आवेदन आंगनवाड़ी केंद्र से निःशुल्क दिया जारहा है। सभी पंचायतों में दस अगस्त तक शिविर लगाया जायेगा। मौके पर मुखिया प्रमिला देवी, ब्यूटी सिंह, ददन सिंह, अशोक पासवान, मुन्ना अंसारी, प्रवीण यादव, पंकज सिंह उपस्थित थे।

### नहीं मिल सका मंइयां सम्मान निधि का फॉर्म



सगमा (आजाद सिपाही)। सर्वर के साथ नेटवर्क ने मंईयां सम्मान निधि योजना पर पानी फिर गया। सगमा प्रखंड के पांच पंचायतों में सिर्फ दो का हुआ आनलाइन। झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी मईया सम्मान निधि योजना के लिए लगाये गये प्रथम दिन के शिविर में सर्वर डाउन रहने एवं नेटवर्क की समस्या के कारण सिर्फ मात्र दो फार्म का आनलाइन फर्म किया जा सका है। इसे लेकर सगमा प्रखंड के सभी पांच पंचायतों में मंईयां सम्मान निधि योजना शिविर के प्रथम दिन सर्वर डाउन होने के साथ नेटवर्क नही मिलने से सोनडिह पंचायत में एवं कटहर कला पंचायत में एक एक फार्म का आन लाइन किया गया है, जबकि बीरबल पंचायत सगमा पंचायत तथा घघरी पंचायत में फार्म ऑनलाइन करने की उपलब्धि शून्य रहा। इस योजना को लेकर भारी बारिश के बावजूद सभी पंचायत सचिवालय में महिलाओं की भारी भीड़ देखी गयी। उनका कहना था कि खेती-बारी का काम बंद कर शिविर में पहुंचे हैं, मगर दिन भर खड़ा रहने के बाद फॉर्म नहीं मिला।

### कोयल नदी में उफान, उंटरी रोड पुल में कंपन के बाद प्रशासन ने आवागमन बंद कराया



बरडीहा (आजाद सिपाही )। दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से कोयल नदी में उफान है। मझिआंव ऊंटारी रोड पलामू जाने आने पर भी कोयल नदी पर बना पुल पानी के कंपन से हिलने की बातें थाना प्रभारी ने बतायी। इसके बाद सीओ शंभू राम एवं बीडीओ शतीश भगत के निर्देश पर पुल को ब्रैकेट लगा दिया गया है। पैदल आने जाने पर रोक लगा दी गयी है। उधर ऊंटरी रोड के पुलिस के द्वारा ब्रैकेट लगा दिया गया है। इधर मझिआंव थाना के द्वारा गहीड़ी पुल के समीप ब्रैकेट लगाया गया है। इस संबंध में अंचल पदाधिकारी शंभू राम ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से लाइन ऑर्डर के तहत देखते हुए तत्काल पुल पर आवागमन पर रोक लगा दी गयी है। पानी कम होने पर यातायात बहाल कर दी जायेगी।

## रेलवे सलाहकार समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय

# दोबारा शुरू होगा बरवाडीह-लखनऊ त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** धनबाद रेल मंडल के निर्देश पर गढ़वा टाउन स्टेशन अधीक्षक चंद्रभूषण कुमार की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें नवनियुक्त रेलवे सलाहकार समिति सदस्य रितेश चौबे, उमेश कश्यप, रविंद्र जायसवाल, संजय कमलापुरी शामिल हुए। रेलवे सलाहकार समिति सदस्यों ने बैठक के दौरान गढ़वा टाऊन स्टेशन में व्याप्त जन समस्या पर चर्चा की एवं व्याप्त जनसमस्याओं को रेल मंत्रालय को जनसमस्या भेजने को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें गढ़वा टाउन स्टेशन पर एयरकंडीशनर वेटिंग हॉल शौचालय सहित बनाया जाने। शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराये जाने, पूछताछ केंद्र शुरू किये जाने, रिजर्वेशन टिकट में वेटिंग टिकट फिर से शुरू किये जाने, यात्रियों को चलने के लिए रेलवे स्टेशन के आस पास पक्कीकरण सड़क किये जाने, गढ़वा टाउन स्टेशन पर एटीएम की सुविधा उपलब्ध कराने, कोरोना काल से अब तक बंद पड़े बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन को फिर से शुरू कराने, बरवाडीह लखनऊ त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस को फिर से शुरू करने सहित अन्य विषयों पर प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त प्रस्ताव को लागू करने के लिए रेल मंत्रालय को भेजा जा रहा है।

मौके पर स्टेशन अधीक्षक चंद्रभूषण कुमार ने ने बताया कि रेलवे ने निर्णय लिया है कि छोटे-छोटे स्तर पर बैठक कर जन समस्या को सरकार तक पहुंचाना है, जिससे आम जनमानस को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। रेलवे सलाहकार समिति सदस्य रितेश चौबे सहीत उपस्थित सदस्यों ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार आम जनता के समस्याओं के समाधान के लिए काम कर रही है, उसी तरह से रेलवे स्टेशन में व्याप्त जन समस्याओं को दूर करने के लिए इस तरह की बैठक की जा रही है, जिससे आम जनता का समस्या को दूर किया जा सके। मौके पर रेलवे यातायात निरीक्षक विजय प्रकाश सहित अन्य कई गढ़वा टाउन के रेलवे कर्मचारी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना

# प्रचार-प्रसार को लेकर जागरूकता रथ रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा ने शनिवार को समाहरणालय परिसर गढवा से ह्लझारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजनाह्व के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त समेत मुख्य रूप से जिला जन संपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत राज्य के सभी युवतियों व महिलाओं, जिनकी उम्र 21 से 50 वर्ष की आयु की हों एवं राशनकार्ड, मतदाता पहचान पत्र व आधार कार्ड में नाम दर्ज हो, साथ ही बैंक खाता संख्या समेत योजना के तहत अन्य योग्यता रखती हों, योजना का लाभ ले सकेंगे। इसके मद्देनजर योग्य लाभुकों को उक्त योजना के लाभ से आच्छादित करने के उद्देश्य से जिले के सभी पंचायतों व शहरी क्षेत्रों के विभिन्न वार्डों में विशेष शिविर का आयोजन किये जाने संबंधी एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों से आमजनों को अवगत कराने हेतु जागरूकता रथ को चलाया जा रहा है, ताकि शत-प्रतिशत लाभुकों को योजना का लाभ मिल सके।

# शिक्षक संघ ने नये डीइओ और डीएसइ का स्वागत किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ ज़िला इकाई गढ़वा के तत्वावधान में जिले के नव पदस्थापित डीइओ कैसर रजा एवं डीएसइ अनुराग मिंज का डीइओ कार्यालय में एक लघु कार्यक्रम कर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। स्वागत समारोह में जिले के दोनों नवपदस्थापित पदाधिकारियों को सर्वप्रथम उपस्थित प्रबुद्ध शिक्षकों ने बारी-बारी से माल्यार्पण किया और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। जिलासचिव नागेंद्र चौधरी ने डीइओ गढ़वा को और जिला कोषाध्यक्ष सरफुल्लाह अंसारी ने डीएसई गढ़वा को एक-एक पौधा भेंट किया।

सर्वप्रथम स्वागत समारोह कार्यक्रम मे स्वागत गीत उच्च विद्यालय पेशका के प्राचार्य नेयाजुद्दीन अंसारी के द्वारा गाया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का स्वागत भाषण झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने दिया। इन्होंने कहा कि गढ़वा जिले को दो ऊजार्वान, कर्मठ एवं शिक्षा प्रेमी पदाधिकारी मिले हैं, जो हम शिक्षकों के लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है। डीइओ कैसर रजा इस जिले के भौगोलिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक तौर पर पूरी तरह वाकिफ हैं। हम शिक्षकों को इनसे काफी अपेक्षाएं हैं और हमें उम्मीद है कि पदाधिकारी इस जिले में शिक्षा, शिक्षक एवं शिक्षालय के क्षेत्र में नवाचारी कदम उठायेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष ने दोनों अधिकारियों से अनुरोध किया कि झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई गढ़वा पूरे शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों की सार्वजनिक हित की बात करता है। इसलिए किसी भी सार्वजनिक मुद्दे पर सभी शिक्षक संघो से विचार विमर्श कर आदेश/निर्देश निर्गत करने का कार्य करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा ने कहा कि मैं भी व्यक्तिगत रूप से काफी आह्लादित हूं कि मुझे पूर्व परिचित जिले में डीइओ के रुप में कार्य करने का एक सुअवसर प्राप्त हुआ है। मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि शिक्षा विभाग एवं शिक्षक संघ दोनों मिल कर सहयोगात्मक तरीके से जिले के शैक्षणिक माहौल में अपेक्षित नवाचारी सुधार लाया जा सके।

जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने कहा कि हम सभी मिलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कार्यों का निष्पादन करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन जिला सचिव नागेंद्र चौधरी एवं जिला कोषाध्यक्ष सरफुल्लाह अंसारी के संयुक्त अगुवाई में किया गया। धन्यवाद ज्ञापन के संबोधन में जिलासचिव नागेंद्र चौधरी ने किया।

### युवक से मारपीट कर लूट लिये 10 हजार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला रांची नेशनल हाईवे स्थित खोरा भकुवा टोली गांव में शुक्रवार की रात दो लोगों ने गांव के ही बिरसा उरांव को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया वहीं उसके पॉकेट से ?10 हजार भी लूट लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घायल को सदर अस्पताल एम्बुलेंस से भिजवाया। जानकारी के अनुसार बिरसा गांव में ही शराब का सेवन किया इसके बाद दो लड़कों से उसका विवाद हो गया। वहीं लड़कों ने उसे गांव के किनारे ले जाकर मारपीट किया और उसके पैसे छीन लिए। लोगों ने बताया एनएच रोड में जमीन अधिग्रहण के पैसे बिरसा उरांव को मिले हैं। पैसों से वह शराब का सेवन करता है और पैसा लेकर घूमता है। उसके साथ रह रहे युवकों ने ही उसके साथ मारपीट व लूटपाट की होगी। लेकिन नशा में रहने के कारण उन लोगों को वह नहीं पहचान पाया जिन्होंने उसके साथ मारपीट की।फिलहाल सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

### गर्म पानी से दो वर्षीय मासूम झुलसा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सुगा कांटा कांसीर डांड निवासी गणेश सिंह की 2 वर्षीय पुत्री रूपा कुमारी गर्म पानी से झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रायडीह ले गए। जहां से उसे गुमला भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात घायल बच्चे की मां घर में दाल बनाने के लिए लकड़ी के चूल्हे में पानी गर्म कर रही थी। और अपनी दो वर्षीय पुत्री को समीप ही बैठाई थी। मां अपने अन्य काम में लगी थी। तभी रूपा अचानक गरम पानी के बर्तन पर हाथ मार दी जिससे उसका पेट और छाती झुलस गया। तेज जलन से बच्ची छटपटाते हुए चिल्ला चिल्ला कर रोने लगी। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

### धान रोपने के क्रम में महिला को सांप ने काटा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत अरंगी डांड टोली गांव में शुक्रवार की शाम धान रोपने के क्रम में एक महिला को सांप ने पैर में काट लिया। इसके बाद घायल महिला गांगी उराइन को रेफरल अस्पताल सिसई ले जाया गया। जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक महिला अपने खेत में धान रोप रही थी। तभी पानी के अंदर एक सांप उसके पैर के नीचे आ गया वहीं सांप उसके पैर में लिपट गया इसके बाद सांप ने महिला को पैर में काट लिया और वहां से भाग गया। इसके बाद महिला को अस्पताल ले जाया गया। शुक्रवार की रात करीब 10 बजे महिला को इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

### भाजपा की प्रमंडल स्तरीय बैठक आयोजित

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय में प्रमंडलीय बैठक का आयोजन हुआ। संगठन को धारदार बनाने के सुझाव दिया। संगठन को मजबूती के साथ चुनाव की तैयारी एवं चुनाव लड़ने की बात कही। अभी से हीं चुनाव की तैयारी में लग जायें। सभी भाजपा परिवार को मिल कर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने की दिशा में सभी कार्यकर्ता लगन से लग जायें। उन्होंने कहा कि जनता को झूठ का सहारा अब नहीं भा रहा है। भाजपा की सरकार राज्य में लाने की चाह जनता की है. जनता इस बार मन बना चुकी है कि राज्य में दुबारा भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनके रहेंगे। प्रमंडलीय बैठक में जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक, पूर्व मंत्री बिमला प्रधान, जिला महामंत्री दीपक पुरी, मुकेश श्रीवास्तव, पूर्व प्रत्यासी श्रद्धानंद बेसरा, पूर्व प्रत्यासी सुजान मुंडा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, किशन मोर्चा हीरा राम, एसटी मोर्चा बसंत नारायण व अनूप प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

# रंका प्रखंड का विकास पिछले 15 सालों में जस का तस : गिरिनाथ



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह की परिवर्तन यात्रा रंका प्रखंड में लगातार जारी है। इस यात्रा के दौरान श्री सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान किये गये कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने पुल, पुलिया, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण काम किये थे।

श्री सिंह ने रंका को अनुमंडल बनाने का अपना दायित्व बताया और कहा कि रंका प्रखंड का विकास पिछले 15 सालों में जस का तस पड़ा रहा। उन्होंने इस बात पर चिंता जतायी कि आज भी लोग सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत समस्याओं से वंचित हैं।

परिवर्तन यात्रा के दौरान श्री सिंह ने मुख्य रूप से पंचायत खपरो के गांव सोनपुरवा, लीदीकंडा और खपरो का दौरा किया। इस यात्रा में सुलपानी सिंह, रामलखन यादव, सुनील माली, आदम अंसारी, वकील अंसारी, इसरफील अंसारी, हसनैन अंसारी, मोरसीम अंसारी, आलमगीर अंसारी, सदरुदिन अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

श्री सिंह ने ग्रामीण जनता के सामने अपने कार्यकाल के दौरान किये गये कार्यों की जानकारी दी और भविष्य के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे रंका प्रखंड को विकास की नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तत्पर हैं और जनता के सहयोग से यह संभव हो सकेगा।

# कोयल नदी में ऊफान डूबी हल्दी की फसल



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले 20 घंटे से हो रही लगातार वारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। लोग घरों में दुबके हुए हैं। कोयल एवं पंडी नदी सहित सभी छोटी छोटी नदियों में बाढ़ आ गयी है। सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल पर पंडी नदी उफान पर है। नदी में बने पुल को छूती हुई बाढ़ का पानी बह रहा है। साथ ही भगवती मंदिर के गर्भ गृह में भी चार फीट पानी भरा हुआ है। मंदिर के पुजारी आदित्य पाठक ने बताया कि सुबह की पूजा ऊपर से ही किया गया है। अगर शाम तक बाढ़ की पानी से पुल भर जाता है, तो मंदिर में संध्या आरती करने में परेशानी होगी। पंडी नदी में आयी बाढ़ का पानी हेंठार क्षेत्र के खेतों में भी फैल गया है।

उधर कोयल नदी में भी बाढ़ की स्थिति उतपन्न हो गयी है। कोयल नदी के दोनों किनारों तक पानी भर गया है। खरौंधा पंचायत के गांव जयनगरा के खेतों में लगी व्यावसायिक फसल हल्दी बाढ़ के पानी में डूब गया है। पीड़ित ने बताया कि नीलगाय व सुअर द्वारा दूसरे फसल बर्बाद किये जाने के कारण अब हम लोग हल्दी की खेती करते हैं। किसान दिलीप मेहता, संजय मेहता, रंजन मेहता, बिगन मेहता, सुमंत मेहता, गुप्तेश्वर मेहता, जय कुमार ने बताया कि हम सभी अपने एक एक एकड़ खेतों में हल्दी का फसल लगाया हूं, लेकिन कोयल नदी में आयी बाढ़ में सारा फसल डूब कर बर्बाद हो गयी है।

# भाजपा का मुख्य उद्देश्य समाज में बिखराव पैदा करना है : राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** 'एक मुलाकात अपनों के साथ' कार्यक्रम के तहत कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने अपने दो दिवसीय दौरे के क्रम में शनिवार को श्री बंशीधर नगर पहुंचे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं एवं उनके परिजनों के साथ मुलाकात कर संगठन के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस अभियान के दौर में उनके साथ मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मानस सिन्हा, झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान भी शामिल थे। इस क्रम में उन्होंने नगर ऊंटारी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला के वरीय उपाध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, दिलू चौबे, सगमा प्रखंड अध्यक्ष देवचंद यादव, धुरकी प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, रमना प्रखंड अध्यक्ष मंसूर अंसारी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष धुरकी निवासी ओवैदुल्लाह हक अंसारी, डंडई प्रखंड अध्यक्ष क्याम अंसारी सहित अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन के संदर्भ में चर्चा कर उनके विचारों एवं जनता के साथ हो रही समस्याओं से अवगत हुए।

कार्यक्रम के दौरान श्री बंशीधर नगर में स्थित सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव के पहले झारखंड में वातावरण में आग फैलने के लिए बेचैन है। आपसी एकता और मजबूती से ही भाजपा द्वारा सूबे में फैलाएं जा रही नकारात्मक अभियान का मुकाबला किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा तनाव फैलने की तैयारी में है, लेकिन हमें सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहना है।

प्रदेश अध्यक्ष ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही पर कहा कि श्री शाही सड़क पर जनता के मुद्दों पर सोने का काम नहीं करते हैं और विधानसभा में सोकर सस्ती लोकप्रियता पाने का नाटक करते हैं। ऐसे में उनके नाटकीय खेल को जनता जान चुकी है। उनके नाटक करने से कोई फायदा होने वाला नहीं है। झूठमूठ कर सदन में हंगामा कर समय को बर्बाद करने का काम किया है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कहा की एक मुलाकात अपनों के साथ कार्यक्रम में अपनों से मुलाकात कर उनकी बातों को सुनना है और वस्तु स्थिति से अवगत होना है। कांग्रेस बूथ स्तर पर मजबूत है। कार्यकर्ता चुनाव के लिए मजबूती के साथ तैयार हैं। नेता और कार्यकर्ता जनता के बीच सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने में मुस्तादी से लगे हुए हैं। कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ राज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष ओबेदुल्ला हक अंसारी, वरीय उपाध्यक्ष शैलेश चौबे, जिला महासचिव ओम प्रकाश चौक, राजेश रजक, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर अजीत तिवारी, मीडिया प्रभारी मुशाहिद हसन आदि मौजूद थे।

# सिमडेगा कांवर यात्रा में सेवा के लिए बजरंग दल चलंत चिकित्सा सेवा रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**सिमडेगा।** लगातार 25 वर्षों से हो रही उड़ीसा के त्रिवेणी संगम वेदव्यास से लेकर सिमडेगा सरना मंदिर कांवर यात्रा शनिवार को शुरुआत हुई। कांवरिया लोगों को चिकित्सा सेवा मुहैया करने के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल द्वारा महावीर चौक सिमडेगा के पास विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव द्वारा हर हर महादेव की जय घोष के साथ बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के सदस्यों को ओड़िशा के लिए रवाना किया।

मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी कांवरिया लोगों के बीच चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के उद्देश्य से चलन चिकित्सा सेवा को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि उक्त चिकित्सा शिविर में जरूरत की सभी प्रकार की दवाई, मलहम पत्ती सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है, ताकि 75 किलोमीटर की लंबी कांवर यात्रा के दौरान किसी भी कांवरिया को अगर चोट लगती है या फिर उन्हें चलने में परेशानी होती है, तो उन्हें तत्काल वहीं पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। वहीं मौके पर उन्होंने कार्य में सहयोग के लिए सिमडेगा स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया। वहीं इस मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष के अलावा नारायण दास लहरू सिंह बजरंग दल जिला संयोजक आनंद जायसवाल नगर संयोजक मानस प्रसाद सुमित गुप्ता बलराम अग्निवेश सहित 40 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 04 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


## जंगली हाथी ने मचाया उत्पात, फसल नष्ट की



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कुरमाडीह टोला बिस्टाटांड़ में शुक्रवार रात को एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। गांव के किसान आशुतोष महतो और भगीरथ महतो के खेत में लगे लौकी की फसल को नष्ट कर दिया साथ ही किसान धरम नाथ महतो के धान की बिछड़ा को नष्ट कर दिया।ग्रामीण सुभाष चंद्र महतो ने बताया कि विगत कई दिनों से इस क्षेत्र में जंगली हथियों द्वारा आतंक मचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिलिद जंगल, कुटाम पहाड़ और सीमावर्ती क्षेत्र हेसाडीह जंगल में कयी समूह बना कर जंगली हाथी डेरा जमाये हुए है। रात होने से ही गांव की और कुच करता है और गांव में आतंक मचाता है। प्रतिदिन किसानों के फसल को नष्ट कर देता हैं। वन विभाग की और से इस क्षेत्र में जमे हाथियों को भागने के लिए कोई पहल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मांग किया है कि वन विभाग किसानों के नष्ट फसल के बदले मुआवजा राशि भुगतान किया जाये और इस क्षेत्र से हाथियों को अविलंब भगाया जाये।

## बारिश के कारण काफी नुकसान, रात भर बिजली गुल, कोयला उत्पादन प्रभावित



खलारी (आजाद सिपाही)। लगातार 36 घण्टे हुई बारिश से खलारी तथा मैकलुस्कीगंज क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। एनके एरिया के कोयला खदानों में पानी भर जाने से कोयला उत्पादन प्रभावित हुआ है। वहीं कई जगहों पर घरों की दीवार गिर गयी, वहीं रात भर खलारी और मैकलुस्कीगंज में बिजली भी गायब रही। मैकलुस्कीगंज स्टेशन के समीप बने कई रेलवे क्वार्टर में पानी घुस गया था। लगभग आठ क्वार्टर में बाहर और घर के अंदर तक पानी घुस गया था, जिसके कारण घर में रखे कई समान भी खराब हो गया है। काफी मशक्कत के बाद घर से पानी निकाला गया। वहीं लपरा विकास नगर में किशोर राम की घर की बाउंड्री गिर गया है। साथ ही सड़क किनारे एक पोल भी बारिश में गिर गया था। वहीं खिलान धौड़ा स्थित गुड्डू साव की घर की बाहरी हिस्से की दीवार गिर गया है। बारिश के कारण मैकलुस्कीगंज चामा मुख्य मार्ग पर लपरा चर्च के समीप मुख्य सड़क पर एक बड़ा पेड़ गिर गया था जिसके कारण बिजली पोल और तार क्षतिग्रस्त हो गया है। सुबह से ही आवागमन बाधित रहने के बाद दिन में पेड़ को काटकर हटाया गया, जिसके बाद आवागमन शुरू हुआ। दामोदर नदी, सपहि नदी और सोनाडुबी नदी भी पूरे उफान पर थी।

## महातीर्थ सतीघाट के पास स्वर्णरेखा नदी उफान पर



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। पांच परगना क्षेत्र के पवित्र ऐतिहासिक महातीर्थ सतीघाट जो सोनाहातू प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के बारेंदा पंचायत के पांडुडीह में बसा है। इस पवित्र ऐतिहासिक महातीर्थ सतीघाट, पांडुडीह स्वर्णरेखा नदी के तट पर बसा गंगा मन्दिर जलमग्न होने के कगार पर है। लगातार दो दिनों से हो रहे भारी बारिश के कारण अचानक स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण नदी उफान पर है। गंगा मंदिर के पुजारी अजय शुक्ला ने स्वर्णरेखा नदी के अंदर जाकर गंगा मन्दिर में पूजा अर्चना करने को लेकर शक्त मना कर दिया है। पुजारी ने सभी माँ गंगा के भक्तों से अपील की है कि जो भी भक्त पूजा करना चाहेंगे वो स्वर्णरेखा नदी के बाहर से ही मां गंगा की पूजा अर्चना करें ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं घटे। बता दें कि लगातार अगल बगल के गांव के लोग पवित्र स्वर्णरेखा नदी के कलकल करती इस मनोरम दृश्य को देखने के लिये आ रहे हैं और स्वर्णरेखा नदी के इस मनोरम दृश्य को अपने अपने कैमरे में कैद कर रहे हैं।

## जेबीकेएसएस की बैठक कल बचरा में

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार में सोमवार पांच अगस्त को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति जेबीकेएसएस की एक आवश्यक बैठक सुबह 11:30 बजे से आयोजित की गई है। इसकी जानकारी देते हुए जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य बबलू सागर मुंडा ने बताया कि इस बैठक मे हजारीबाग जिला कमेटी, बड़कागांव प्रखंड कमेटी, केरेडारी प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस बैठक में शामिल होगे।उन्होंने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं के अलावा आम लोगों से इस बैठक में शामिल होने की अपील की है।

# जनता ने धोखा देनेवालों की पहचान कर लोकसभा चुनाव में जवाब दिया: कालीचरण

**राजनीति का मुद्दा बना खूंटी बाइपास सड़क के शिलान्यास का मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता



सांसद कालीचरण मुंडा।

**खूंटी।** खूंटी जिले का ज्वलंत बाइपास का मुद्दा ज्वलंत अब राजनीतिक मुद्दा बनता जा रहा है। एक ओर पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कांग्रेस को इस मुद्दे पर राजनीति न करने की सलाह दी थी, वहीं अब सांसद कालीचरण मुंडा ने आरोप लगाया है कि भाजपा बाइपास सड़क के मुद्दे पर लोकसभा चुनाव से पहले और बाद में भी राजनीति कर रही है। सांसद ने शनिवार को यहां कहा कि पिछले दिनों उन्होंने खूंटी की जनता की बातों को संसद में रखने का काम किया, तो भाजपा के लोगों को क्या तकलीफ है? यह बातें मेरी नहीं बल्कि यहां की जनता की थी। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी गलतियों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि नियमों की प्रक्रिया के मुताबिक जब तक परियोजना के लिए 75 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण नहीं हो जाता, तब तक किसी भी परियोजना का शिलान्यास करना नियमों के प्रतिकूल है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले खूंटी बाइपास सड़क का शिलान्यास कर जनता को धोखे में डालने की कोशिश की थी, लेकिन यह जनता है और सब जानती है। जनता ने धोखा देने वालों की पहचान कर लोकसभा चुनाव में जवाब देने का काम किया। सांसद ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले शिलान्यास कर जनता को अंधेरे में रखने का क्या मतलब है। उन्होंने कहा कि भू-अर्जन विभाग, खूंटी के पास भूमि अधिग्रहण का कोई प्रपोजल एनएचआई द्वारा नहीं भेजा गया है। 3 कैपिटल-ए अब तक पब्लिस नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में अब तक कोई अनुवर्ती कार्य नहीं हुआ है। भूमि अधिग्रहण के लिए चैतन्या कंसलटेंसी को जिम्मेदारी सौंपी जानी है, लेकिन कम्पनी ने अभी तक एग्रीमेंट तक नहीं किया है। वहीं जिला प्रशासन को भी इससे संबंधित कोई आदेश-निर्देश अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। यही वास्तविकता है खूंटी की बाइपास सड़क की।

# विधायक ने मंइयां सम्मान योजना कैंप की शुरुआत की

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा महिलाओं को सम्मान देने के उद्देश्य से 3 अगस्त से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुभारंभ हुई है। इसको लेकर राज्य के सभी पंचायत भवन में शिविर लगाया जा रहा है। इस क्रम में विधायक ने कपाली नगर परिषद, चांडिल प्रखंड के चांडिल पंचायत भवन, नीमडीह प्रखंड के आदारडीह व झीमड़ी पंचायत भवन, कुकड़ू प्रखंड के पारगामा, सिरुम और कुकड़ू पंचायत भवन तथा ईचागढ़ प्रखंड के गौरांगकोचा पंचायत भवन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा 21 से 49 वर्ष तक की महिलाओं को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से आच्छादित करने का संकल्प हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिया है। उन्होंने कहा योजना का फॉर्म आंगनबाड़ी केंद्र में उपलब्ध है। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, झामुमो कुकड़ू प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, कृष्णा किशोर महतो, हरिदास महतो, नीताई, युधिष्ठिर, नवकिशोर, निरंजन, कृतिवास, राहुल आदि उपस्थिति थे।

# बारिश से नदियों में आयी बाढ़, आवागमन बंद

**कल्याणपुर में डायवर्सन बहा, राय छलटा में बाढ़ आने से कोयला ढुलायी हुई ठप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में पिछले दो दिनों तक हुई जोरदार बारिश के बाद कई जगहो पर भारी नुकसान हुआ है। आफत की बारिश ने कई जगहो पर तबाही मचायी है। जोरदार बारिश और आंधी तूफान के कारण कोयलांचल क्षेत्र के दर्जनों जगहों पर कई विशाल पेड़ धारासायी हो गया, जिसके कारण कई जगहों पर बिजली पोल और बिजली तार टूटकर सड़क पर गिर गया है। वहीं नदियों में बाढ़ आने से कई जगहों पर पुल पुलिया और डायवर्सन बह गया, जिसके कारण आवागमन भी बाधित हो गयी। मिली जानकारी के मुताबिक पिछले दो दिनों से हो रही जोरदार बारिश के बाद शुक्रवार की देर रात को बचरा दामोदर नदी और बचरा सपही नदी में बढ़ आ गया। इन दोनों नदियों में पानी का तेज बहाव होने के कारण बचरा-सपही नदी के छलटा पुल और दामोदर नदी के टेढ़ी पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण उक्त मार्ग पर लोगो का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया। वहीं राय छलटा पुल में बाढ़ आने के बाद सीसीएल के अशोक परियोजना से आरसीएम साइडिंग तक होने वाली कोयले की ढुलाई बंद हो गयी। वहीं पुल निर्माण के लिए रखे गये कई सामान बाढ़ में बह गया। इधर पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर-बहेरा मुख्य मार्ग पर बनाये गये डायवर्सन बह जाने के कारण आवागमण बंद हो गया है। बताया गया कि पांच साल पूर्व यहां पुल बनाने का काम चालु किया गया था, जिसके लिए पुल के बगल से डायवर्सन बनाया गया था, जिससे लोगों का आवागमन होता था, लेकिन पांच साल बीत जाने के बावजूद पुल नहीं बनने के बाद बीती रात हुई जोरदार बारिश के कारण उक्त डायवर्सन बह गया, जिसके कारण यहां आवागमन बंद हो गया है। इधर बारिश के कारण कोयला खदान में कोयला खनन का कार्य प्रभावित रहा। कोयला खदान में बड़े और भारी मशीनों का परिचालन बंद रहा। वही ट्रांसपोटिंग कार्य पर भी बारिश का असर देखने को मिला। दो दिनो की इस बारिश के बाद पुरा कोयलांचल क्षेत्र पानी-पानी हो गया है। इधर भारी बारिश के कारण झारखंड सरकार के निर्देश पर शनिवार को कोयलांचल क्षेत्र के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूल बंद रहा। दामोदर और सपही नदी मे बाढ़ आने के बाद यहां बाढ़ देखने के लिए बच्चों और उनके अभिभावकों की भीड़ दिन भर नदियों के पास देखी गयी। दामोदर नदी में बाढ़ का भयावह नजारा देखने को मिला। वहीं कारो गहरी नदी और बुंडु के दामोदर नदी का भी जल स्तर लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण नदी के अगल-बगल रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा जा रहा है।

## पूर्व विधायक और मंत्री राजा पीटर ने शोक संतप्त परिवार को बंधाया ढांढस



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ के पूर्व विधायक और मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर शनिवार को अमलेशा पंचायत के बुरुडीह गांव पहुंचे। शनिवार को स्व मंगला देवी पति स्व पीतांबर मुंडा की सुबह मृत्यु हो गयी थी। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और इस दुःख की घड़ी में संयम बरतने को कहा। शनिवार की सुबह ही बाडू नदी के तट पर मिट्टी दी गयी। इस अवसर पर शंभूनाथ मुंडा, सत्य नारायण मुंडा, रंजीत मुंडा, बुधन मुंडा, लखीनारायन मुंडा आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

## श्यामलता देवी विधवा पेंशन पाने के लिए ढेड़ वर्षों से लगा रही कार्यालयों का चक्कर



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड के अमलेशा पंचायत के बुरुडीह गांव के विधवा श्यामलता देवी पति स्व महावीर मुंडा विधवा पेंशन पाने के लिए ढेड़ वर्षों से दौड़ रही है। झारखंड सरकार की योजना आपकी योजना आपकी सरकार में आवेदन दी और गांव के मुखिया और महिला समिति को भी आवेदन दी, लेकिन आज तक उन्हें विधवा पेंशन नहीं मिला है। इनके पति की आठ अप्रैल 2023 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। मृत्यु हित लाभ भी नहीं मिला, इनके छह बच्चे है। घर का भरण-पोषण बड़ी कठिनाई से हो रहा है। सरकार कहती है कि मृत्यु होने के तत्काल बाद से ही पेंशन दिया जायेगा, लेकिन सरकारी मुलाजिम सरकार की योजना पर पानी फेर रहें हैं।

## जंगली हाथियों के झुंड ने किसानों के सब्जी की फसल को किया नष्ट



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चोगा गांव में शुक्रवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने किसानों के सब्जियों को नष्ट किया। हाथियों के उत्पात से किसान त्रस्त हैं। शुक्रवार की रात गांव के किसान सागर महतो, धरम सिंह महतो, चमरा कोइरी, दिनेश कोइरी, दिलेश्वर कोइरी, सशोधर महतो और गोकुल कोइरी का मकई, बोदी, लौकी, बैगन सहित कई किसानों के फसल को खाया और रौंद दिया है। इधर हाथियों के उत्पात की सूचना पर पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू गांव जाकर किसानों की नुकसान की जानकारी लिया। वन विभाग से बात कर मुआवजा देने पर तेजी लाने को कहा।

## भाजपा नेताओं ने सदर अस्पताल जाकर जाना मरीजों का हाल



खूंटी (आजाद सिपाही)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशा उपाध्यक्ष और खूंटी के विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो ने शनिवार को सदर अस्पताल जाकर वहां इलाजरत भाजपा तोरपा प्रखंड अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी की पत्नी का हाल समाचार लिया। बाद में उन्होंने भाजपा नगर मंडल के महामंत्री शंकर प्रधान की पत्नी का भी हाल समाचार लिया। ज्ञात हो कि तोरपा मंडल कें अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी की पत्नी और शंकर प्रधान की पत्नी को तबीयत खराब होने कें बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर काशननाथ महतो ने अस्पताल के डॉक्टर से मुलाकात करर दोनों के बेहतर इलाज का अनुरोध किया। मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री विनोद नाग, नगर अध्यक्ष सुरेश जयसवाल, रनिया प्रखंड अध्यक्ष निखिल कंडुलना, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राजेश नाग आदि मौजूद थे।

## बारिश से डूब गया राहे का धोबी मुहल्ला

राहे (आजाद सिपाही)। भारी बारिश से राहे प्रखंड अंतर्गत राहे गांव का धोबी मुहल्ला डूब गया है। शुक्रवार रात 11 बजे के बाद मुहल्ले के गली में पानी बहने लगा जो धीरे धीरे घुटना से ऊपर हो गया। 40 से अधिक घरो में पानी घुस गया। मुहल्ले के गली में शनिवार दिन भर घुटना भर पानी रहा। पानी का निकासी नही होने के कारण काफी समय तक जल जमाव बना रहा। ग्रामीणों का कहना था कि झरिया बांध से निकलने वाली नहर टूट गया था जिससे नहर का पानी सीधे धोबी मुहल्ला में बह गया। इधर मुहल्ला डूबने की सूचना आजसु प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो को दिया गया। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए तत्काल जेसीबी से एक खेत मे निकासी का रास्ता बनाया गया। पानी निकासी होने पर डुबने का खतरा टल गया है।

## काउंसिल के प्रतिनिधियों ने की जीएम के साथ बैठक




पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में शनिवार को ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी एम्पलाई को-आर्डिनेशन काउंसिल पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी और पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार के बीच परिचय बैठक संपन्न हुई। बैठक में काउंसिल के क्षेत्रीय सचिव रतन लाल के नेतृत्व मे और सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन की उपस्थिति में काउंसिल के प्रतिनिधियों ने फूलों का गुलदस्ता, शॉल और मोमेंटो देकर नये जीएम संजीव कुमार का स्वागत किया। इसके बाद सभी प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से अपना परिचय दिया। बैठक के दौरान काउंसिल के द्वारा एससी एसटी ओबीसी से जुड़े विभिन्न समस्याओं जैसे आरक्षण, प्रमोशन, रोस्टर बैकलॉग, कार्यालय आवंटन, वेलफेयर, सीएसआर, विस्थापन और कोयला उत्पादन लक्ष्य हासिल करने और नयी परियोजना अशोका वेस्ट और मंगरदाहा भूमिगत खदान को जल्द खोलने जैसे मुद्दों को प्रमुखता के साथ उठाया। जिस पर महाप्रबंधक ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन देते हुवे कहा कि काउंसिल के मांगो पर प्रबंधन गंभीर है और जल्द ही परिणाम देखने को मिलेंगे। मजदूरों का कल्याणकारी कार्य पर संबंधित विभाग प्रमुख को दिशा निर्देश दिये गये। नयी परियोजनाओं को खोलने हेतु तेजी से प्रयास किए जा रहा है। इस मौके पर प्रबंधन एसओ सिविल बिपिन कुमार, एसओ ईएंडएम जेएन दत्ता, एलएंडआर प्रमुख मोहन लाल सिंह, संपर्क अधिकारी रवि बारा और काउंसिल की और से इकबाल हुसैन, रतन लाल, रामचंद्र उरांव, रामेश्वर भोगता, इंतियाज अंसारी, दिलनवाज अंसारी, मो. जुल्फान, बीरेंद्र महतो,आनंद कुमार, शंभू राम, सुखदेव राम, रोशन गुप्ता, रमेश चौहान राहुल राम, मथुरा मंडल, मुकेश गंझु, मो. अनवर, मो.कलाम, बाबूलाल टाना भगत, बीरू मुंडा, सूरज मुंडा आदि लोग मौजूद थे।


# झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की शुरुआत

## इचागढ़ में आवेदन देने उमड़ी भीड़



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में शनिवार से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का आवेदन जमा करने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 9 बजे ही लोग पंचायत में जमा होने लगा था। परंतु प्रखंड क्षेत्र के किसी किसी पंचायत में एक भी आवेदन ऑनलाइन नहीं होने के कारण लोगों में काफी नाराजगी दिखाई दिया। दिन भर सर्वर डाउन होने के कारण प्रज्ञा केंद्र संचालक वालों को भी काफी कठिनाई हुई। सितु पंचायत के प्रज्ञा केंद्र संचालक बंशीधर महतो ने बताया कि तीन अगस्त से दस अगस्त तक मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का आवेदन जमा लिया जा रहा है, परंतु शनिवार को मात्र पांच लाभुक का ही आवेदन ऑनलाइन पाया। जिसके बाद दिन भर सर्वर डाउन होने के कारण आम लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

## मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का लगा शिविर



पिपरवार (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के द्वारा शुरू किए जाने वाले मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर पिपरवार क्षेत्र के कई पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। बेंती पंचायत समिति सदस्य कुमारी अनुप्रिया ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर बेंती के जनसेवक मो. इमरान, मुखिया पति गणेश भुईयां, अरूण पासवान, आंगनबाड़ी सेविका उर्मिला देवी,अजय प्रजापति, एजाजुल अंसारी, दिलीप प्रजापति, रोहित साहू, सिकेंद्र प्रजापति, उमेश प्रजापति,गोलू केशरी,भरत गंझु,चमन गंझू सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाइ) का लाभ लेने को लेकर शनिवार से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। शनिवार को जिले की सभी 86 पंचायतों एवं नगर पंचायत के चिह्नित स्थानों पर कैम्प का आयोजन कर लाभुकों से आवेदन लिये गये। इस दौरान कैंपों में लाभुकों की काफी भीड़ देखने को मिली। जिले की 21 से 50 आयु वर्ग की महिलाएं और बहनों ने कैंपों में जाकर अपना आवेदन भर कर जमा किया। उल्लेखनीय है कि पंचायतों और नगर पंचायत के चिह्नित स्थानों पर 10 अगस्त तक आयोजित होनेवाले कैम्पों के आयोजन में जिले के वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी और कर्मी सक्रिय भूमिका निभा रहे है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा के दिये निर्देश पर पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा सक्रिय भूमिका निभाते हुए लाभुकों से आवेदन लेने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही हैं।

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 आयु वर्ग की महिलाओं को एक हजार रुपये प्रति माह अर्थात हर साल 12 हजार रुपये मिलेंगे। इस योजना के आवेदन के लिए मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आधार से लिंक्ड आवेदिका का सिंगल बैंक खाता और मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। उपायुक्त ने जिले के योग्य लाभुकों से अपील की है कि इस योजना की अहर्ता रखनेवाली योग्य लाभुक अधिक से अधिक संख्या में पंचायत और नगर पंचायत में लगने वाले कैंपों में जाकर अपना आवेदन जमा करें और सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठायें।

## बुंडू के 13 वार्डो में कैंप लगाया गया



बुंडू (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार द्वारा चलायी जा रही मंईया योजना के तहत नगर पंचायत बुंडू के 13 वार्डो में कैंप लगाया गया। कैंप में दिन के साढ़े ग्यारह बजे तक कोई भी पदाधिकारी अपने कैंप स्थल पर नहीं पहुंचे थे। जबकि योजना का लाभ लेने के महिलाओं की भीड़ कतारबद्ध खड़ी थी। शनिवार को सर्वर नहीं रहने के चलते नगर पंचायत में चार लाभुकों का ही नाम योजना से जोड़ा जा सका। सुबह से महिलाएं अपना नाम ऑनलाइन करवाने के लिए शाम के 5:00 तक लाइन में खड़ी रही, लेकिन सबको निराशा ही लगी। यह योजना 3 अगस्त से 10 अगस्त तक लाभुकों का नाम ऑनलाइन किया जा सकेगा।

## खलारी प्रखंड के सभी पंचायतों में लगा शिविर




खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड के सभी पंचायतों में शनिवार को झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना को लेकर शिविर की शुरू की गयी। पंचायतों के शिविर में सैकड़ों की संख्या में पहुंच कर महिलाओं और युवतियों ने आवेदन भरकर जमा किया। परंतु तकनीकी कारणों से सिर्फ दो पंचायत में कुल 11इंट्री ही हो पायी। खलारी बीडीओ संतोश कुमार ने बताया कि शिविर में तकनीकी दिक्कत आ रही थी, सॉफ्टवेयर ठीक से काम नहीं करने और सर्वर डाउन होने की शिकायत मिल रही थी और यह समस्या पूरे झारखंड से मिल रही थी। जिस वजह से प्राप्त आवेदनों की एंट्री नहीं हो पायी।

## सिंगारी गांव के मझियस तालाब की मेड़ टूटी, आवागमन बाधित



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदीरी।** पिछले दो दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश से क्षेत्र के किसानों के हर खेत में धान रोपाई लायक पानी तो मिल गया। लेकिन अधिकांश लोगों की मुश्किलें भी बढ़ गयी है। अति बारिश से सुरसू पंचायत अंतर्गत सिंगारी गांव के मझियस तलाब का मेड़ टूट गया। जिस कारण किसानों को नुकसान तो हुआ ही ग्रामीणों के लिए आवाजाही का मुख्य मार्ग भी पूरी तरह अवरूद्ध हो गया। उधर, इसकी जानकारी टाटी मुखिया सह झामुमो सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानन्द बेदिया को दी गयी। खबर पाते ही रामानंद बेदिया मौके पर पहुंच गये और क्षति की जानकारी की। साथ ही अविलंब इस इस रास्ते की मरमती कराने की मांग डीसी से लिखित आवेदन देकर की। इसकी प्रति अनगड़ा बीडीओ और सीओ को भी दी गई है। ग्रामीण पूर्व सुरसू मुखिया एतवा बेदिया का कहना है कि गांव का पूरा परिवार इसी रास्ते से मवेशियों को चराने ले जाते हैं. खेतीबाड़ी सहित अन्य दैनिक कार्य के लिए इसी रास्ते का ही इस्तेमाल किया जाता है। मेड़ टूट कर रास्ता अवरुद्ध होने से ग्रामीणों को काफी कठिनाई हो रही है। इस पर सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानन्द बेदिया ने ग्रामीणों को बहुत जल्द मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया है।

## लापुंग में बारिश से आधे दर्जन से अधिक मकान गिरे



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में चार दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। जबकि आधे दर्जन से अधिक लोगों के मिट्टी के घर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गये हैं। सुमंती लिंडा, बिरसा उरांव, विकास तिग्गा, प्रदिप उरांव राय उरांव सभी देवगांव पंचायत के सरसा के रहने वाले हैं। जबकि विनोद खुद, बिरसा मुंडा ताबेरखुर्द गांव है। लतरातु पंचायत क्षेत्र के बलांदु में जगनी उरांव का घर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी मिलने पर देवगांव पंचायत के पूर्व मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की मौके पर पहुंचे और सभी के घरों का मुआयना किया। साथ ही फोटो के साथ आवेदन लेकर सरकार से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## बारिश से सब्जी की खेती को नुकसान, धान को फायदा

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दो दिनों से हो रही झमाझम वर्षा से सब्जी की खेती को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं धान की खेती को इस वर्षा से फायदा पहुंचा है। इससे धान की खेती करने वाले किसानों के चेहरे खुशी से खिल गए हैं, जबकि सब्जी की खेती करने वालों के चेहरे उदास हो गए है। पिछले कई दिनों से प्रखंड में बारिश नहीं हो रही थी। तेज धूप व तापमान सामान्य से ज्यादा होने के कारण फसलों के सूखने की स्थिति पैदा हो गई थी। खेतों में पानी की कमी के कारण ज्यादातर किसान खेतों में सिंचाई कर रहे थे। इससे खेती की लागत बढ़ रही थी। शुक्रवार की सुबह से प्रखंड क्षेत्र में बारिश हो रही है जिससे धान की फसल को संजीवनी मिल गई। वहीं, बारिश के चलते सब्जी की खेती से जुड़े प्रखंड के नगड़ी टोली, केशा, खुखरा, खत्रीखटंगा, पुरियो, पाकलमेड़ी, फादिलमर्चा, जरिया, कराजी, चरिमा, जामटोली और बोदा सहित कई गावों के किसानों की हाड़तोड़ मेहनत पर पूरी तरह पानी फिर गया है। दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से किसानों की सब्जी की फसलें बर्बाद हो गई हैं। वर्षा का असर खेतों में लगे टमाटर, कद्दू, भिंडी, फूलगोभी, पत्तागोभी, खीरा, बैगन, फ्रेंचबीन, मिर्चा में पानी भर जाने के कारण दिखने लगा है। इससे सब्जी के फसलों को नुकसान हुआ है। किसान इन फसलों से बढ़िया आमदनी की उम्मीद कर हहे थे। पर उस पर पानी फिर गया। प्रखंड के ब्रजेश महतो, गोपाल महतो, ईश्वर महतो, बलदेव महतो, तेजु दास, पवन कुमार, पंकज कुजूर आदि किसानों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण सब्जी की खेती को काफी नुकसान हुआ है। उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। अब सब्जियों के मूल्य में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इन लोगों का कहना है कि इस वर्षा से धान की खेती को फायदा हुआ है। किसान धान की खेतों में पानी को संरक्षित करें, ताकि आने वाले समय में खेतों में पानी भरपूर मात्रा में रह सके।

## थाना पहुंचे ग्रामीणों ने की लापता किशोर को ढूंढने की मांग



**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सरना टोली की दर्जनों महिला व पुरुष शनिवार की शाम थाना पहुंचे और हंगामा करने लगे। परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया की पुलिस लापता युवक को ढूंढने में तत्परता नहीं दिखा रही है। कई दिन से थाने का चक्कर लगाने के बाद भी पुलिस युवक को ढूढने में कोई दिलचस्पी नहीं ले रही है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के सरना टोली निवासी प्रभाकर तिवारी के 16 वर्षीय पुत्र अमन कुमार उर्फ गोलू विगत 31 जुलाई की सुबह 8 बजे अपने घर से निकला था। पर चार दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। परिजन अपने स्तर से आस-पड़ोस व अपने परिजनों के यहां तलाश किये पर उसका कुछ पता नहीं चल पाया। मामले को लेकर युवक के चाचा दिवाकर तिवारी ने थाने में गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। युवक बैग में अपना कपड़ा भी डालकर ले गया है। इसके अलावा उसके पास मोबाइल फोन भी है। जो कभी-कभी ऑन भी होता है। युवक अपने परिजनों से बात तो करता है पर अपना पता नहीं बता रहा है। दूसरी ओर, पुलिस फोन के लोकेशन के आधार पर किशोर की तकाश में जुट गई है।

# भारी बारिश से बहा रातू-मुरगू पुल

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पहुंचे मुरगू, लिया जायजा

**आवागमन बाधित, एनएचआइ ने शुरू किया डायवर्सन का कार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता





बारिश के तेज बहाल में बहा मुरगू का पुल और जायजा लेते केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ।

**रातू।** रांची-मेदिनीनगर मार्ग स्थित रातू का मुरगु पुल भारी बारिश के कारण शुक्रवार की रात पानी के तेज बहाव में बह गया। इससे उक्त मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। कुड़ू की तरफ से आने वाले वाहन ब्रह्मबे चौक से पाली की ओर जा रहे, लेकिन संकरा रास्ता होने के कारण सड़क जाम हो जा रहा है।। बतातें चलें कि साल 2023 में भी बारिश के कारण मुरगु पुल बह गया था। जिसे आनन-फानन में ठेकेदार द्वारा जेएसबी से भर कर वैकल्पिक रास्ता बनाया गया था। पर धीमी गति से कार्य होने के कारण कई सालों से पुल का निर्माण नहीं हो पा रहा है। इस साल दूसरी बार डायवर्सन क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे डाल्टनगंज की ओर से आने वाले वाहनों को अब ब्रह्बे से पाली होते हुए बिजुलिया के रास्ते सिमलिया रिंग से रांची जाना पड़ेगा। वहीं, रांची से आने वाले वाहन काठीटांड व फनकैसल पार्क स्थित संडे मार्किट वाले रास्ते से हुरहुरी-ठाकुरगांव मार्ग होते हुए मुड़मा या मांडर जाकर अपने गंतव्य जा सकते है। दूसरी ओर, पुल बह जाने की सूचना पाकर रांची के सांसद व केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ क्षतिग्रस्त एनएच-39 मुरगू पूल का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने एनएचआई से जुड़े पदाधिकारियों को जल्द निर्माण कराने का आदेश दिया। कहा कि यह सड़क उत्तर प्रदेश-बंगाल जैसे बड़े-बड़े राज्यों को जोड़ती है। एनएचआई जल्द से जल्द पुल का निर्माण करे।

### डायवर्सन लगाने का काम शुरू

एनएचआई की ओर से डायवर्शन लगाने का कार्य शुरू हो गया है। पर पानी के दबाव के कारण काम करने में परेशानी हो रही है। उम्मीद है कि रविवार या सोमवार तक वाहनों का आवागमन शुरू हो जायेगा।

# 'मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना' झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना: बंधु तिर्की




आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड सभागार में झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की की अध्यक्षता में 'मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना' की विस्तृत जानकारी को लेकर प्रखंड एवं पंचायत अध्यक्षों के साथ बैठक हुई। इसमें उपस्थित सभी लोगों को बताया गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की महिलाओं पर विशेष ध्यान देते हुए एक योजना की शुरूआत की है। जिसका नाम 'मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना' रखी गयी है। इस योजना के माध्यम से राज्य की गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये वित्तीय सहायता दी जाएगी। ताकि महिलाएं अपने पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर ध्यान दे सके। वह परिवार में उत्पन्न होने वाली हर आर्थिक समस्या से निपटने में सक्षम हो सके। राज्य की करीब 45 लाख माताओं बहनो को मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का लाभ प्राप्त होगा। फिलहाल मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक व पात्र महिलाओं को ऑफलाइन आवेदान करना होगा। बंधु तिर्की ने ऑफलाइन फॉर्म के साथ किन-किन दस्तावेज को लगाकर जमा करना है इसकी भी जानकारी दी।

उन्होंने यह लाभ उनके विधानसभा क्षेत्र की अधिक से अधिक महिलाओं को मिल सके इसके लिए सभी पंचायत अध्यक्षों को कुछ दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अख्तर प्रमुख, उप प्रमुख, एवं सभी पंचायत के अध्यक्ष उपस्थित रहे।।

## लापुंग में कांग्रेस की बैठक, 'मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना, के प्रचार प्रसार का निर्णय




**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं को जयंत बरला की ओर से 'मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना' के बारे में जानकारी दी गई । साथ ही पंचायत अध्यक्ष को अपने क्षेत्र के गांव-गांव जाकर योजना का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक उचित लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने का प्रयास करने को कहा गया, ताकि कोई महिला मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लाभ से वंचित ना रह जाये। वहीं, बैठक में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के साथ ही 11 पंचायत के सभी पंचायत अध्यक्ष भी उपस्थित हुए। इस दौरान सभी को मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का फॉर्म दिया गया। इस मौके पर सुदामा महली, अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, संतोष तिर्की, सुजीत उरांव, दुर्गा पइंख, फिरू साहू, हेमंत मिंज, आनंदमासी होरो, दुबराज साहू, सतनारायण पाठक, सुरेश साहू, चरकू साहू, कृष्णा बड़ाइक, प्रखंड कोषाध्यक्ष, बोनीफोश कोंगाड़ी के आलावे अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए। उधर, लापुंग प्रखंड के प्रज्ञा केंद्रो में भी शनिवार को सर्वर डाउन रहने के करण मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लिए फॉम लेकर पहुंची महिलाओं को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। इसकी जानकारी बीडीओ उषा मिंज ने दी।

## ओरमांझी में 'मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना' के तहत लगा शिविर




आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** हेमंत सोरेन सरकार की ओर से झारखंड के सभी जाति वर्ग की बहन-बेटियों को आर्थिक रूप से सबल बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का शुभारंभ किया गया है। इसके तहत शनिवार को ओरमांझी प्रखंड के चकला पंचायत सचिवालय में शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी राम स्वरूप भगत, मुखिया शिवनाथ मुंडा, मुखिया दीपक बड़ाईक, विधायक सलाहकार रमेश उरांव, विधायक खाद्य आपूर्ति प्रतिनिधि सफीउल्ला अंसारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस योजना के माध्यम से 21 से 50 वर्ष तक की 48 लाख महिलाओं को लाभ पहुंचाने की कोशिश होगी। प्रमुख अनुपमा देवी ने योजना का स्वागत किया है। कहा कि 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं के लिए उक्त योजना औषधि की तरह काम करेगी। वहीं, उप प्रमुख रिजवान अंसारी ने योजना को बढ़ती महंगाई में मरहम करार दिया। जबकि विधायक सलाहकार रमेश उरांव ने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास कर रही है।

## मांडर विधायक ने बेड़ो में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

# महिलाओं का विशेष ध्यान रखते हुए हेमंत सरकार ने शुरू की है 'मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना': शिल्पी नेहा तिर्की




आजाद सिपाही संवाददाता

**बेडो।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित विधायक कार्यालय में शनिवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकताओं की एक बैठक हुई। जिसमें मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना पर विचार-विमर्श किया गया। वहीं बैठक में विधायक ने बताया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य की महिलाओं पर विशेष ध्यान देते हुए एक योजना की शुरूआत की गई है। जिसका नाम मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना है। इस योजना के माध्यम से राज्य की गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1000 वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। जिससे महिलाएं अपने पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर ध्यान दे सकें। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए इच्छुक व पात्र महिलाओं को ऑफलाइन आवेदन करना होगा। विधायक ने ऑफलाइन फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया की जानकारी लोगों को दिया। वहीं मौके पर प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, जिला परिषद बेरोनिका मिंज, उप प्रमुख

## 1महत्वपूर्ण न्यूज

### विधायक ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरी गांव में शनिवार को डीएमएफटी मद से बनने वाले 400 फीट पीसीसी सड़क का शिलान्यास विधायक समरीलाल, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, मुखिया कुशेंद्र पाहन, पंसस गौरव कुमार और भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्पल शाहदेव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र की सभी समस्याओं को हल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधी हावी हो गए हैं। जबकि सरकार तुष्टीकरण की राजनीति करने में व्यस्त है। इस मौके पर आनंद चौधरी, खिरोधर महतो, हीरालाल महतो, अमृत महतो और झिबरा मुंडा आदि मौजूद थे।

### जैविक कृषक पंचमी देवी दिल्ली रवाना



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रगतिशील किसान राज्य में चल रही परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत दिल्ली के ग्रेटर नोएडा में आयोजित तीन दिवसीय बायोफेज इंडिया एक्जीबिसन 2024 में हिस्सा लेने जैविक कृषक पंचमी देवी दिल्ली रवाना हुई। उसमें झारखंड से ओफाज के अंतर्गत सेव प्रदाता इको गारंटी डिवीजन ऑफ एनकोन, वैदिक आर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेसी, केएन बायोसाईंस प्राईवेट लिमिटेड, सत्येंद्र आर्गेनिक फार्मिंग, फ्यूचर फुड्स और एलपीजी मैसूर ग्रीन प्राईवेट लिमिटेड के किसान भाग ले रहे हैं। इसमें अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत कुच्चू पंचायत से जैविक कृषक एवं मिट्टी की डॉक्टर पंचमी देवी झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगीं। वो जैविक खेती के बारे विचार रखेंगी। इसके पूर्व भी पंचमी देवी ने मिट्टी के डॉक्टर के रूप में दिल्ली में आयोजित एक्सपो में मृदा जांच का स्टाल लगाकर झारखंड का नाम रोशन किया था। तब झारखंड को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। बायोफेज इंडिया एक्जीविजन में झारखंड के आर्गेनिक फार्मिंग आर्थोरिटी ऑफ झारखंड, रांची की ओर से जैविक खेती से उत्पादित सामग्री की प्रदर्शनी लगायी जाएगी और परंपरागत जैविक खेती के महत्व व लाभ के बारे जानकारी दी जाएगी।

### बेड़ो के तुको से 201 कांवरियों का जत्था देवघर रवाना



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुको गांव से 201 महिला व पुरुष कांवरियों का जत्था शनिवार को जलाभिषेक के लिए देवघर रवाना हुआ। कांवरियों के जत्था को गांव के समाजसेवियों सुशील साहू, बलराम सिंह व उमेश लाल ने भोलेनाथ व बोल बम की जयकारा लगाते हुए रवाना किया। वहीं, देवघर रवाना होने के पहले कांवरियों ने बाबा नंददेश्वर धाम व महादानी बाबा मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की। जत्थे का नेतृत्व कर रहे सतीश सिंह ने बताया कि पूरा जत्था एक साथ यहां से सीधे सुल्तानगंज पहुंचेगा। वहां से जल लेकर बाबा धाम पहुंच कर जलाभिषेक करेगा। बाबा धाम जाने वालों में राजू प्रसाद गुप्ता, सतीश सिंह, गौतम ताम्रकार, बीरन लाल, आदेश यादव, भागवत ताम्रकर, पंकज लाल, कुलदीप साहू, आकाश कुमार, अनिल लाल, किशन गुप्ता, आदित्य ताम्रकार, जगदीप कुमार जेडी, संजय साहू, लखना उरांव, शेखर उरांव, गुड्डू उरांव, आदेश गोप, बादल प्रज्ञा, संजीव दुबे, रूपेश साहू, शंकर साहू, अभय ठाकुर, गोबरा बैठा, शक्ति राम, परमानंद, सनीज, किट्टू, रीता देवी, सोनम देवी, पूजा देवी, पुष्पा देवी, गुड़िया देवी, सिमा देवी आदि थीं।

### चौकीदार के निधन पर जताया शोक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अंबाझरिया गांव निवासी चौकीदार देवीचरण लोहरा का शनिवार की शाम अचानक निधन हो गया। वे 52 वर्ष के थे और पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर दफादार चौकीदार संघ के अध्यक्ष सुलेंद्र मुंडा सहित अन्य चौकीदारों ने गहरी संवेदना प्रकट की है। शनिवार शाम को ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार में सुलेंद्र मुण्डा, तुलसी दास उरांव, अधनु सिंह मुंडा, शुकरा उरांव, मैनी देवी और गुरुचरण उरांव आदि शामिल हुए।

### सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ



**पिस्का नगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के दुर्गा मंदिर परिसर में शनिवार को शिव चर्चा समिति के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कथा वाचिका के रूप में उपस्थित प्रभावती तिवारी ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि शिव महापुराण के बताएं सत्य मार्ग से ही मानव जीवन का भौतिक लोक में सत्यद्गति मिल सकती है। संसारिक भोग विलास में जीवन बिता रहे लोग अपने सात्विक कर्म को भूल गए हैं। मनाव को शिवगुरु ने भौतिक युग में सत्य मार्ग और धर्म व शांति के माध्यम से सत्य गति प्राप्त करने के लिए भेजा है। इसके विपरीत मानव भौतिकवाद भोग विलास में डूबा हुआ हैं। भगवान शिव गुरु को तो मानव भूल ही गये हैं। कथा वाचिका प्रभावती तिवारी ने शिव महापुराण में वर्णित एक कथा जिसमें देशराज और बिंदुक व चंचुला की कथा कथा के बारे में बताया। कहा कि देवराज नाम के ब्राह्मण ने भोग विलास, झूठ फरेब और पाखंड से अपना जीवन व्यतीत किया और अंत में वह शिव महापुराण कथा का श्रावण कर सद्गति को प्राप्त हुआ। इसी तरह बिंदुक और चंचुला नामक दो ब्राह्मण दंपति भी अपने जीवन काल में भोग विलास में लीन थे। उन्हें भी शिव महापुराण कथा से सद्गति प्राप्त करते हुए शिव लोक प्राप्त हुआ। कथा के माध्यम से कथावाचिका प्रभावती ने शिव महापुराण में शिव के बारे में लोगों को बताते हुए कहा कि शिव हमारे ही गुरु है और शिव आज भी महागुरु है। शिव जी दोनों लोक के स्वामी है। शिवा महाप्रभु का वर्णन शब्दों में करना काफी कठिन है। भगवान शिव के बताएं मार्ग पर चलकर ही मानव का कल्याण हो सकता है। वहीं, कथा को सफल बनाने में शिव चर्चा समिति नगड़ी के प्रमुख सदस्य संगीता चौधरी, पूनम चौधरी, धनपति देवी, हेमा देवी, प्रमिला केसरी, अंजलि केसरी, रूपा केसरी, ममता देवी, बिंदु देवी, रीना देवी, शीला देवी, बबिता देवी, मधु देवी आदि की सराहनीय है।

**खुशखबरी : सिगसिगी-सोननगर के 14 रेलवे स्टेशनों के बीच कार्यरत सैकड़ों कर्मी व उनके आश्रित होंगे लाभान्वित**

# जपला स्टेशन में खुलेगा रेलवे अस्पताल अधिकारियों ने किया स्थल का निरीक्षण

**इसीआरकेयू की पहल पर जपला में खुलने जा रहा अस्पताल: मिथिलेश कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** एआइआरएफ एवं ईस्ट-सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की पहल पर बहुत जल्द जपला में रेलवे अस्पताल खुलने जा रहा है। शनिवार को झमाझम बारिश के बीच अधिकारियों व कर्मचारी यूनियन की एक टीम ने स्थल का निरीक्षण किया। जिसमें डीडीयू रेल मंडल के चीफ मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉक्टर केशव चंप्रमनारी, सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ हरदीप कुमार सिंह, जपला के सहायक मंडल अभियंता संतोष कुमार, ईस्ट-सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान, सचिव एसपी सिंह, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य) संजीव कुमार, स्टेशन प्रबंधक संजय सिंह और यातायात निरीक्षक अजय कुमार शामिल थे। जपला स्टेशन पर ही अस्पताल के लिए स्थल चयन के बाद टीम ने जपला के सहायक मंडल अभियंता के कार्यालय में बैठक की और यथाशीघ्र मंडल रेल प्रबंधक के अनुमोदन के बाद अस्पताल खोलने पर सहमति जताई। इसकी जानकारी देते हुए एआइआरएफ के केंद्रीय नेता व डीडीयू रेल मंडल के पीएनएम प्रभारी मिथिलेश कुमार एवं इसीआरकेयू अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान ने बताया कि बीडी सेक्शन के रेल कर्मचारियों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य जांच या अन्य चिकित्सा सुविधा के लिए डेहरी रेलवे अस्पताल आना-जाना पड़ता था। रेलकर्मियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए यूनियन और फेडरेशन ने पूर्व-मध्य रेल के महाप्रबंधक एवं डीडीयू मंडल रेल प्रबंधक के साथ हुई यूनियन की स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक में यूनियन ने मामले को गंभीरता से उठाया था, जिस कारण जपला में रेलवे अस्पताल खुलने जा रहा है। इससे सिगसिगी व सोननगर के 14 रेलवे स्टेशनों के बीच कार्यरत सैकड़ों रेल कर्मियों एवं उनके आश्रितों को सीधे स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।



अस्पताल के लिए जपला स्टेशन पर स्थल का निरीक्षण करते रेलवे पदाधिकारी।

## मेदिनीनगर नगर निगम का देश में दूसरा स्थान आना शहरवासियों के लिए गौरव की बात : अरुणा शंकर


**'प्रधानमंत्री स्व निधि योजना' के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मेदिनीनगर को मिला देश में दूसरा स्थान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने केंद्र सरकार की ओर से संचालित 'प्रधानमंत्री स्व निधि योजना' के तहत सत्र 23-24 में मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर निगम कार्यालय जाकर नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। प्रथम महापौर ने कहा कि इस योजना की शुरूआत 2020 में फुटपाथ विक्रेताओं को आर्थिक स्वालंबन एवं सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं में एक महत्वपूर्ण योजना थी। इस महत्वाकांक्षी योजना को निगम के पदाधिकारियों व कर्मियों के अथक प्रयास से कैंप लगाकर फुटपाथी व्यवसाईयों को प्रथम किस्त 10 हजार रुपए, द्वितीय किस्त 20 हजार और तृतीय किस्त के रूप में 50 हजार रुपए तक की राशि समय पर मुहैया कराई गयी। इस योजना के तहत निगम क्षेत्र में 3273 फूटपाथी व्यवसाईयों को लाभ दिया गया। योजना को डे एनयुएलएम के अंतर्गत संचालित किया गया था। अरुणा शंकर ने निगम के इस मिशन को अथक प्रयास कर पूरा करने के लिए नगर आयुक्त के साथ ही नगर मिशन प्रबंधक सतीश कुमार, अभिषेक कुमार, सामुदायिक संगठन कर्ता रिंपी कुमारी, राजन सिंह, सामुदायिक संसाधन सेविका सावित्री कुमारी, ज्योति देवी, सुनीता देवी, चांदनी देवी, सोनम देवी और सुषमा देवी को भी बधाई दी है। प्रथम महापौर ने कार्यालय पदाधिकारी एवं कर्मियों से भी मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। कहा कि देश में दूसरा स्थान लाना मेदिनीनगर नगर निगम एवं शहर वासियों के लिए गौरव की बात है। इससे मेदिनीनगर की छवि बदल रही है। दूसरी ओर, प्रथम महापौर ने नगर आयुक्त से मिल कर चैनपुर नेवरा मार्ग को जब तक पीडब्ल्यूडी की ओर से रोड नहीं बनाया जाता तबतक अविलंब मरम्मत कराने का अनुरोध किया। इस पर नगर आयुक्त ने तत्काल जन समस्या को देखते हुए रविवार से निगम की सीमाबोर्ड तक निगम के एसडीओ को अच्छे से मरमती का काम लगाने का आदेश दिया। प्रथम महापौर ने भट्टी मोहल्ला के नाले की जाम एवं पहाड़ी मोहल्ले की खराब स्थिति पर भी चर्चा करते हुए कहा कि अविलंब इस पर पहल की जाए।

## पथरा मध्य विद्यालय के अध्यक्ष ने की साइंस शिक्षक की पदस्थापना की मांग



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र पथरा राजकीय कृत मध्य विद्यालय को जनवरी 2024 में उच्च विद्यालय में उत्क्रमण किया गया है। विभागीय आदेशानुसार वर्ग 9वीं में नामांकन भी कर लिया गया है। पर स्नातक साइंस प्रशिक्षित शिक्षक नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं का शिक्षण व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामराज पासवान, समाजसेवी जाकिर अली उर्फ राज अली, रामप्रवेश राम और अभय कुमार सिन्हा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और पलामू सांसद विष्णु दयाल राम से मिलकर राजकीय कृत मध्य विद्यालय पथरा के लिए दो स्नातक साइंस प्रशिक्षित शिक्षकों की तत्काल प्रतिनियुक्ति करने की मांग की है। ताकि छात्र छात्राओं को गुणवतापूर्ण शिक्षा मिल सके।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चिकित्सा प्रभारी ने निजी अस्पताल संचालकों के साथ की बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार ने शनिवार को अस्पताल सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर निजी अस्पताल संचालकों के साथ बैठक की। जिसमें डॉ दीपक कुमार ने 10 से 25 अगस्त तक आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। बताया कि विभागीय निर्देशानुसार सभी निजी अस्पताल के संचालक अभियान के दौरान दवा के प्रतिकूल प्रभाव से पीड़ितों का ईलाज निः शुल्क करेंगे। ईलाजरत लोगों का जो भी विपत्र होगा उसका भुगतान विभाग से किया जायेगा। साथ ही अस्पताल संचालक भी अपने स्तर से कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम की सफलता को लेकर पांच अगस्त को अस्पताल परिसर में आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सभी धर्म गुरु, मीडिया आदि लोगों को शामिल होने की अपील की। मौके पर डॉ विकास कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, विंध्यवासिनी अस्पताल, केके अस्पताल, न्यू वनांचल अस्पताल, उपकार आई अस्पताल, आस्था व आदर्श अस्पताल के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## अलग-अलग मामले में दो वारंटी गिरफ्तार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** औरंगाबाद न्यायालय के दो अलग-अलग मामले में वांछित वारंटियों को गिरफ्तार कर हरिहरगंज पुलिस ने शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी पहचान हरिहरगंज थाना क्षेत्र के खड़गपुर निवासी कृष्ण मेहता और रजवार, रक्सेल तेंदुआ निवासी अवधेश सिंह के रूप में हुई है। दोनों वारंटी पिछले कई साल से फरार चल रहे थे। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी ने बताया कि कृष्णा मेहता औरंगाबाद जिले के अंबा थाना में शराब क्रय-विक्रय करने का आरोपित है। जबकि अवधेश सिंह पर 2004 में एक गंभीर मामले का आरोप है। न्यायालय के आदेश पर दोनों को गिरफ्तार कर औरंगाबाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## जिप सदस्य ने भाजपा आदिवासी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर जिला परिषद सदस्य विजय रविदास ने भाजपा आदिवासी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव से रांची जाकर मुलाकात की। दोनो नेताओं के बीच विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। विजय रविदास ने समीर उरांव को विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पलामू जिला के वर्तमान राजनीतिक हालात से अवगत कराया। वहीं, समीर उरांव ने विजय रविदास को विस चुनाव की तैयारी में जुट जाने को कहा। साथ ही विश्रामपुर विस क्षेत्र में संगठन को और भी मजबूत करने के लिए अभियान चलाने को कहा।

## 'मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना' का टाउन हॉल में हुआ विधिवत शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर/सतबरवा।** 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' का पलामू जिले के टाउन हॉल में शनिवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, डीडीसी शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार और सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारे लाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद व समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान भी उपस्थित थी। टाउन हॉल में नगर निगम के वार्ड 22, 24, 29 व 30 की महिला लाभुकों के लिए शिविर लगाया गया है। शहर में भारी बारिश के बीच उपरोक्त वार्डों में रहने वाले महिलाएं टाउन हॉल पहुंचकर अपना आवेदन समर्पित कर एंट्री करवा रही थी। इधर, कार्यक्रम की शुरूआत करने के बाद सभी पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के जागरूकता रथ को रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों के गांवों में जाकर महिलाओं को योजना के प्रति जागरूक करेगा। दूसरी ओर, **सतबरवा** पंचायत सचिवालय में भी 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के तहत शिविर लगाया गया, जिसमें महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि सर्वर डाउन रहने के कारण आवेदन जमा करने पहुंची महिलाओं को घंटों परेशान होना पड़ा। आवेदन जमा कर रहे सीएससी संचालक पंकज कुमार ने बताया कि सर्वर डाउन होने के कारण साइट नहीं खुल रहा है, जिससे कार्य बाधित हो गया है। लगभग 70 से 80 फॉर्म जमा हुआ है। अभी और आवेदन आ रहे है। चिंता की बात नहीं है। 10 अगस्त तक आवेदन जमा लिया जाएगा।



### हरिहरगंज प्रखंड में पहले दिन मिले 450 आवेदन

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज प्रखंड के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर शनिवार को विभिन्न जगहों पर शिविर आयोजित हुआ। इस दौरान पड़रिया, पचमों, सरसोत 1, कटैया, प्रितमपुर, तरवन खुर्द, खड़गपुर, कोल्हुवाड़ा, लादीवादी, सेमरवार 2, ढाब कला और तुरी 1 में शिविर आयोजित हुआ। जबकि शहरी क्षेत्र के 1, 2 और 5 नंबर वार्ड के लिए प्रखण्ड कार्यालय परिसर में शिविर लगाया गया। सभी जगहों पर प्रज्ञा केंद्र संचालकों को प्रतिनिधित्व दिया गया है । इस संबंध में बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया ने बताया कि सभी जगहों से करीब 450 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं मौसम खराब और सर्वर डाउन रहने के कारण 5 से 6 ही आवेदन ऑनलाइन हो सका है।**

## बहन-बेटियों को 'मुख्यमंत्री मंइयां योजना' के नाम पर लॉलीपॉप दे रही सरकार: राजीव रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** भ्रष्टाचार से लिप्त झारखंड की महागठबंधन सरकार प्रदेश की बहन-बेटियों को 'मुख्यमंत्री मंईयां योजना' के नाम पर लॉलीपॉप देकर भ्रमित करने की कोशिश कर रही है। शिविर लगाकर पूरी तरह से वोट की राजनीतिक की जा रही है। उक्त बातें पलामू भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने कही। वे शनिवार को हरिहरगंज न्यू सब्जी मंडी स्थित एक होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की विफल सरकार बहन-बेटियों को मंईयां योजना के नाम पर 1000 रुपए आर्थिक मदद कर उनका वोट खरीदना चाहती है। उन्होंने सवाल किया कि इस सरकार ने अपने वादे के मुताबिक 5 लाख युवाओं को रोजगार नहीं दिया। बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता नहीं दी। सहायक शिक्षकों के स्थायी नहीं किया। इसके अलावा आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, रसोईया, जल सहीया, कृषक मित्र, रोजगार सेवक सहित सभी अनुबंध कर्मियों को केवल सपने दिखाये। पर उसे पूरा नहीं किया। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में यहां के बेरोजगार युवा और अनुबंध कर्मी राज्य की गठबंधन सरकार को करारा जवाब देगी।



**फ्लाइओवर निर्माण के क्रम में मिट्टी डाले जाने से घरों में घुसा पानी**

## पहली बारिश में ही खुली सड़क निर्माण कार्य की पोल, सड़क धंसकर दो हिस्सों में बंटी

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** बरसात की पहली बारिश ने ही एनएच 75 फोरलेन का निर्माण कार्य करा रही भारतीय वाणिज्य ईस्टर्न लिमिटेड कंपनी की पोल खोल कर रख दी है। पड़ता मोड़ से शंखा तक बन रही सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। कई जगह सड़क धंस कर दो भागों में बांट गयी है। वहीं कई जगहों पर सड़क में दरार पड़ गई है। इतना ही नहीं ब्रह्मोरिया-चेचरिया गांव के मध्य से गुजरने वाली फोरलेन को लगभग 8-10 फीट हाइट मिट्टी आदि की फीलिंग कर कालीकरण किया गया था, उसका आधा हिस्सा खिसक गया है। निर्माण कार्य में कंपनी कर्मियों द्वारा बड़े पैमाने पर अनियमितता व लापरवाही बरतने का मामला कई बार सुर्खियां बन चुकी है। बावजूद इसके विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गयी। बताते चलें कि सड़क निर्माण के क्रम में मोरंग व फ्लाई ऐश डस्ट का उपयोग जरूरत के अनुसार हाइट देने में किया जाना था। जिस पर पानी का बहाव करते हुए दो-तीन लेयर जीएसबी डालते हुए हाई प्रेशर मशीन से दबाया जाना था। जिससे सड़क को भरी बारिश से भी कोई नुकसान नहीं हो। लेकिन सड़क निर्माण कंपनी द्वारा ऐसा नहीं किया गया। जिससे भारी वाहनों के आवागमन के कारण सड़कों पर दरार पड़ गई। इधर, निर्माण के बाद किनारे के घर सड़क से नीचे हो गए हैं, जिससे सड़क का पानी ग्रामीणों के घरों में घुस गया।

## भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों को जिला कमेटी ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा के कार्यकर्ताओं को भाजपा झारखंड के विभिन्न मोर्चों में संगठात्मक दायित्व दिए जाने पर जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी है। उन्होंने नवनियुक्त भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, लवली गुप्ता प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, विश्वजीत पाठक प्रदेश मंत्री भाजपा युवा मोर्चा, प्रभात रंजन प्रदेश मंत्री भाजपा किसान मोर्चा, लूडू खान प्रदेश मंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, प्रभात भुइया प्रदेश महामंत्री भाजपा अनुसूचित जाति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कहा कि पार्टी की विचारधारा एवं कार्यक्रमों के साथ नवनियुक्त सभी पदाधिकारी कायकर्ता व आमजनों से संवाद कर संगठनात्मक मजबूती के साथ ही समाज एवं राष्ट्र के बेहतरीन के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। वहीं, झारखंड भाजपा प्रदेश महामंत्री विधायक आलोक चौरसिया, श्याम नारायण दुबे, विपिन बिहारी सिंह, विनोद सिंह, किसलय तिवारी, धर्मदेव सिंह यादव, अरविंद सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद गुप्ता, सुरेंद्र विश्वकर्मा, विजय ओझा, शिवकुमार मिश्र, घूरन राम, अभिमन्यु तिवारी, विजय ठाकुर, ईश्वरी पांडे, प्रदीप सिन्हा, जय दुबे आदि ने नवनियुक्त अधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

ऊर्जा विभाग,झारखण्ड सरकार
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-2,धुर्वा, रॉची

अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई-निविदा प्रसंग सं0- Energy/EWD/Ranchi/38/2024-25 दिनांक- 02/08/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | डोरण्डा, रॉची स्थित जैप-1 स्थित यू0एस0 एवं एल0एस0 के परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य | 12,21,124=00 | 2,500=00 | 25,000=00 | 28 दिन |
| II | व्यवहार न्यायालय, सरायकेला ज्यूडिशियल ऑफिसर्स के कार्यालय कक्ष, कोर्ट रूम, वी0 सी0 रूम, मिटिंग रूम इत्यादि में 24 अदद् 2.0 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 22,76,157=00 | 5,000=00 | 46,000=00 | 42 दिन |
| III | व्यवहार न्यायालय, गुमला के विभिन्न कोर्ट रूम, जज चैम्बर, एवं कॉन्फ्रेन्स हॉल में 23 अदद् 2.0टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 22,67,505=00 | 5,000=00 | 46,000=00 | 42 दिन |
| IV | चाईबासा स्थित उपायुक्त आवास के परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 23,86,662=00 | 5,000=00 | 48,000=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 13.08.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 14.08.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 21.08.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 22.08.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651-2490069 | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉची

PR 331736 Energy(24-25).D

पत्रांक :-DAY-NULM / ......................... / दिनांक ......................2024

कार्यालय नगर परिषद,सिमडेगा

ई-मेल :-simdeganagar@yahoo.in/cmm. sd. simdega@gmail. com

(सूचना)

DAY-NULM अंतर्गत् SUSV घटक के तहत Town Vending Committee का चुनाव संबंधित प्रतिनिधियों का वैध सूची प्रकाशित :-

| क्र. सं. | नामांकन करने वाल का नाम | वार्ड | कोटि | म०/पु० | मो०नं० | ID&CoVविवरणी | नमांकन तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मंजु देवी | 05 | SC | महिला | 8252093740 | JH/SV/SMD/07/0476 | 26.07.2024 |
| 2 | उर्सुला लकड़ा | 01 | ST | महिला | 7294974273 | JH/SV/SMD/12/0605 | 25.07.2024 |
| 3 | अग्नेस खाखा | 11 | ST | महिला | 8521248165 | JH/SV/SMD/12/0329 | 26.07.2024 |
| 4 | रेणुका बाड़ा | 12 | ST | महिला | 7782940445 | JH/SV/SMD/12/0056 | 26.07.2024 |
| 5 | नवीन कुमार गुप्ता | 07 | OBC | पुरूष | 8084909992 | JH/SV/SMD/12/0085 | 26.07.2024 |
| 6 | जितेन्द्र प्रसाद | 17 | OBC | पुरूष | 6201742766 | JH/SV/SMD/12/0025 | 26.07.2024 |
| 7 | इफ्तखारू लहक | 15 | OBC | पुरूष | 8340158459 | JH/248138/221226 /4816871 | 26.07.2024 |
| 8 | धर्मवीर केशरी | 08 | OBC | पुरूष | 6200409197 | JH/SV/SMD/12/0419 | 26.07.2024 |
| 9 | असगरी खातुन | 20 | OBC | महिला | 9153753165 | JH/SV/SMD/12/0803 | 26.07.2024 |
| 10 | मधुकुमारी | 06 | OBC | महिला | 8235014821 | JH/SV/SMD/08/0569 | 26.07.2024 |
| 11 | खुश्बू शर्मा | 02 | GEN | महिला | 7972456328 | JH/SV/SMD/12/0653 | 26.07.2024 |
| 12 | महेश्वरी देवी | 18 | GEN | महिला | 7033066110 | JH/SV/SMD/18/0717 | 26.07.2024 |

दिनांक 26.07.2024 को फुटपाथ विक्रेताओं द्वारा टाउन वेंडिंग कमिटि के चुनाव हेतु कुल 12 सदस्यों के द्वारा नामांकन कराया गया था।
दिनांक 27.07.2024 को स्कुटनी के माध्यम से सभी आवेदनों का जाँच किया गया जिसमें 12 आवेदनों को वैध पाया गया, जिसकी अंतिम सूची दिनांक-02.08.2024 को प्रकाशन हेतु जारी की जाती है।

प्रशासक, नगर परिषद सिमडेगा

PR 331749 District(24-25)D

## चिंता : मूसलाधार बारिश से जगह-जगह बिगड़े हालात, उतरी एनडीआरएफ की टीम

# गोमिया में टूटा पुल का हिस्सा, पानी में बहा अधेड़

**पुल का हिस्सा टूटने से 10 गांव की आबादी प्रभावित, प्रशासनिक अधिकारी रख रहे स्थिति पर नजर**

आजाद सिपाही संवाददाता

### आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने घंटों किया सड़क जाम, पहुंचे गोमिया विधायक एवं प्रशासनिक अधिकारी





गोमिया प्रखंड के ढेंढे स्थित ललपनिया-साड़म वाया बिहार के डुमरी स्टेशन को जोड़ने वाली बोकारो नदी के पुल के बीच का टूटा हिस्सा। तेनुघाट डैम का खोला गया फाटक और प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**ललपनिया।** झारखंड में पिछले दो दिनों से हो रही मुशलधार बारिश के चलते गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत के ढेंढे स्थित ललपनिया-साड़म भाया बिहार के डुमरी स्टेशन को जोड़ने वाली बोकारो नदी के पुल के बीच का हिस्सा अचानक से ढह गया। इस घटना में पुल के उपर से गुजर रहे भौरी लाल प्रजापति नामक 55 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति भी पानी के तेज बहाव में बह गया, जिसका समाचार लिखे जाने तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। हालांकि जिला प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय एनडीआरएफ की टीम नदी तट पर पहुंच गयी और डूबे हुए व्यक्ति की तलाश में जुट गयी है। उधर, भौरी लाल प्रजापति के पानी में बह जाने की सूचना मिलते ही परिजनों के साथ ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गये और भौरी लाल की बरामदगी की मांग को लेकर ललपनिया-गोमिया मुख्य सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीणों की मानें तो यह पुल साल 2013 में बनकर तैयार हुआ था। पुल के बह जाने से करीब 10 गांव की आबादी प्रभावित हुई है। बताया कि जिस वक्त यह घटना घटी उस समय पुल के ऊपर से तीन ग्रामीण गुजर रहे थे। अचानक उन्हें पुल गिरने का आभास हुआ। वहीं मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने भागो-भागों का शोर मचाकर उन्हें सतर्क भी किया। जिस कारण दो ग्रामीण भाग कर सही सलामत पुल के दूसरी छोर पर पहुंच गये, लेकिन भौरी लाल प्रजापति नहीं भाग सके और पुल का हिस्सा टूट जाने से पानी के तेज बहाव में बह गये। उधर, अधेड़ व्यक्ति के बह जाने और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम किये जाने की सूचना पाकर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद, बेरमो एसडीएम अशोक कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रवीण कुमार, डीसीएलआर सदानंद महतो, गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ प्रदीप महतो और थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता आदि घटनास्थल पर पहुंच गये। सभी ने मिलकर प्रदर्शनकारी ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत करवाया। वहीं जिला प्रशासन के निर्देश पर स्थानीय गोताखोर की टीम भी डूबे हुए व्यक्ति की तलाश में जुट गई है। बतातें चलें कि दो दिनों के भारी बारिश के कारण गोमिया के कई स्थानों पर बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गये है। जिस कारण साड़म-होसिर सहित कई क्षेत्रों में बिजली गुल है। दूसरी ओर, बारिश के चलते तुलबुल निवासी सुगन साव के घर और चहारदीवारी में बिजली का पोल गिर गया। वहीं ग्रामीण अर्जुन मांझी और बाबूचंद तुरी के घर की स्थिति जर्जर हो गई है।

### तेनुघाट डैम के खोले गये आठ फाटक

उधर, भारी बारिस के कारण बढ़े नदियां उफान पर है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तेनुघाट डैम के आठ फाटक को खोल दिया गया है। जिससे दामोदर नदी का जलस्तर बढ़ गया है। प्रशासन ने पूरे बेरमो अनुमंडल को रेड अलर्ट जारी कर दिया है और गोमिया भाया पेटरवार-ललपनिया मुख्य संडक घंटों आवागमन बाधित रहा। क्योंकि होसिर-बोकारो पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। इस मौके पर भाजपा नेता देवनारायण प्रजापति, गुणानंद महतो, शेखर प्रजापति, शशिशेखर, मुखिया पार्वती देवी, पंसस महेश रविदास, दीपक प्रजापति, प्रमोद पासवान, तारमेश्वर प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## बीएसएल के 14 जीएम बने सीजीएम



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के कुल 14 महाप्रबंधकों (जीएम) को मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) के पद पर प्रोन्नति दी गई है। शनिवार को बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने नव प्रोन्नत अधिकारियों को प्रमोशन ऑर्डर सौंपा। इस अवसर पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक, महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी एवं उपाध्यक्ष आदि उपस्थित थे। वहीं, नव-प्रोन्नत अधिकारियों में बीजीएच से डॉ आनंद कुमार एवं डॉ अनिंदा मंडल, बोकारो इस्पात संयंत्र से अरुण कुमार, नरेश कुमार बेहरा, प्रकाश कुमार, राजन कुमार, संजीव रंजन सिंह, विजय कुमार, टीएस राजन (चासनाला कोलियरी स्थानांतरण) और हरि शंकर शर्मा (इस्को बर्नपुर स्थानान्तरण) शामिल हैं। इनके अलावा बीएसएल के कोलियरी डिवीजन (सीसीएसओ) के राजीव तिवारी, एसआरयू के असित कुमार पॉल और झारखंड ग्रुप माइंस के एसआर पांडा (राउरकेला स्थानांनतरण) को भी सीजीएम के पद पर प्रोनत्ति मिली है। निदेशक प्रभारी बीके तिवारी व अधिशासी निदेशकों ने सभी अधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

## प्रदेश मीडिया प्रभारी बने बप्पी बाउरी



**धनसार (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने शनिवार को प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की है। जिसमें झरिया विधानसभा क्षेत्र के एना कोलियरी निवासी बप्पी बाउरी को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं, राजेश पासवान को प्रदेश उपाध्यक्ष व धनबाद निवासी फूल जोशी को प्रदेश मंत्री बनाया गया है। बतातें चलें कि बप्पी बाउरी पहले प्रदेश आईटी सेल के प्रभारी थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### 'मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना' शिविर के पहले ही दिन लिंक फेल होने से लोग परेशान



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' शुरू की गयी है। शनिवार से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन भी शुरू हो गया है। इसी कड़ी में बौआ कला उत्तर पंचायत में आयोजित 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' शिविर में लाभुक आवेदन जमा करने पहुंचे थे। लेकिन लिंक फेल की समस्या से काफी परेशान होना पड़ा। पंचायत के नोडल वीएलई विवेक कुमार रवानी ने बताया कि सुबह से ही लिंक की समस्या रहीं। जिस कारण मात्र एक लाभुक का ही आवेदन ऑनलाइन एंट्री किया गया। जबकि, सैंकड़ों की संख्या में आवेदन मिलें हैं। वहीं ग्रामीण महिलाओं का कहना हैं कि वे घर का काम छोड़ आवेदन जना करने पहुंची थीं। लेकिन पहले ही दिन लिंक फेल की समस्या से परेशान होना पड़ा।

### महुदा और कतरास में भी लिंक फेल, साइट नहीं खुलने से निराश होकर लौटी महिलाएं



**महुदा/कतरास (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना 'मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना' को लेकर पदुगोड़ा पंचायत सचिवालय में शनिवार को शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ मुखिया महेश पटवारी ने किया। इस दौरान सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं अपने-अपने पोषक क्षेत्रों के आवेदकों को लेकर पंचायत सचिवालय पहुंची थी। पहले दिन पंचायत में महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। पर जैसे ही ऑपरेटर ने साइट खोलना चाहा, तो वह खुला ही नहीं, इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं कई लोग निराश होकर वापस लौट गए। बताया जा रहा कि आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं को योजना का फॉर्म लाभार्थियों के घर-घर पहुंचने का निर्देश दिया गया था। पर जब फार्म घर-घर नहीं पहुंचा तो लाभार्थी खुद ही फॉर्म लेकर भरते नजर आये। एक आंगनबाड़ी केंद्र से 25 लाभार्थियों को फार्म दिया जा रहा है, जबकि एक आंगनबाड़ी केंद्र में लगभग 100 से 200 महिलाएं हैं। उधर, डीआरडीए के निदेशक राजीव रंजन एवं बाघमारा बीडीओ डॉ सुषमा आंनद ने महुदा स्थित पादुगोड़ा पंचायत सचिवालय पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया। दूसरी ओर, बाघमारा प्रखंड के अधिकारियों ने धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 1, 2 व 3 के कतरास अंचल कार्यालय व वार्ड संख्या 4 व 5 का छाताबाद सचिवालय में शिविर लगा कर 21 वर्ष से 50 वर्ष उम्र तक की महिलाओं को योजना के तहत फार्म जमा करने को कहा गया। बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंच भी गयी। पर कंप्यूटर में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का साइड ही नहीं खुला, जिससे हजारों महिलाएं निराश होकर वापस लौट गयीं। इसकी जिसकी सूचना मिलने पर बाघमारा सीओ रवि भूषण प्रसाद भी मौके पर पहुंच गये और जांच की। वार्ड नंबर 5 के राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि व्यवस्था में कमी के कारण शिविर का लाभ महिला लाभुकों को नहीं मिल पाया।

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2024 में स्थानीय स्तर पर रोजगार पाने का है सुनहरा अवसर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण व कौशल विकास विभाग के अंतर्गत राज्य के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का नया अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से धनबाद जिले में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 2250 पदों पर नियुक्ति होगी। इच्छुक अभियार्थी इस रोजगार मेला में जरूरी दस्तावेजों के साथ शामिल हो सकते है। दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला सात अगस्त को बरटांड़ स्थित अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक लगेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में भाग लेने को इच्छुक आवेदक का झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधन होना आवश्यक है। आवेदक शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज्ज फोटो, नियोजनालय का निबंध कार्ड, अपना बायोडाटा व स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ आना होगा। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी प्रकार की यात्रा भत्ता नहीं मिलेगा।

# धनबाद के खदान वाले इलाकों में पानी भरने का खतरा मंडराया

## अभी इससे माइंस को कोई खतरा नहीं : पीके मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पूरे झारखंड में दो दिन से लगातार हुई बारिश से प्रदेश की कई नदियां उफान पर है। इन नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। जिसमें पानी तेज प्रवाह में बह रहा है। धनबाद के माटिगढ़ जमुनिया नदी भी उफान पर है। डैम में पानी बढ़ गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने से धनबाद के खदान वाले इलाकों में पानी भरने का खतरा मंडरा रहा है। हालांकि बीसीसीएल के अधिकारी इसको लेकर लगातार नजर बनाए हुए हैं। बीसीसीएल एरिया-1 दामोदा कोलियरी के अधिकारी डैम का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने इसकी जांच की। कहा कि नदी के उफान से माइंस को फिलहात तो कोई खतरा नहीं है। अधिकारी पीके मेहता ने बताया कि दो दिन से लगातार बारिश हुई है, जिसे लेकर वे डैम का निरीक्षण करने पहुंचे हैं कि उसका पानी कितना बढ़ा है। अब तक के जलस्तर को देखकर लगता है कि अभी इससे माइंस को कोई खतरा तो नहीं है। वहीं नदी और डैम के आसपास पानी के तेज बहाव में कुछ स्थानीय इस तेज बहाव में मछली पकड़ने में जुटे हैं। वो अपनी जान जोखिम में डालकर पानी में जाल फेंककर मछली पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसको लेकर बीसीसीएल अधिकारी ने उनसे अपील की कि जो युवक तेज बहाव में मछली पकड़ रहे हैं उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। ऐसे समय में पानी से दूरी बनाना चाहिये। यहां किसी सुरक्षा गार्ड की कोई तैनाती नहीं है। लोगों को पानी की तरफ जाने से रोकने का काम जिला पुलिस प्रशासन की है। उन्होंने लोगों से केवल अपील की कि नदी का बहाव तेज है तो खतरा मोल नहीं लें।

### दामोदर नदी में आयी बाढ़ ने रोकी झरिया और आसपास के क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति

**झरिया (आजाद सिपाही)।** पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाद तेनुघाट डंप परियोजना से दामोदर नदी में पानी छोड़ दिया गया है। जिससे दामोदर नदी उफान पर है। जल संयंत्र केंद्र के इंटेक भल्ब सहित उपकरण नदी में डूब गए हैं। नदी का बहाव काफी तेज होने के कारण गोताखोर इंटेक भल्ब में फसे कचड़े की सफाई नहीं कर पा रहे हैं। दूसरी ओर, संयंत्र केंद्र स्थित 9 एवं 12 एमजीडी प्लांट में पानी की आपूर्ति बंद कर दी गयी है। जिस कारण झरिया व आसपास के छह लाख की आबादी के समक्ष पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। नदी में स्थाई कोई भी व्यवस्था नहीं है। वहीं, जल कार्य अधिकारी आशुतोष राणा ने बताया कि नदी में बाढ़ की स्थिति है, जिससे इंटेक भल्ब में कचड़ा भर गया है। नदी का जलस्तर घटने पर ही भल्ब की सफाई होगी, उसके बाद पानी की आपूर्ति की जायेगी।

## अभाविप की दो-दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक का शुभारंभ

# शिक्षा की पवित्रता को बनाये रखना अत्यंत महत्वपूर्ण: याज्ञवल्क्य शुक्ल

**पेरिस ओलंपिक में बॉक्सिंग मुकाबले के दौरान महिलाओं का अपमान निंदनीय : अभाविप**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गिरिडीह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की दो दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक का शुभारंभ शनिवार की सुबह पावनतीर्थ श्री सम्मेद शिखर जी, पारसनाथ में हुआ। जिसका उद्घाटन विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान द्वारा मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक के पहले दिन देश में आयोजित विद्यार्थी परिषद के प्रांत अभ्यास वर्गों के दौरान विभिन्न नए प्रयोगों, पर्यावरण गतिविधियों से विद्यार्थियों से जोड़ने के लिए विद्यार्थी परिषद के प्रयास, देश की वर्तमान शैक्षणिक तथा सामाजिक स्थिति, विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों आदि विषयों पर चर्चा हुई। अभाविप की पारसनाथ केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में पेरिस ओलंपिक के दौरान महिला बॉक्सिंग मुकाबले के दौरान महिला वर्ग के अपमान का विषय प्रमुखता से उठा। वक्ताओं ने कहा कि पेरिस ओलंपिक-2024 के दौरान इटली की अंजेला करीनी और अल्जीरिया की इमान खलीफ के बीच हुआ मुकाबला निकृष्ट वोकिज्म का उदाहरण है, महिला वर्ग के मुकाबले में बॉयोलाजिकल पुरूष को उतारना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और महिलाओं को अपमानित करने वाला है। वहीं, अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही ने कहा कि भारतीय परंपरा में जैन दर्शन का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दे बेहद अहम हैं। अपने आचरण से जैन मुनियों ने पर्यावरण के प्रति नागरिकों को सचेत और संवेदनशील किया है। पारसनाथ जैसे विशिष्ट स्थान पर आयोजित हो रही विद्यार्थी परिषद की बैठक नए दिशासूत्रों को खोजने वाली सिद्ध होगी। वहीं, अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि वर्तमान में विभिन्न परीक्षाओं के आयोजन के दौरान पारदर्शिता के विषय में लगातार प्रश्न उठे हैं। शिक्षा की पवित्रता को बनाए रखने और परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में व्यवस्थागत परिवर्तन आवश्यक है, जिससे इस एजेंसी द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षाएं बिना किसी समस्या के आयोजित हो सकें। वहीं, कोचिंग को लेकर कहा कि कोचिंग क्षेत्र के नियमन को लेकर शीघ्र कदम उठाने की आवश्यकता है।

**समाहरणालय, सिमडेगा**
**(जिला समाज कल्याण शाखा)**

पत्रांक....................../दिनांक...............

**संविदा आधारित नियुक्ति हेतु सूचना**

सिमडेगा जिले में अवस्थित बाल सम्प्रेक्षण गृह (अधिसूचित सुरक्षा का स्थान) के सृजित पद समूहों के विरूद्ध समेकित बाल संरक्षण योजना (ICPS) के चिन्हित पदों के अनुसार संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक एवं आहर्ताधारी व्यक्तियों से निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | पदनाम | पदों की संख्या | वित्त विभागीय संकल्प सं0–965/वि0 दिनांक–25.03.2009 एवं संकल्प सं0– 2176/वि0 दिनांक– 28.7.2015 के आलोक में निर्धारित संविदागत पारिश्रमिक राशि | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अधीक्षक | 01 | 28755 | स्नातकोतर |
| 2. | गृहपति | 01 | 16188 | स्नातक |
| 3 | परामर्शी | 01 | 31311 | स्नातकोत्तर (समाजविज्ञान/मनोविज्ञान) |

1. वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 4569/वि0 दिनांक– 05.07.2002 में निहित शर्तों/प्रक्रिया, योजना–सह–वित विभाग एवं कार्मिक, प्राासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत मार्ग–निदेशों के आलोक में संविदा आधारित नियुक्ति की कार्रवाई की जायेगी।

नियुक्ति से संबंधित विस्तृत सूचना एवं विहित आवेदन प्रपत्र जिला समाज कल्याण, सिमडेगा के सूचनाफलक पर प्रदर्शित किये जायेगें एवं सिमडेगा जिला के वेबसाइट www.simdega.nic पर उपलब्ध है।

PR 331766 Women, Child Development & Social Security(24-25)#D

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा। उप विकास आयुक्त, सिमडेगा उपायुक्त, सिमडेगा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–21/2024–.25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम — कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 12.08.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 13.08.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.08.2024 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | E//R To Executive Engineer Residence at Hazaribag for the year 2023-24 | 606300/- | 13000/- | 1250/- | 1 माह |
| 2 | Campus Development to Executive Engineer Residence at Hazaribag for the year of 2023-24 | 1304600/- | 27000/- | 2500/- | 1 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 331738 (Building) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), सिमडेगा**
दूरभाष :– 06525299951, वेबसाईट :– www.atmasimdega.org
E-Mail :- atma_simdega@yahoo.in

**किसान समृद्धि योजना**

विज्ञापन

**योजना**
- 2HP सौर ऊर्जा आधारित चलंत सिंचाई इकाई
- 5HP सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट उद्वह सिंचाई इकाई

**अर्हता**
- व्यक्तिगत किसान/कृषक समूह/FPO/FPC/LAMPS/PACS के सदस्य शेयर होल्डर–झारखण्ड राज्य का स्थानीय होना चाहिए।
- कृषक समूह/महिला स्वंय सहायता समूह JSLPS पंजीकृत FPO/FPC/LAMPS/PACS का पंजीकृत कार्यालय झारखण्ड राज्य में होना चाहिए।
- किसान/सदस्य/शेयर होल्डर की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
- किसान/सदस्य/शेयर होल्डर के पास वैध आधार कार्ड होना चाहिए।
- एक परिवार से एक ही सदस्य पात्र होंगे।
- किसान/परिवार/समूह के सदस्य के पास जल स्रोत एवं जमीन होने का प्रमाण होना चाहिए।
- आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर होना चाहिए।
- आधार लिंक्ड राशन कार्ड होना चाहिए।

**दस्तावेज**

1. व्यक्तिगत किसान
- जमीन का मालगुजारी रसीद
- वंशावली का शपथ पत्र/ JRFRY से अनुबंधित किसान।
- आधार कार्ड का फोटो कॉपी
- बैंक पासबुक का फोटो कॉपी
- आधार लिंक्ड मोबाईल नम्बर

2. कृषक समूह/स्वंय सहायता समूह/ FPO/FPC/LAMPS/PACS
- संस्था पंजीकरण का प्रमाण–पत्र
- अध्यक्ष/सक्षम पदाधिकारी का आधार कार्ड तथा आधार लिंक मोबाईल नम्बर
- यूजर ग्रुप के सदस्यों का आधार कार्ड
- जिस भूमि के लिए आवेदन किया गया है, उस भूमि का मालगुजारी रसीद
- संस्था का बैंक खाता

**अनुदान**
- 90% अनुदान (झारखण्ड सरकार द्वारा)
- 10% अंशदान कृषकों/कृषक समूह/स्वंय सहायता समूह/FPO/FPC/LAMPS/PACS
- किसान समृद्धि योजना में सौर पम्पसेट के अधिष्ठापन/क्रय हेतु राज्य स्तर पर निविदा प्रक्रियाधीन है निविदा के उपरांत अंशदान की राशि झारखण्ड राज्य के सभी जिलों में आत्मा की बेवसाईट के माध्यम से सूचना दे दी जायेगी।

**कहाँ करे आवेदन**

अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक के पास ग्राम सभा से परित आवेदन जमा करे।

PR 331692 Agriculture(24-25)#D

परियोजना निदेशक
आत्मा,सिमडेगा

## मुख्यमंत्री ने भुवनेश्वर कैपिटल हॉस्पिटल का दौरा किया

# कैपिटल हॉस्पिटल को और आधुनिक बनाया जायेगा : मोहन चरण माझी

- मरीजों की देखभाल में सुधार लाने और उनके प्रति अधिक संवेदनशील होने के परामर्श दिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार शाम को भुवनेश्वर कैपिटल हॉस्पिटल का दौरा किया और रात में मरीजों की देखभाल कैसे की जा रही है, इसकी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने रोगियों के साथ बातचीत की और उनके रहना, भोजन और परिचारकों के लिए सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। उन्होंने अस्पताल में स्वच्छता सुविधाओं के बारे में भी पूछताछ की।

मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि कैपिटल हॉस्पिटल को और आधुनिक बनाया जायेगा तथा मरीजों के लिए और अधिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। उन्होंने अस्पताल में मरीजों की देखभाल में और सुधार करने तथा डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों को मरीजों के प्रति अधिक संवेदनशील होने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर निदेशक दिल्लिप कुमार पंडा उपस्थित थे। उन्होंने अस्पताल के अस्थायी कर्मचारियों से भी बातचीत की और उनके वेतन के बारे में पूछताछ की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नयी बढ़ी हुई वेतन मिलने के बाद उनकी आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने रोगियों की देखभाल जैसे महान कार्य के प्रति उनके समर्पण के लिए उनकी सराहना की।

# बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना जारी रहेगी : स्वास्थ्य मंत्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में नयी सरकार के गठन के बाद से ही लोगों के मन में एक सवाल है कि बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना का भविष्य क्या होगा। राज्य में नयी बीजेपी सरकार के शपथ लेने से 2 दिन पहले इसे लेकर असमंजस की स्थिति थी। उस समय प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल ने स्पष्ट किया था कि बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना सक्रिय है और सभी सरकारी एवं संबद्ध निजी अस्पतालों को नियमानुसार स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करानी होगी। हालांकि स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग ने शनिवार को कहा कि राज्य में बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना लागू है। उन्होंने कहा कि वर्तमान बजट में परिकल्पित गोपबंधु जन आरोग्य योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जायेगा और लाभार्थियों को नये कार्ड जारी किये जायेंगे। नयी स्वास्थ्य योजना के कार्यान्वयन तक बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना के काम करने की उम्मीद है।

# भुवनेश्वर से दुर्गापुर के लिए फ्लाइट 30 से उड़ान भरेगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 30 अगस्त से भुवनेश्वर बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पश्चिम बंगाल दुर्गापुर के लिए उड़ानें शुरू होंगी। इंडिगो फ्लाइट भुवनेश्वर से दैनिक उड़ानें संचालित करेगी। इंडिगो की फ्लाइट भुवनेश्वर एयरपोर्ट से सुबह 11:15 बजे शुरू होगी और दोपहर 12:55 बजे दुर्गापुर पहुंचेगी। इसी तरह उड़ान शाम 4:35 बजे दुर्गापुर से शुरू होगी और शाम 6:15 बजे भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर पहुंचेगी। साथ ही भुवनेश्वर से बागडोगरा के लिए सप्ताह में चार दिन और भुवनेश्वर से गुवाहाटी के लिए सप्ताह में तीन दिन उड़ानें संचालित होंगी। दुर्गापुर एयरपोर्ट के निदेशक कैलाश मंडल ने यह जानकारी दी।

# वियतनाम विश्वविद्यालय के 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने किया सोआ का दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वियतनाम के हो ची मिन शहर में साइगॉन अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा, जो 31 जुलाई को शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (सोआ) की 4 दिवसीय यात्रा पर आयी थी। शनिवार को समाप्त हो गयी। विश्वविद्यालय के उप निदेशक डॉ फुक मिन हीप के नेतृत्व में टीम ने शनिवार को सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मनोजरंजन नायक से मुलाकात की और चर्चा की। इस अवसर पर साइगॉन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के डेटा साइंस विभाग के प्रमुख डॉ डाओ वान तूएट भी उपस्थित थे।

सोआ में विभिन्न संस्थानों का दौरा करने के बाद प्रतिनिधिमंडल ने यहां उपलब्ध सुविधाओं और अवसरों पर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिनिधिमंडल को दिए गए आतिथ्य पर भी प्रसन्नता व्यक्त की, जबकि सोआ के मेडिकल कॉलेज और अनुसंधान केंद्र जीनोमिक्स, जैव-सूचना विज्ञान, फार्मास्यूटिकल्स, डेटा विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर ध्यान केंद्रित करते हैं। डॉ हीप ने कहा कि एसआइयू इन सभी विषयों पर सोआ के साथ शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए भी उत्सुक है।

वियतनाम प्रतिनिधिमंडल ने सोआ के विभिन्न विभागों के संकायों के साथ बातचीत की और प्रशिक्षण सुविधाओं का भी दौरा किया। प्रो. (डॉ) नायक ने कहा कि एसआइयू को सोआ के सहयोग से एक कार्ययोजना तैयार करने की जरूरत है। विश्वविद्यालय आउटरीच कार्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय संबंध के निदेशक प्रोफेसर नचिकेता के शर्मा भी उपस्थित थे। भुवनेश्वर पहुंचने के बाद डॉ हिप्प और अन्य प्रतिनिधिमंडल ने सोआ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंद और अन्य वरिष्ठ प्रोफेसरों, शोधकर्ताओं और कर्मचारियों के साथ बातचीत की। प्रतिनिधिमंडल ने भुवनेश्वर के विभिन्न ऐतिहासिक स्थानों का दौरा किया।

# झारसुगुड़ा में ब्लास्ट फर्नेस में गिर कर मजदूर जिंदा जला

**झारसुगुड़ा (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के झारसुगुड़ा जिले में एक प्लांट में ब्लास्ट फर्नेस में गिर कर एक मजदूर की मौत हो गयी। यह घटना एक निजी कंपनी के प्लांट की है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेलवे, गोमो सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई.निविदा सं **GEM/2024/B/5206812** हेतु खुला ई. निविदा आमंत्रित करती है। विवरण निम्नलिखित है। 1. कार्य का नाम तथा स्थान : रेलवे के मटेरियल/उपकरण के परिवहन हेतु विद्युत लोको शेड, गोमो से आवागमन हेतु परिवहन कार्यकलाप को उपयुक्त ट्रक से 2 साल के लिए किराये पर लेना। स्थान : विद्युत लोको शेड, गोमो। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹1,35,45,086.00 (एक करोड़ पैंतीस लाख पैंतालीस हजार छियासी रूपये मात्र)। 3. अग्रधन राशि : ₹2,17,730.00 (दो लाख सत्रह हजार सात सौ तीस रूपये मात्र)। 4. निविदा जमा करने तथा बंद होने की तिथि तथा समय : 01.08.2024 से 23.08.2024 को 15:30 बजे निविदा बंद होने तक। 5. वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा दस्तावेज उपलब्ध है : जेम वेबसाइट www.gem.gov.in, निविदा भरने वाले उनका मूल या परिशोधित बिड (निविदा प्रस्ताव) केवल इसी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुवल (हस्तनिर्मित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है तथा ऐसे किसी भी मैनुवल निविदा प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। सम्पूर्ण विस्तृत निविदा देखने के लिए सूचना पट्ट की स्थिति : विद्युत लोको शेड, गोमो का सूचना पट्ट।

वरीय मंडल विद्युत अभियंता,
टी.आर.एस./पूमरे/गोमो

पीआर/00822/डीएचएन/ईटीआरएस/टी/24-25/40

# केरल भूस्खलन में मृत डॉ बिष्णु का पार्थिव शरीर भुवनेश्वर पहुंचा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वायनाड में भूस्खलन की त्रासदी में मारे गये डॉ बिष्णु प्रसाद चिन्नारा का पार्थिव शरीर आज शाम ओडिशा के भुवनेश्वर पहुंचा। उनके दोस्तों, रिश्तेदारों और अन्य लोगों ने डॉक्टर के अंतिम दर्शन किये। रिपोर्ट के अनुसार डॉ बिष्णु का पार्थिव शरीर शनिवार शाम करीब 7 बजे ओडिशा की राजधानी पहुंचा। जिस एंबुलेंस में पार्थिव शरीर रखा गया था, जैसे ही वह उत्कल विश्वविद्यालय के सामने पहुंचा, उनके दोस्तों, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों और अन्य लोगों सहित कई लोगों ने पार्थिव शरीर को अंतिम बार देखा। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को भुवनेश्वर के हाईटेक अस्पताल ले जाया गया। वहां उनके अंतिम दर्शन के बाद उन्हें कटक चौद्वार ले जाया जायेगा। वहां से उन्हें अंतिम संस्कार के लिए पुरी ले जाया जायेगा।

# नवीन पटनायक ने डॉ अविनाश की पुस्तक का विमोचन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पुस्तक 'दशम श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराजः कलाम ए कमाल पातशाही 10' दसवें सिख गुरुः साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की अविश्वसनीय लेखनी पर डॉ. अविनाश महापात्रा का एक कठोर शोध कार्य है। इस साहित्यिक कृति का विमोचन भारत के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले, बीजू जनता दल के अध्यक्ष और विपक्ष के नेता श्री नवीन पटनायक द्वारा 2 अगस्त को उनके भुवनेश्वर स्थित आवासः नवीन निवास पर किया गया। डॉ महापात्रा की यह कृति अपनी तरह की पहली कृति है, जिसकी प्रस्तावना सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब जी (स्वर्ण मंदिर, श्री अमृतसर साहिब) के मुख्य ग्रंथी (पुजारी) और माननीय जत्थेदार साहिब (ओं) के साथ-साथ शिरोमणि पंथ अकाली बुद्ध दल (96 करोड़ी पंजवा तख्त), श्री मिस्ल शहीदान तरना दल (श्री बाबा बकाला साहिब), दल बाबा बिधि चंद साहिब जी (सूर सिंह), डेरा धर्म धूजा निर्मल अखाड़े के मुकामी महंत और युवा सेवाओं के सहायक निदेशक (पंजाब सरकार) के विद्वानों द्वारा लिखी गयी है। इसके अतिरिक्त, इस बेमिसाल साहित्यिक कृति के प्रकाशन की बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन ने भी बहुत प्रशंसा की है, जिन्होंने डॉ अविनाश महापात्रा को अनंत शुभकामनाएं दी हैं।

पुस्तक विमोचन के अवसर पर नवीन पटनायक ने डॉ महापात्रा की भरपूर प्रशंसा की तथा उनकी सफलता की कामना की।










## मुख्यमंत्री ने राज्य में शिल्प परियोजनाओं की समीक्षा की

# क्योंझर में मेगा स्टील प्लांट स्थापित करने के लिए टास्क फोर्स का गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को लोक सेवा भवन में राज्य के औद्योगिक क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा की और अधिक नियुक्ति पैदा करने वाले क्षेत्रों को महत्व देने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में राज्य में 3.5 लाख रोजगार के अवसर पैदा करना है। कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में रोजगार की अधिक संभावनाएं हैं। इसलिए उन्होंने इस बात पर ध्यान देने की सलाह दी कि इन सभी क्षेत्रों में और अधिक उद्योग कैसे स्थापित किये जा सकते हैं। उन्होंने इन सभी क्षेत्रों में उड़िया उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने की भी सलाह दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि क्योंझर जैसे खनिज समृद्ध जिले में कोई मेगा स्टील प्लांट नहीं लगाया गया है। जिले में खनिज संसाधन, भूमि, पानी, बिजली, संचार सुविधाएं और सभी संबंधित बुनियादी सुविधाएं हैं। इसलिए उन्होंने वहां मेगा स्टील प्लांट लगाने के प्रयास तेज करने का निर्देश दिया। यह निर्णय लिया गया कि विभिन्न इच्छुक उद्योगों के साथ क्योंझर में मेगा स्टील प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स का गठन किया जायेगा। बैठक के दौरान, प्रमुख सचिव उद्योग हेमंत शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने में हुई प्रगति पर एक प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि 2016 से अब तक सिंगल विंडो अथॉरिटी द्वारा 674 परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है, जबकि राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए 989 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 352 परियोजनाओं को जमीन सौंप दी गयी है। इसके अलावा 183 प्रोजेक्ट उद्योगों की स्थापना के लिए काम शुरू कर दिया गया है। 74 उद्योग संचालित हो चुके हैं। राज्य में 12 विदेशी निवेश प्रस्ताव भी हैं। श्री शर्मा ने कहा कि उद्योग विभाग 41 प्रमुख निवेश प्रस्तावों को लागू करने का प्रयास कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उद्योग स्थापित करने की अपार संभावनाएं हैं। इस संबंध में उन्होंने कहा कि सरकार के सभी संबंधित विभागों को प्रक्रिया में तेजी लाने और सरकारी स्तर पर उद्योगों को उनकी सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उचित अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है।

उद्योग मंत्री संपद चरण स्वाइं, प्रमुख शासन सचिव मनोज आहूजा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव निकुंज बिहारी धल, वित्त विभाग के प्रधान शासन सचिव शास्वत मिश्र, इपिकाल के प्रबंध निदेशक भूपेंद्र सिंह पुनिया एवं बैठक में उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**